आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 177 | उज्जैन, रविवार 12 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# वियतनाम में टूरिस्ट बोट पलटने से 15 भारतीयों की मौत

## 21 लोगों को बचा लिया गया, 32 भारतीय सवार थे, इनमें ज्यादातर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पर्यटक

एजेंसी ▸▸ हनोई

वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को बोट पलट गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इनमें से 32 भारतीय थे। 15 भारतीयों की मौत हो गई। ज्यादातर तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पर्यटक थे। बोट पर कुल 4 क्रू मेंबर्स समेत 36 लोग सवार थे। 21 लोगों को बचा लिया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हादसा सुबह 10.30 बजे हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे की वजह समुद्र की ऊंची लहरें हो सकती हैं। जो वीडियो सामने आए, उनमें लहरें उठती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि टूरिस्ट लाइफ जैकेट नहीं पहने हुए थे। नाव जब पलटी तो टूरिस्ट नाव के नीचे फंस गए।



फु क्वोक द्वीप से रवाना हुई थी नाव

बोट भारतीय पर्यटकों को फु क्वोक द्वीप के पास स्थित होन मे रुट से न्गोआई द्वीप घुमाने ले जा रही थी, लेकिन यह तट से लगभग 400 मीटर पहले ही पलट गई। न्गोआई द्वीप अपने साफ समुद्र, छोटे बीच और कोरल रीफ डाइविंग के लिए मशहूर है। यहां पहुंचने के लिए पर्यटक आमतौर पर एन थोई बंदरगाह से बोट या स्पीडबोट किराये पर लेते हैं।

### हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।
- प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत का दूतावास और वाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद पहुंचा रहे हैं। भारतीय अधिकारी वियतनाम के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

### हेल्पलाइन नंबर जारी कंट्रोल रूम बनाया

इंडियन एंबेसी ने बताया कि यात्रियों की मदद के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। इससे संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर +84 36 281 7930, +84 91 552 37 14 और +84 33 452 0414 जारी किए गए हैं।

### 32 भारतीयों में 2 महिलाएं भी बोट में सवार थी

वियतनाम में भारतीय दूतावास ने बोट में सवार भारतीयों के नाम जारी किए हैं। इसमें 2 महिलाएं भी शामिल है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, 3 आंध्र प्रदेश के नागरिक घायल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आलीराजपुर जिले के बोरी क्षेत्र में हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट

# गैंगरेप कर विधवा महिला के प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाली, एक किलो चांदी भी ले गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर जिले के बोरी क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हथियारबंद बदमाशों ने एक विधवा महिला के घर में घुसकर लूटपाट की। बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर गैंगरेप किया। इस दौरान उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाल दी। पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। निष्पक्ष जांच, आर्थिक मदद और थाना प्रभारी को हटाने की मांग की की जा रही है। वहीं, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को एसपी ने घटनास्थल का दौरा कर अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



### 8 किलो चांदी की तलाश में घर खोद डाला

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 8 से 10 हथियारबंद बदमाश दरवाजा तोड़कर पीड़ित महिला के घर में घुस गए। बदमाशों ने हथियारों के दम पर महिला को बंधक बनाया और निर्वस्त्र कर दिया। बदमाशों को शक था कि महिला ने घर में 8 किलोग्राम चांदी छिपा रखी है। डरी-सहमी महिला ने अपने पास की 1 किलोग्राम चांदी उन्हें सौंप दी, लेकिन वे बाकी चांदी की मांग पर अड़े रहे। चांदी की तलाश में बदमाशों ने घर का सामान बिखेर दिया और घर में तीन से चार जगह खुदाई की।

### निष्पक्ष जांच, आर्थिक मदद और थाना प्रभारी को हटाने की मांग

वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। बोरी थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता महेश पटेल ने इसे मानवता को शर्मसार करने वाला अपराध बताते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चेतावनी महेश पटेल ने कहा कि अगर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई और थाना प्रभारी को हटाने की मांग पर अमल नहीं हुआ, तो आदिवासी विकास परिषद पूरे जिले में व्यापक जन आंदोलन करेगी।

## मैं 25 साल पुराना मफलर पहनकर आया : पीएम मोदी



एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

पीएम मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने करीब तीन दशक पुराना किस्सा सुनाया। पीएम ने कहा- 25-30 साल पहले जब मैं किसी सरकार का हिस्सा नहीं था, तब मुझे यहां आने का मौका मिला था। उस समय मुझे किसी ने गिफ्ट में 3 चीजें दीं, जो मैं भारत लेकर गया। एक- मफलर, दूसरी- कैप और तीसरा- एक सेट दस्ताना। उसमें भी एक चीज मैं अभी यहां इस कार्यक्रम में भी लेकर आया हूं।

# वंदे भारत ट्रेन में सफर कर रहे डॉक्टर ने बचाई टीटीई की जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे आरक्षण में चिकित्सकों को प्राथमिकता देने का उद्देश्य नागपुर से इंदौर आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस में सफल हुआ है। ट्रेन में सफर कर रहे नागपुर निवासी डॉक्टर अनूप शर्मा ने ट्रेन के सी-9 कोच में तैनात पश्चिम रेल्वे, रतलाम मंडल में कार्यरत टीटीई महेश त्यागी की जान बचाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागपुर निवासी डॉक्टर अनूप शर्मा अपने निजी कार्य से 9 जुलाई को नागपुर इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस से इंदौर जा रहे थे। वे ट्रेन के सी-3 कोच में सफर कर रहे थे। ट्रेन के पांढुर्णा और बैतूल के बीच पहुंचने पर सी-9 कोच में तैनात पश्चिम रेल्वे, रतलाम मंडल में कार्यरत टीटीई महेश त्यागी की अचानक तबियत बिगड़ गई। उन्हें काफी पसीना, छाती में दर्द, बदन में दर्द, चक्कर की शिकायत हो रही थी। उनके सहयोगी टीटीई ने ट्रेन में डॉक्टर की तलाश शुरू की। डॉक्टर अनूप शर्मा से संपर्क होते ही उन्हें इस बारे में बताया। डॉक्टर अनूप शर्मा ने तुरंत सी-9 कोच में जाकर टीटीई त्यागी की जांच की। फौरन उन्हें एक्यूप्रेशर दिया। साथ ही कुछ दवाई लिख कर दी। ट्रेन के बैतूल पहुंचते ही यह दवाई ट्रेन में स्टेशन मास्टर के सहयोग से पहुंची। दवा तुरंत टीटीई महेश त्यागी को दी गई। टीटीई की स्थिति में सुधार आया। डॉक्टर शर्मा को इंदौर जाना था, ऐसे में उन्होंने टीटीई की जांच बराबर की। देर रात तक टीटीई की स्थिति सामान्य हो गई । डाक्टर शर्मा की सेवा के लिए उन्हें अन्य यात्रियों की काफी सराहना मिली एवं सम्मान भी।

## पिता खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: ईरानी सुप्रीम लीडर

### ट्रम्प बोले- ईरान पर 1000 मिसाइलें तानीं मुझे मारने की कोशिश की तो तबाह कर देंगे



एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के बाद पहली बार संदेश जारी किया। अल जजीरा के मुताबिक, उन्होंने कहा- ह्यमैं अपने पिता के बेगुनाह खून का बदला जरूर लूंगा,यह ही हमारे देश की भी इच्छा है।

मुजतबा ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए लाखों लोगों का आभार जताया और अपने पिता को श्रद्धांजलि भी दी । उन्होंने कहा कि लोगों की भारी मौजूदगी ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया और यह एक ऐतिहासिक पल था।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा। ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने लिखा कि ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी।

शताब्दी एक्सप्रेस में भोपाल आ रहे यात्रियों को

# एक्सपायरी ब्रेड परोसने से कई लोगों को फूड पॉइजनिंग की आशंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



नई दिल्ली-रानी कमलापति (भोपाल) शताब्दी एक्सप्रेस में शनिवार सुबह यात्रियों की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को नाश्ते में एक्सपायरी (अवधि पार) ब्रेड परोस दी गई।

इस लापरवाही के कारण छोटे बच्चों समेत कई यात्रियों को फूड पॉइजनिंग होने की आशंका जताई जा रही है। घटना से गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन में हंगामा किया और 'रेल मदद' ऐप सहित ऑनलाइन उपभोक्ता आयोग (कंज्यूमर कमीशन) पोर्टल पर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शताब्दी जैसी वीआईपी ट्रेन में खानपान के इस बेहद निचले स्तर पर जब आईआरसीटीसी के अधिकारी स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई का आश्वासन देने के बजाय पल्ला झाड़ रहे हैं।

### ब्रेड खाने के बाद तारीख पर नजर गई

जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना ट्रेन के सी-4 कोच में सामने आई, जिसमें करीब 74 यात्री सफर कर रहे थे। सुबह जब कैटरिंग स्टाफ ने सभी को नाश्ता दिया, तो अधिकांश यात्री ब्रेड खा चुके थे। इसी दौरान पीछे बैठे एक यात्री की नजर पैकेट पर छपी 'यूज बाय' डेट पर गई, जिस पर 10 जुलाई 2026 लिखा हुआ था, जबकि शनिवार को 11 जुलाई 2026 थी। यानी ब्रेड एक दिन पहले ही एक्सपायर हो चुकी थी। यह बात फैलते ही पूरे कोच में हड़कंप मच गया और यात्रियों में फूड पॉइजनिंग के डर से हड़कंप साफ देखा गया।

दतिया विधानसभा सीट पर नरोत्तम का टिकट कटने पर हिंसा

# एसपी समेत आठ पुलिसकर्मी घायल

## सीएम मोहन बोले- भगवान की दया है, इस बार भी दतिया चुनाव जीतेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ दतिया

प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को चुनाव होना है। यहां से भाजपा ने आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। शुक्रवार शाम यह खबर फैलते ही प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समर्थक भड़क गए। उन्होंने हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ देर में पथराव, चक्काजाम और पुलिस से झड़प शुरू हो गई।

शनिवार सुबह प्रशासन ने पूरे जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी। इसके तहत बिना अनुमति किसी भी सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और सार्वजनिक आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही 5 या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर भी रोक लगा दी गई है। वहीं, उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- भगवान की दया है। अब तक जीत का सिलसिला जारी है। दतिया उपचुनाव भी जीतेंगे।



### हालात बिगड़ने पर अतिरिक्त बल तैनात

शनिवार सुबह करीब 4.30 बजे हुए पथराव में एसपी, एसडीओपी और आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं नरोत्तम मिश्रा के कुछ समर्थकों के भी घायल होने की सूचना है। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने अतिरिक्त बल तैनात किया। बताया गया कि कुछ समर्थकों ने भाजपा कार्यालय में खुद को बंद कर लिया था, जिन्हें बाद में प्रशासन की समझाइश के बाद बाहर निकाला गया।

# रेप के आरोपी ने जमानत मिलते ही कर दी 6 हत्या

## पहले पत्नी और दो बच्चों, 17 साल की रेप पीड़ित, उसकी मां और नानी को भी मार डाला

एजेंसी ▸▸ तेलंगाना

तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में नाबालिग से रेप के एक आरोपी ने शुक्रवार रात जमानत पर बाहर आते ही 6 हत्याएं कर दीं। पहले उसने अपनी 30 साल की पत्नी, 4 साल और 18 महीने के दो बेटों की हत्या की।

इसके बाद वह करीब 6 किलोमीटर दूर दूसरे गांव पहुंचा। जहां उसने 17 साल की रेप पीड़ित, उसकी मां और नानी को भी मार दिया। लड़की ने 16 मई को पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। लड़की के मामा नरेश ने बताया, उसने मेरी चाची और भांजी की हत्या कर दी। उसने पहले भी लड़की को परेशान किया था और उस पर पास्को के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने धमकी दी थी वह एक-दो हफ्ते में पूरे परिवार को मार डालेगा।



मामला दर्ज होने के बाद भी उसे पूछताछ या रिमांड के लिए नहीं ले जाया गया। उसके परिवार को पता था कि वह कहां है, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। घटना के 20 दिन बाद हमने उन्हें फिर से बताया कि वह घूम रहा है और कह रहा है कि वह लड़की को मार डालेगा। उन्होंने कहा कि वे उसे ढूंढ रहे हैं। मामला दर्ज होने के सिर्फ दो दिन बाद ही वह जमानत पर बाहर आ गया था। उसने रिश्वत दी थी और मामला दबा दिया गया। अब उसने लड़की की हत्या कर दी है और यह सब पुलिस की लापरवाही की वजह से हुआ है। उन्हें सस्पेंड किया जाना चाहिए और आरोपी को हमारे हवाले कर देना चाहिए।

**यह सब पुलिस की लापरवाही की वजह से हुआ**

## देश विदेश

### 1600 सीरीज के कॉल को स्पैम नहीं बता सकेंगे ऐप

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 1600 और 140 नंबर सीरीज से आने वाली कॉलों को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। नियामक ने स्पष्ट किया है कि 1600 नंबर सीरीज से आने वाली कॉलों को कोई भी कॉलर आईडी या स्पैम पहचानने वाला ऐप स्पैम, फ्रॉड या अन्य किसी श्रेणी में टैग, ब्लॉक या फिल्टर नहीं कर सकता। ट्राई के अनुसार यह नंबर सीरीज सरकार और विनियमित संस्थाओं द्वारा नागरिकों तक महत्वपूर्ण सेवा एवं लेनदेन संबंधी सूचनाएं पहुंचाने के लिए निर्धारित की गई है, इसलिए इन कॉलों की विश्वसनीयता बनाए रखना आवश्यक है। ट्राई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि टेलीकॉम कमर्शियल कम्युनिकेशंस कस्टमर प्रेफरेंस रेगुलेशन के तहत 1600 सीरीज से आने वाली कॉलों पर किसी भी प्रकार की टैगिंग, फिल्टरिंग या ब्लॉकिंग की अनुमति नहीं है।

### 18 महीने के बच्चे को दिया एनेस्थीसिया, कुछ ही घंटे में मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के कन्नूर जिले के एक अस्पताल में एनेस्थीसिया यानी बेहोशी की दवा दिए जाने के बाद 18 महीने के बच्चे की मौत हो गई। परिवार द्वारा मेडिकल नेग्लिजेंस का आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने एक डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कन्नूर के एरामम-कुट्टूर निवासी टी. सूरज और विजीशा के इकलौते बेटे देवांश शौर्य को 5 जुलाई को घर के बाहर खेलते समय गिरने से होंठ पर कट लग गया था। शुरूआत में उसे प्राथमिक उपचार के लिए माथामंगलम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया था। इसके बाद, बच्चे को पयन्नूर स्थित बेबी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां एनेस्थीसिया देकर उसके घाव पर टांके लगाए गए। परिजनों का आरोप है कि एनेस्थीसिया देने के बाद बच्चा होश में ही नहीं आया।

### एटीएम को थार से बांधकर उखाड़ा बिना कैश निकाले छोड़कर भागे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले के तुड़ीगड़िया बाजार में फिल्मी तरीके से एटीएम लूटने की घटना सामने आई है। तीन से चार बदमाश शुक्रवार रात करीब 2 बजे काले रंग की महिंद्रा थार एसयूवी से इंडिया1 एटीएम कियोस्क आए। उन्होंने कियोस्क का दरवाजा तोड़ा और एटीएम को रस्सी से थार में बांधकर उखाड़ लिया। फिर एटीएम को सड़क पर घसीटते हुए ले जाने लगे, लेकिन रस्सी टूट गई। चोरों ने मशीन को उठाकर गाड़ी में रखने की कोशिश की लेकिन मशीन इतनी भारी थी कि उनसे नहीं उठ पाई। इसके बाद उन्होंने मशीन को फिर गाड़ी से बांधकर आगे घसीटा। सुनसान जगह पर पहुंचकर आरोपियों ने एटीएम को तोड़कर उसमें रखा कैश निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

### टीवी एक्टर रोहित चंदेल पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार



**मुंबई।** टीवी एक्टर रोहित चंदेल को नाबालिग से छेड़छाड़ करने और उसका पीछा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा उन पर मारपीट करने के आरोप भी लगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित के खिलाफ 10 जुलाई को पॉक्सो एक्ट के तहत शिकायत दर्ज हुई थी। 10 जुलाई को ही उन्हें दहिसर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। फिलहाल एक्टर कस्टडी में हैं। शुक्रवार को मुंबई के पूर्वी उपनगर की रहने वाली नाबालिग की शिकायत मिलने पर पंत नगर पुलिस स्टेशन ने एक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 (पीछा करना) और 115(2) (चोट पहुंचाने का इरादा) भी लगाई हैं। एक्टर पर आरोप हैं कि वह नाबालिग लड़की को अपने नंबर से कॉल कर बार-बार परेशान कर रहे थे। नाबालिग ने उनका फोन उठाना बंद किया, तो एक्टर दूसरे नंबर से बार-बार कॉल कर परेशान करने लगे।

### आईएनएस महेंद्रगिरि नौसेना में शामिल स्वदेशी मिसाइल-सेंसर से लैस

**विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना में शामिल किया। महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट-17ए की नीलगिरि कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) है। इसे बनाने में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। आईएनएस महेंद्रगिरि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस है। यह हवाई हमलों, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों से एक साथ मुकाबला करने में सक्षम है। यह हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आठ ड्रोन कंपनियों के समूह के साथ 'ड्रोन सिटी' विकसित की जा रही है।

### आईआरसीटीसी का नया पोर्टल 15 जुलाई को आएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे 15 जुलाई को आईआरसीटीसी वेबसाइट का नया बीटा वर्जन लॉन्च करने जा रहा है। इस अपडेटेड पोर्टल में ट्रेन टिकट बुकिंग के लिए कैप्चा और पॉप-अप्स का ऑप्शन हटा दिया गया है। इससे ऑनलाइन टिकट बुकिंग पहले आसान हो जाएगी, साथ ही समय भी कम लगेगा। इसके अलावा, एक ही स्क्रीन पर सभी क्लास की सीटों की अवेलेबलिटी भी दिखेगी। लॉन्चिंग से पहले आईआरसीटीसी और सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स के अधिकारियों ने जयपुर में मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को इस नए बीटा वर्जन का लाइव डेमो दिखाया। रेलवे अधिकारियों ने पब्लिक रिलीज से पहले प्लेटफॉर्म के यूजर एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाने के लिए छात्रों से उनका फीडबैक भी मांगा है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पर्यटन संभालेगा एतिहासिक होटल

शहर की कभी शान रही नगर की संस्था की एक मात्र होटल जो कि धर्मनगरी के लिए एतिहासिक है अब पर्यटन संभालने जा रहा है। इसे नगर की संस्था ने पूरी तरह से खाली कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से शहर की संस्था समझौते के तहत अपना सामान यहां से बटौर रही थी। हालिया स्थिति में नगर की संस्था ने अपना पुरा सामान यहां से बटौर लिया है। पर्यटन ने इसे अपने अधिकार में ले लिया है और उसके यंत्रियों ने यहां किए जाने वाले निर्माण एवं संधारण के कामों को आगामी दिनों में खोलने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक समय था शहर में होटल के नाम पर नगर की संस्था की इस भव्य होटल का ही नाम शहर के लोगों की जुबान पर आता था। शहर के मध्य में होने से और विशाल परिसर एवं उद्यान होने से इसका एक अलग ही लूक रहा है। शहर के धनी और रईस ही इसमें अपने आयोजन करते थे। खास यह था कि इसके परिसर के पीछे नगर की संस्था के अधिकारियों के निवास रहे हैं। महाआयोजन को लेकर इस बार यह पर्यटन को तैयारी के लिए दे दिया गया है। 90 के दशक में इसे लीज पर उठाने का काम भी तत्कालीन नगर की संस्था के प्रशासनिक जिम्मेदारों ने कर दिया था। बमुश्किल कानूनी विवादों के बाद यह चंगुल से बाहर निकल सकी और नगर की संस्था का कब्जा इस पर बाद में हो सका है। देखने में विशाल एवं किसी महल की आकृति की यह भव्य होटल फ्रीगंज से शहर और शहर से फ्रीगंज आने वालों के लिए काफी दर्शनीय रही है। अब आगामी समय में पर्यटन ही इसका संचालन करेगा और इसके रखरखाव की जिम्मेदारी का वहन भी वहीं करेगा। खुसूर-फुसूर है कि धर्मनगरी की नगर संस्था अब पूरी तरह से अपने अतिथियों के लिए दुसरों पर निर्भर होकर रहेगी। उसके पास अपने यात्रियों के लिए एक अदद आशियाना भी नहीं बचेगा। धर्मनगरी की नगर संस्था को अब अपने अतिथियों के लिए एक अदद आशियाने की योजना पर भी विचार करना चाहिए जो कि सम्मान का सूचक भी है।




## न्यूज कॉलम

### महाकाल परिसर में 18 से सजेगा सतरंगी सावन मेला

**उज्जैन।** शहर के महाकाल परिसर में माहेश्वरी समाज के फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा 18 और 19 जुलाई को दो दिवसीय सतरंगी सावन मेला आयोजित किया जा रहा है। शनिवार और रविवार को आयोजित होने वाले इस मेले में सावन का उत्साह और विभिन्न आकर्षण एक साथ देखने को मिलेंगे। मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। मेले के मुख्य आकर्षणों में ढेरों शॉपिंग स्टॉल, आकर्षक खरीदारी के विकल्प, शानदार उपहार, मजेदार तंबोला और स्वादिष्ट फूड जोन शामिल रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि मेले में स्टॉल बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है। यह बुकिंग सभी समाज के सभी वर्गों के लिए खुली है। स्टॉल बुकिंग के लिए संगीता भूतड़ा, शीतल मूंदड़ा और पायल भूतड़ा से संपर्क किया जा सकता है।

### पदोन्नति की सौगात पर राज्य कर्मचारी संघ ने किया सीएम यादव का अभिनंदन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा सभी विभागों में युद्ध स्तर पर की जा रही कर्मचारियों की पदोन्नति से प्रदेश के कर्मचारी जगत में हर्ष व्याप्त है। कर्मचारियों को पदोन्नति की यह बड़ी सौगात देने पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की उज्जैन जिला एवं संभाग इकाई ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। संघ के जिला प्रवक्ता राकेश पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निजी संकल्प के कारण ही कर्मचारियों की रुकी हुई पदोन्नति संभव हो सकी है। उनके इस ऐतिहासिक निर्णय पर आभार व्यक्त करने के लिए प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

## ट्रेंडिंग




# प्रेमछाया मार्ग की सीवरेज खुदाई बनी जानलेवा

## गड्ढों में भरा बारिश का पानी, सुरक्षा के तहत बैरिकेट्स भी नहीं, लोगों की जान जोखिम में





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य में बरती जा रही लापरवाही अब आम लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ने लगी है। चामुंडा माता चौराहे से प्रेम छाया होते हुए भाटगली से पुराने शहर की ओर जाने वाले कई प्रमुख मार्गों पर गहरी खुदाई के कारण लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति प्रेम छाया से भाटगली जाने वाले मार्ग पर है, जहां बारिश का पानी गहरे गड्ढों में भर जाने के बावजूद सुरक्षा के तहत बैरिकेड्स तक नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में वाहन चालक जान जोखिम में डालकर गड्ढों के किनारे से निकलने को मजबूर हैं।

प्रेम छाया से बहादुरगंज होते हुए भाटगली तक तथा प्रेम छाया से त्रिमूर्ति टॉकीज होते हुए क्षीरसागर जाने वाले मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई है। इसी तरह देवास गेट से मालीपुरा और दौलतगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर भी खुदाई जारी है। इन मार्गों के एक साथ खोदे जाने से पुराने शहर की ओर जाने वाले प्रमुख रास्ते बाधित हो गए हैं, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण खुदाई वाले गहरे गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे उनकी वास्तविक गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। इसके बावजूद कई स्थानों पर न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं और न ही बैरिकेड्स की व्यवस्था की गई है। मजबूरी में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक गड्ढों के बेहद करीब से वाहन निकाल रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

**प्रेम छाया से भाटगली, त्रिमूर्ति टॉकीज-क्षीरसागर और देवास गेट-मालीपुरा मार्गो पर खुदाई से यातायात प्रभावित**

**सुरक्षा इंतजामों के अभाव में हर पल दुर्घटना का खतरा**



**प्रमुख मार्गों पर बढ़ी परेशानी -** प्रेम छाया, बहादुरगंज, भाटगली, मालीपुरा, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, लकड़गंज और कंगालपुरा सहित कई क्षेत्रों में सीवरेज लाइन के लिए जगह-जगह गहरी खुदाई की गई थी। लेकिन जिन स्थानों पर सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है वहां ठीक से सड़क की मरम्मत भी नहीं की गई है वहीं जहां काम चल रहा है वहां निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। बरसात के मौसम में खुले गड्ढे और उनमें भरा पानी राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

**कई जगह सुरक्षा इंतजाम नहीं -** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में पहले भी सीवरेज लाइन की खुदाई के दौरान खुले गड्ढों में गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण एजेंसी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। यदि समय रहते बैरिकेड्स, चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### निरीक्षण के बावजूद दिख रही लापरवाही

गौरतलब है कि नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा लगातार निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं और लापरवाही मिलने पर संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई भी कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रेम छाया-भाटगली मार्ग पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। नागरिकों ने मांग की है कि खुले गड्ढों को तत्काल बैरिकेड्स से सुरक्षित किया जाए और बारिश के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके।

एथाइल वाली दवा डाक्टर के पर्चे के बगैर मिलना संभव नहीं

# अब अवैध भट्टी की शराब बनाने वालों को टींचर मिलना मुश्किल होगा

## बगैर पर्चे के एथाइल अल्कोहल की दवा देने पर विक्रेता को करना होगा मुसीबतों का सामना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एथाइल अल्कोहल की 12 प्रतिशत से अधिक मात्रा वाली दवाएं अब बगैर डाक्टर के पर्चे के विक्रय नहीं की जा सकेंगी। केंद्र सरकार ने ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस और डॉक्टर के पर्चे को अनिवार्य कर दिया है। इथाईल अल्कोहल के एक रूप में टींचर भी है जिसका उपयोग अवैध हाथ भट्टी की शराब बनाने में किया जाता है। ऐसे में इस अवैध काम पर भी बड़ी मात्रा में रोक लगेगी।

जिला ड्रग निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह के अनुसार केंद्र सरकार ने शुक्रवार को अधिक मात्रा में एथिल अल्कोहल (इथेनॉल) युक्त औषधीय फॉर्मूलेशनों (दवाओं) के नियमन को सख्त कर दिया। इसे लेकर नोटिफिकेशन को सभी विक्रेताओं के संज्ञान में ला दिया गया है। इसके लिए सोमवार को विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई करते हुए पत्र विक्रेताओं की एसोसिएशन एवं सोश्यल मीडिया पर प्रसारित कर दिया जाएगा।

### ये किया सरकार ने

सरकार ने ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस और डॉक्टर के पर्चे को अनिवार्य कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य इन दवाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाना और साथ ही वास्तविक चिकित्सीय जरूरतों के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने बताया कि इलायची, अदरक और अन्य सुगंधित औषधीय फॉर्मूलेशन की टिंचर जैसी कई औषधीय तैयारियों को पहले अनुसूची-के तहत लाइसेंस संबंधी आवश्यकताओं से छूट प्राप्त थी। हालांकि, इनमें से कुछ उत्पादों में 80 से 90 प्रतिशत तक एथाइल अल्कोहल होता है, जिससे इनके नशे के उद्देश्य से दुरुपयोग की आशंका रहती है। केंद्र सरकार ने यह भी बताया कि कुछ राज्य सरकारों ने ऐसे उत्पादों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताते हुए इस संबंध में सुझाव और संदर्भ भेजे थे।

**लाइसेंस प्राप्त करना होगा-** इस समस्या के समाधान के लिए सरकार ने तय किया है कि 12 प्रतिशत से अधिक एथाइल अल्कोहल वाली और 30 मिलीलीटर से अधिक पैकिंग में उपलब्ध सभी औषधीय तैयारियां अब अनुसूची-के तहत मिलने वाली छूट की पात्र नहीं होंगी। इसके परिणामस्वरूप ऐसे उत्पादों के निर्माता और विक्रेताओं को अब औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करना होगा।

**विस्तृत रिकॉर्ड रखना होगा-** संशोधन के तहत इन औषधीय तैयारियों को ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची-एच1 में भी शामिल किया गया है, जिससे ये अधिक कड़े नियामकीय नियंत्रण के दायरे में आ जाएंगी। अनुसूची-एच1 में शामिल दवाएं केवल पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर के पर्चे पर ही बेची जा सकेंगी और इनके विक्रय का विस्तृत रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य होगा।

### निगरानी-नियंत्रण होगा मजबूत



मंत्रालय के अनुसार, संशोधित व्यवस्था से अल्कोहल युक्त औषधीय उत्पादों की निगरानी और नियंत्रण मजबूत होगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इनकी आपूर्ति केवल विनियमित दवा वितरण प्रणाली के माध्यम से ही हो। इससे इन उत्पादों के दुरुपयोग और गलत इस्तेमाल की आशंका में उल्लेखनीय कमी आएगी जबकि वास्तविक चिकित्सीय जरूरत वाले मरीजों के लिए इनकी उपलब्धता बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह संशोधन देश की दवा नियामक व्यवस्था को और मजबूत बनाने, औषधीय उत्पादों के विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने तथा जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

# उज्जैन की प्रियांशी प्रजापत ने मप्र को दिलाया गोल्ड

## अंडर-23 सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में रचा इतिहास



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के उज्जैन की प्रियांशी प्रजापत ने अंडर-23 सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। हरियाणा के रोहतक में आयोजित प्रतियोगिता में प्रियांशी ने 50 किलोग्राम वजन वर्ग समूह में दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को पहला गोल्ड पदक दिलाया है। उन्होंने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का खाता भी खोल दिया है। तीन दिवसीय 10 से 12 जुलाई तक चलने वाली चैंपियनशिप में देशभर के विभिन्न राज्यों जैसे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक से 70 से अधिक शीर्ष खिलाड़ियों ने शिरकत की है। मध्य प्रदेश की तरफ से 8 महिला पहलवानों का दल इस प्रतियोगिता में उतरा है। प्रियांशी ने अपने वर्ग में कुश्ती की गढ़ मानी जाने वाली टीमों हरियाणा, पंजाब और राजस्थान की महिला पहलवानों को एक के बाद एक कड़े मुकाबलों में शिकस्त देकर गोल्ड मैडल जीता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक हजार साल पुराने सती गेट से अतिक्रमण हटाने की मांग

**उज्जैन।** शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने और सुंदरता बढ़ाने के लिए राजा भोज द्वारा बनाए गए एक हजार साल पुराने सती गेट के आसपास से संपूर्ण अतिक्रमण हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर चल रहे विकास कार्यों के तहत इस प्राचीन गेट को भव्य स्वरूप दिया जाना है, लेकिन एक स्थानीय भाजपा नेता की हठधर्मिता के कारण यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अटक गया है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल ने बताया कि सती गेट उज्जैन की प्राचीन धरोहर और आकर्षण का केंद्र है। लोगों की मांग है कि सती गेट के आसपास का पूरा अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए ताकि इसका ऐतिहासिक स्वरूप निखर कर सामने आए।

### शिक्षकों ने जताया सीएम का आभार

**उज्जैन।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिथि व्याख्याताओं को भी अब उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों के समान सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में इसकी घोषणा की। शुरूआत में इस कार्यक्रम से वंचित रखे गए तकनीकी व्याख्याताओं को उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षकों के विशेष प्रयासों के बाद अंतिम समय में आमंत्रित किया गया।

### महाकाल सवारी नए और चौड़े मार्ग से निकालने की मांग

**उज्जैन।** शहर में चल रहे विकास और चौड़ीकरण कार्यों को देखते हुए बाबा महाकाल की सवारी नए और व्यापक मार्ग से निकालने की मांग उठी है। इंदौर गेट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व मंडी डायरेक्टर गोपाल यादव ने मुख्यमंत्री से रूबरू मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस विषय पर तुरंत कलेक्टर से चर्चा भी की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में सवारी मार्ग के ढाबा रोड व सराफा क्षेत्र में चौड़ीकरण कार्य प्रचलित है। आमजन को असुविधा से बचाने और शत-प्रतिशत श्रद्धालुओं को दर्शन लाभ देने के लिए सवारी को नवीन प्रस्तावित मार्ग से निकाला जाना चाहिए।

### निर्माणाधीन नीलकंठ महादेव मंदिर का निरीक्षण

**उज्जैन।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री और जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने शनिवार को नीलगंगा स्थित जूना अखाड़ा का दौरा किया। यहां उन्होंने नीलकंठ महादेव और नील गंगा भवन स्थित सिद्ध बाबा शिवगिरी महाराज के समाधि स्थल पर पूजन-अभिषेक किया। आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने निमार्णाधीन नीलकंठ महादेव मंदिर के कार्यों का इंजीनियरों के साथ सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति जानी और संबंधित इंजीनियरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सीनियर बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए टीम घोषित

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय 'अस्मिता सीनियर महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप' के लिए उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालिका टीम घोषित कर दी गई है। स्पर्धा में उज्जैन की टीम का नेतृत्व हर्षिता राय करेंगी। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि 12 से 15 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप के लिए टीम में हर्षिता राय (कप्तान), समीक्षा भदौरिया, सेजल डागर, वृतिका कुरैल, तेजस्वी मांगरोले, परी मित्तल, खुशी आनंद, रिया करडवाल और अंकिता गोंदिया का चयन किया गया है। टीम की कोच मनीषा पंवार और मैनेजर प्रगति जैन होंगी।

# सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय में बनेगा 50 बिस्तरी आयुष अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन दक्षिण क्षेत्र के निवासियों और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के छात्रों को जल्द ही एक नई स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय परिसर में 50 बिस्तरी आयुष चिकित्सालय का निर्माण किया जाएगा।

यह अस्पताल आयुर्वेद, पंचकर्म वेलनेस सेंटर, ओपीडी और आईपीडी जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। यह प्रदेश का पहला आयुष अस्पताल होगा जो किसी विश्वविद्यालय परिसर के भीतर संचालित होगा।

इस पहल से उज्जैन दक्षिण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। विश्वविद्यालय की कार्य परिषद ने अस्पताल निर्माण के लिए आयुष विभाग को लगभग दो एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दोनों संस्थाओं के बीच इस संबंध में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं।

### 24 घंटे मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

कुलपति प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री के निर्देश और कार्य परिषद की सहमति के बाद लिया गया है। अस्पताल के निर्माण से विश्वविद्यालय परिसर में रहने वाले 800 से अधिक छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों और आसपास के नागरिकों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रदेश का पहला आयुष चिकित्सालय होगा जो किसी विश्वविद्यालय परिसर के भीतर स्थापित और संचालित होगा। चिकित्सालय में आयुर्वेद, पंचकर्म वेलनेस सेंटर, ओपीडी और आईपीडी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें 50 बिस्तरों की भर्ती सुविधा भी होगी, जिससे गंभीर रोगियों को भर्ती कर बेहतर उपचार प्रदान किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों को निःशुल्क ओपीडी सुविधा का लाभ मिलेगा।

आम जनता की समस्याओं को लेकर बरती जा रही घोर लापरवाही और अनियमितताओं के विरोध में

# नपा परिषद बड़नगर के खिलाफ कल आंदोलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा आम जनता की समस्याओं को लेकर बरती जा रही घोर लापरवाही और अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस संगठन 13 जुलाई 2026, सोमवार को एक बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस सेवादल, शहर कांग्रेस सेवादल, ब्लॉक युवा कांग्रेस, पार्षदगण एवं समस्त कांग्रेस संगठन बड़नगर के संयुक्त तत्वाधान में दोपहर 12 बजे से पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद का घेराव व विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जनहित से जुड़ी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।



कांग्रेस संगठन ने नगर पालिका प्रशासन पर जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इस समय नगर पालिका में नामांतरण के मामलों में अत्यधिक विलंब किया जा रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। इसके साथ ही शहर में यातायात की बदहाल व्यवस्था, शुद्ध पेयजल का संकट, नगर में लगाए गए लाउड स्पीकर व सीसीटीवी कैमरे विगत कई सालों से बंद पड़े हैं, वाहनों की पार्किंग की कोई सुचारू सुविधा नहीं है, जिन विकास कार्यों के टेंडर नगर पालिका में खुले हैं उन्हें दोबारा लगाया जा रहा है इनका कार्य पूर्ण कराया जाए, नदी के घाटों की साफ सफाई नहीं हो रही है, खोब दरवाजा बस स्टैंड पर बने यात्री परीक्षालय में कचरा फेंका जा रहा है वहां से गंदगी व बदबू आ रही हैं, नगर में बने बावड़ी व कुंडो की साफ सफाई नहीं हो रही है, बारिश के समय कई कालोनियों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है आम नागरिकों के घरों में पानी भर जाता हैं, नगर में मच्छरों का अधिक प्रकोप है इसे रोकने के कीटनाशकों का चितकाऊ नहीं किया जा रहा है, गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यापन करने वाले परिवारों का राशन कार्ड नहीं बन रहा है, वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही, नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है, महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्यकरण को यथावत रहने दिया जाए,सब्जी व फल विक्रेताओं को स्थाई स्थान अलॉट करने की मांग और शहर में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से नागरिक और व्यापारी बेहद त्रस्त हैं।

### प्रशासन को जगाने के लिए घेराव

नेताओं ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है और इस सोए हुए प्रशासन को जगाने के लिए ही यह घेराव और धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। विनीत संगठन ने नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारियों और पीड़ित जनता से अपील की है कि वे सोमवार, दोपहर 12 बजे अधिक से अधिक संख्या में नगर पालिका परिषद पहुंचकर इस आंदोलन को सफल बनाएं और अपने हक की आवाज बुलंद करें।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 12 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### विस्थापितों को सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में सरदार सरोवर परियोजना में विस्थापितों को आवंटित आवासीय भूखण्डों की रजिस्ट्री एवं अन्य विषयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित आवासीय भूखण्डों की रजिस्ट्री कार्यों में तेजी लायी जाये। शिकायत निवारण प्राधिकरण की एकल पीठ एवं युगल पीठ में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। साथ ही सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने आगे कहा कि सरदार सरोवर परियोजना में धार, बड़वानी, खरगोन और आलीराजपुर जिले के प्रभावित हुए विस्थापितों को बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को मिलेगा सशक्त आधार

**इंदौर।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज अपने इंदौर स्थित निज निवास कार्यालय पर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए छह ग्राम पंचायतों को लगभग 10 लाख रुपये की लागत के पेयजल टैंकर वितरित किए। इन टैंकरों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भी आवश्यकतानुसार पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। मंत्री श्री सिलावट ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत केलोदहाला, सेमलिया रायमल, खुदेल बुजुर्ग, बिलोदा नायता, पंचोला एवं शाहदा के सरपंचों एवं प्रतिनिधियों को पेयजल टैंकरों की चाबियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### 15 से 30 जुलाई तक चलेगा नशे से दूरी है जरूरी 2.0

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशे की प्रवृत्ति समाज की विकास यात्रा पर कुठाराघात करती है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नशा मुक्त मध्यप्रदेश बनाने के लिए कार्य कर रही है। नशे से लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने हर तरह के नशे पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक अभियान की शुरूआत की है। नशा, नाश की जड़ है, जो वर्तमान और भावी पीढ़ियों को भी बर्बाद कर देता है। नशे से सभी प्रकार की रचनात्मकता और आगे बढ़ने की संभावनाओं पर कुठाराघात होता है, वर्तमान और भविष्य दोनों खराब होते हैं। नशा परिवारों को बर्बाद कर देता है। राज्य सरकार ने अपनी समस्त क्षमताओं के साथ प्रदेशवासियों के सहयोग से नशे के खिलाफ अभियान आरंभ किया है।

### इंदौर-देवास रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण जल्द पूर्ण हो



**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा के अंतर्गत मांगलिया में निमार्णाधीन इंदौर-देवास रेलवे समपार (एलसी-45 रेलवे) ओव्हर ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और रेल विभाग के अधिकारियों से मांगलिया रेलवे ओव्हर ब्रिज की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री सिलावट ने लोक निर्माण विभाग और रेल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन मांगलिया रेलवे ओव्हर ब्रिज के निर्माण कार्य में तेजी लाए। आवश्यकता अनुसार संसाधनों की संख्या बढ़ाए और मेन पावर बढ़ायें। अच्छी सर्विस लेन बनाए और पैदल चलने वालों के पेशेज बनायें। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कहा कि निमार्णाधीन मांगलिया रेलवे ओव्हर ब्रिज का हर 15 दिन में निर्माण कार्यों को देखें और उसकी मॉनिटरिंग करें। पिलर एवं गार्डर के काम जल्दी पूर्ण कर आवागमन को चालू करें। मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को कहा कि आगामी 31 दिसम्बर 2026 तक मांगलिया रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण करें। यह ब्रिज यातायात की सुगमता की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने मांगलिया रेलवे ओव्हर ब्रिज की डिजाइन देखी और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया।

### विद्युत-अग्नि सुरक्षा दिवस पर सम्मेलन आयोजित

**इंदौर।** राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा दिवस 2026 के अवसर पर नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक मानेकशॉ सेंटर के जोरावर ऑडिटोरियम में विद्युत अग्नि सुरक्षा (इलेक्ट्रिकल फायर सेफ्टी) विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विद्युत सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने तथा विद्युत जनित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता और सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने पर बल दिया गया। भारत सरकार के विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने संदेश में कहा कि देश में बिजली की पहुंच का निरंतर विस्तार, विद्युत अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण तथा नवीकरणीय ऊर्जा का बढ़ता एकीकरण भारत की प्रगति और समृद्धि का मजबूत आधार बन चुका है।

### युवाओं के सुझाव 'युवा संकल्प' में होंगे शामिल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव 2026' के अंतर्गत युवाओं के वैचारिक नेतृत्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'शिक्षा एवं कौशल विकास' विषयक कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह कार्यशाला मुख्यतः उच्च शिक्षा, रोजगारोन्मुखी कौशल एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका पर आधारित रही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त श्री प्रबल सिपाहा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से पूर्व पारंपरिक रूप से केवल डिग्री को महत्व दिया जाता था। लेकिन अब नई नीति के तहत डिग्री के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल और सर्वांगीण विकास को प्रमुखता दी गई है।

श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने महाकाल मंदिर की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया, करोड़ों की एफडी व आभूषणों के साथ ही 90 एकड़ भूमि भी

## अपार संपत्ति के मालिक हैं राजाधिराज बाबा महाकाल के पास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने महाकाल मंदिर की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया है। इसके तहत मंदिर समिति के पास करोड़ों की एफडी, जमीन, आभूषण के रूप में संपत्ति है। साथ ही महाकाल लोक बनने के बाद मंदिर की आय में भी करोड़ों की वृद्धि हुई है। दान में मिलने वाली राशि और आभूषण के कारण महाकाल मंदिर की संपत्ति में निरंतर वृद्धि हो रही है। श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने स्वयं की संपत्ति का जो ब्योरा पेश किया है, उसके अनुसार महाकाल मंदिर के पास वर्तमान में 472 करोड़ रुपये यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया और बैंक आफ इंडिया में फिक्स्ड डिपाजिट (एफडी) के रूप में है। अलग-अलग बैंकों में 16 करोड़ रुपये की राशि जमा है। लगभग 90 एकड़ की भूमि है। इसके साथ ही आभूषण के रूप में 300 करोड़ रुपये से अधिक का सोना व 20 क्विंटल से अधिक की चांदी है। बीते कुछ वर्षों से दान के रूप में प्राप्त होने वाली राशि और आभूषणों में वृद्धि हुई है। इसका सुखद पहलू यह सामने आया कि मंदिर की संपत्ति में निरंतर वृद्धि जारी है।

गत वर्ष के रिकॉर्ड के अनुसार मंदिर को 142 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी। इसमें दान के रूप में 78 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। इसके साथ ही मंदिर की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुविधा व अन्य प्रकल्पों के संचालन के लिए मंदिर का खर्च भी बढ़ा है। बताया जाता है कि यह खर्च 135 करोड़ रुपये तक हो गया है।

### आभूषणों के रूप में प्राप्त होने वाले दान में भी हुई वृद्धि

मंदिर समिति की बढ़ती आय के साथ ही आभूषणों के रूप में प्राप्त होने वाले दान में भी वृद्धि हुई है। गत वर्ष मंदिर को 592.36 किलो चांदी व 1.48 किलो सोना दान के रूप में प्राप्त हुआ। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। आज से लगभग 10-15 वर्ष पहले तक महाशिवरात्रि और राजसी सवारी जैसे आयोजनों में अधिक से अधिक दो से ढाई श्रद्धालु आते थे। अब यह आंकड़ा लगभग प्रतिदिन का हो गया है। कई बार स्थिति यह बन जाती है कि मानो उज्जैन में ही एक और शहर आकर बस गया हो, यानी जितने लोग उज्जैन में निवास करते हैं, उतने ही श्रद्धालु बाहर से उज्जैन पहुंच रहे हैं। यह आंकड़ा भी कई बार 6 लाख के पार हुआ है।

### महाकाल लोक बनने के बाद तीन गुना बढ़े श्रद्धालु

11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री द्वारा श्री महाकाल लोक का लोकार्पण किए जाने के बाद मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। पहले प्रतिदिन जहां 40 से 50 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर डेढ़ से दो लाख प्रतिदिन तक पहुंच गई है। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ मंदिर की आय और दान राशि में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। मंदिर समिति को वित्तीय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के दौरान रिकॉर्ड 142 करोड़ रुपए की आय हुई। इसमें केवल दान मद से ही 78 करोड़ रुपए प्राप्त हुए, जो पिछले छह वर्षों का सबसे अधिक दान है। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 27 करोड़ रुपए अधिक रही। महाकाल लोक बनने से पहले मंदिर परिसर का क्षेत्रफल 2.82 हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 47 हेक्टेयर हो चुका है। वर्तमान में मंदिर समिति में 306 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनके वेतन, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, रखरखाव, निर्माण कार्य, अन्नक्षेत्र, गोशाला, महाकालेश्वर वैदिक शोध संस्थान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्व-त्योहारों की व्यवस्थाओं पर हर वर्ष लगभग 135 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पहले मंदिर का मासिक खर्च करीब 2.5 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 11 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

देवदूत बनकर देवनगरी पहुंचे कलेक्टर शिवम वर्मा, बस्ती हुई भावविभोर

## निर्धन परिवार के बच्चों के जीवन में शिक्षा का हुआ उजाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा ने अपना वादा निभाते हुए शुक्रवार को देवनगरी बस्ती के बच्चों के बीच पहुंचे।

दरअसल एयरपोर्ट के सामने देवनगरी बस्ती के सैकड़ों बच्चे घर पर जन्म होने के चलते जन्मप्रमाण पत्र से वंचित थे। इस बात को सामाजिक कार्यकर्ता मोहित सिंह चौहान और रजत सिंह पटेल द्वारा कई दिनों पहले जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष रखा गया था। बच्चे भी इन्हीं के साथ जनसुनवाई में पहुंचे थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल इन बच्चों के भविष्य के लिए उचित निर्णय लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम ने 2 दिवसीय कैंप लगाकर सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाए।




वही बच्चों की अन्य प्रतिभाओ को देखते हुए उन्हें खेलखुद गतिविधियों की किट भी बांटी। आज जब स्वयं कलेक्टर शिवम वर्मा ने अपने हाथों जन्म प्रमाण पत्र बांटे तो बच्चे और उनके माता पिता भाव - विभोर हो गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन पर सभी वर्गों के हित के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। वही उन्हीं के निर्देशन पर जनसुनवाई पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का समाधान भी प्राथमिकता से किया जा रहा है।

आज मुझे बेहद खुशी है कि जनसुनवाई में आए सभी बच्चों के जन्मप्रमाण पत्र बनाए गए , वही उनकी अन्य समस्याओं के भी समाधान किया जा रहा है। आगामी दिनों में उनके स्वास्थ्य कैंप लगाने के साथ अन्य प्रकार के कैंप भी लगातार सभी के हित में कार्य किए जाएंगे। बच्चे स्वस्थ रहे और पढ़ाई में भी हमेशा आगे रहे यही बात उन्हें भी कही गई है। कार्यक्रम के दौरान माननीय कलेक्टर महोदय का स्वागत प्रमोद दुबे, सिद्धार्थ बरवालिया, शुभम दयाल, देव सिंह चौहान, सहित अन्य लोगों ने भी किया।

सात सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

## मंदिरों के सरकारीकरण के विरोध में पुजारियों में असंतोष

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के लगभग 60 हजार मंदिरों से जुड़े करीब तीन लाख पुजारी परिवार और 12 लाख सनातन धर्मावलंबी इस मुद्दे से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि मंदिरों की भूमि की नीलामी, पुजारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना और अन्य प्रशासनिक समस्याओं को लेकर समाज में असंतोष है।

प्रदर्शन के दौरान कलेक्टर कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुजारियों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर सरिता लाल को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग की।आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को पूरे मध्यप्रदेश में विस्तार दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से फिलहाल ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

**पुजारियों ने सरकार के समक्ष सात प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें**

- गौ माता को राज्य संरक्षित घोषित किया जाए।
- मंदिरों के सरकारीकरण की प्रक्रिया समाप्त की जाए तथा कलेक्टर को प्रबंधक बनाने की व्यवस्था खत्म की जाए।
- मंदिरों की भूमि की नीलामी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।
- मंदिर समितिकरण की व्यवस्था समाप्त की जाए।
- मंदिर भूमि के निस्तारीकरण पर रोक लगाई जाए।
- पुजारियों को नामांतरण, कृषक का दर्जा तथा भू-माफिया से सुरक्षा प्रदान की जाए।
- रियासतकालीन अनुबंधों के अनुसार मंदिरों और देव प्रतिमाओं की कथित रूप से हड़पी गई भूमि वापस दिलाई जाए।

## इंदौर के आईटी पार्क चौराहे पर फ्लाईओवर का काम धीमा, दो साल में आधा भी नहीं बना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रिंग रोड के आइटी पार्क चौराहे पर बन रहा फ्लाईओवर का काम बेहद धीमा है। निर्माण शुरू हुए दो साल हो चुके है, लेकिन अभी तक 50 फीसद भी काम नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि फ्लाईओवर के दोनों ओर बने पिलरों पर पियर कैप का काम चल रहा है। निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दे रखे है, क्योंकि अभी तक फ्लाइओवर पर गर्डर लान्चिंग होना बाकी है।

60 करोड़ रुपये की लागत से बने रहे फ्लाइओवर का निर्माण को लेकर कई अड़चनें आ रही है। प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी बाधा चौराहे से गुजर रही 10 इंच की मुख्य गैस पाइपलाइन है। इसे हटाने में कई महीने लग गए है। बावजूद कुछ हिस्से की पाइपलाइन हटाई जाना है। गैस पाइप लाइन से इलाके में गैस आपूर्ति होने की आशंका है। गैस पाइप लाइन को दूसरी जगह शिफ्ट करने के बजाय उसे कंक्रीट केसिंग से सुरक्षित करने का काम चल रहा है। वहीं गेंहू अनुसंधान केंद्र से भी जमीन मिलने में काफी समय लगा है।

मार्च 2024 में फ्लाईओवर का भूमिपूजन किया गया। तीन महीने बाद निर्माण कार्य शुरू किए गए। सबसे पहले निर्माण के दौरान बाधक पेड़ों को हटाया गया। इस दौरान रिंगरोड के ग्रीन बेल्ट से भी सैकड़ों पेड़ काट दिए गए। दो साल में पचास फीसद काम हो पाया है। प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार के पीछे निर्माण एजेंसी की कार्यशैली है, जो सवालों के घेरे में रही। फ्लाइओवर समय पर शुरू नहीं किया गया और प्रोजेक्ट के दौरान कई बार प्रोजेक्ट मैनेजर बदले गए। करीब एक वर्ष पहले निर्माण कार्य में कुछ तेजी जरूर आई, लेकिन फिर रफ्तार धीमी हो गई है।

आइटी पार्क चौराहे पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाना है। 800 मीटर लम्बे इस फ्लाइओवर के लिए अभी सिर्फ पिलर खड़े हो पाए है।

### लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा आज रविवार को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2025 का आयोजन रविवार, 12 जुलाई को किया जाएगा। परीक्षा इंदौर शहर के 13 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 5,710 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशन में परीक्षा के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा 6 विषयों - संस्कृत, भूगोल, मनोविज्ञान, विधि, भूगर्भशास्त्र और योगिक विज्ञान के लिए आयोजित की जा रही है।

### पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी पुणे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगी दम

**इंदौर।** इंडिया ताइक्वांडो द्वारा आयोजित 5वीं पैरा राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026-27 में इंदौर की बेटियां मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 10 से 11 जुलाई 2026 तक पुणे (महाराष्ट्र) के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे में खेली जा रही है। इस राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए इंदौर से तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो पूमसे वर्ग में मध्य प्रदेश की ओर से अपनी चुनौती पेश करेंगी। टीम के मुख्य कोच मिथिलेश कैमरे ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ा अभ्यास किया है।

### अटल सिटी बस में टिकट को लेकर बवाल, परिचालक से मारपीट का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में एक बार फिर यात्रियों और बस स्टाफ के बीच विवाद का मामला सामने आया है। इस बार अटल सिटी बस में टिकट को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते हाथापाई तक पहुंच गई। घटना के बाद बस में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जबकि अन्य यात्रियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार, अटल सिटी बस में सफर के दौरान एक यात्री और बस परिचालक के बीच टिकट को लेकर विवाद हो गया। शुरूआत में दोनों के बीच केवल बहस हुई, लेकिन कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ गया कि यात्री द्वारा परिचालक के साथ अभद्र व्यवहार करने और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। घटना से बस में मौजूद अन्य यात्री भी हैरान रह गए।

## इंदौर शहर में पहली बार 1951 में हुई थी जनगणना

**713 लोग थोक व्यापार और 11,503 लोग फुटकर व्यापार से जुड़े थे**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

औद्योगिक जगत में अपना अहम स्थान बनाने वाले शहर में वर्ष 1733 बहुत मायने रखता है। इस साल सूबेदार मल्हारराव होलकर ने शहर में टकसाल प्रारंभ कर उद्योग जगत की स्थापना करने का एक महत्वपूर्ण कार्य किया। अहिल्याबाई होलकर के आदेश से कंपेल तहसील का नाम बदलकर इंदौर तहसील में परिवर्तित कर उसे मुख्यालय बना दिया गया।

दूसरा बदलाव यह हुआ कि वर्ष 1766 में होलकर राज्य की राजधानी महेश्वर में स्थानांतरित कर दी गई। बाद में अंग्रेजों और मल्हारराव होलकर द्वितीय के बीच हुई 1918 की संधि के अनुसार इंदौर को पुनः होलकर साम्राज्य की राजधानी बनाया गया। होलकर साम्राज्य भारतीय संघ में विलीन होने के पश्चात इंदौर में पहली जनगणना वर्ष 1951 में हुई थी। इसके बाद जब वर्ष 1961 में जनगणना हुई तो उसके तुलनात्मक अध्ययन ने शहर में विविध व्यवसाय की स्थिति पर प्रकाश डाला।

### 713 लोग थोक व्यापार करने वाले थे

इतिहास अध्येता सुनील गणेश मतकर के अनुसार यहां कृषि, उद्योग, व्यापार, वाणिज्य आदि क्षेत्रों की उन्नति के बावजूद एक ऐसा बड़ा भाग रह गया जिसका आजीविका के संबंध में इस प्रकार वर्गीकरण किया गया जो अन्य महत्वपूर्ण व्यापार व्यवसाय की तरह अर्थव्यवस्था का प्रमुख मार्ग है। थोक तथा फुटकर व्यापारी की बात करें तो आंकड़ों के अनुसार खाद्य सामग्री तथा अन्य वस्तुओं का थोक व्यापार करने वालों की संख्या 713 थी और फुटकर व्यवसाय करने वालों की संख्या 11503 थी। वर्ष 1951 की जनसंख्या में यह बात सामने आई कि जिले में 459 साहूकार थे जबकि 1961 की जनसंख्या में यह संख्या घटकर मात्र 90 रह गई।

अध्यक्ष बोले- मनमुटाव खत्म, अब मिलकर 2028 सिंहस्थ को दिव्य-भव्य बनाएंगे

## सात माह बाद फिर अस्तित्व में आई स्थानीय अखाड़ा परिषद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

करीब सात महीने पहले भंग हुई उज्जैन स्थानीय अखाड़ा परिषद का बुधवार को पुनर्गठन कर दिया गया।

निरंजनी अखाड़े में आयोजित बैठक में शैव, वैष्णव, उदासीन, नाथ और अन्य संप्रदायों के संत-महंत एक मंच पर आए और परिषद को फिर से सक्रिय करने का निर्णय लिया। संतों ने यह भी तय किया कि वर्ष 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों और प्रशासन से जुड़े सभी विषयों पर अब संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा।

इस बैठक में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रवींद्र पुरी महाराज, निमोर्ही अखाड़े के श्रीमहंत मदन मोहन दास महाराज सहित सभी प्रमुख अखाड़ों के संत-महंत मौजूद रहे। बैठक में उज्जैन और नासिक कुंभ से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई तथा सभी ने एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

30 नवंबर 2025 को दत्त अखाड़े में आयोजित आपात बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने इस्तीफा देकर परिषद को भंग कर दिया था। इसके बाद शैव और वैष्णव संप्रदायों के बीच मतभेद गहरा गए थे। वैष्णव अखाड़ों ने अलग होकर 'रामादल अखाड़ा परिषद' के गठन की घोषणा कर दी थी और सिंहस्थ से जुड़े मामलों में अलग से प्रशासन से चर्चा करने की बात कही थी।

हालांकि, पिछले कुछ समय से दोनों पक्षों के बीच संवाद जारी था। मंगलवार को निमोर्ही अखाड़े की ओर से श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज के नेतृत्व का समर्थन किए जाने के बाद बुधवार को सभी संत एक साथ बैठे और परिषद को पुनर्जीवित करने पर सहमति बन गई।

स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने कहा कि परिषद को पुनर्जीवित कर दिया गया है और पूर्व के सभी पदाधिकारी पहले की तरह अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। अब शैव, वैष्णव, उदासीन, नाथ सहित सभी संप्रदाय मिलकर प्रशासन के साथ समन्वय करेंगे और सिंहस्थ-2028 के लिए आवश्यक सुझाव संयुक्त रूप से देंगे।

उन्होंने कहा कि परिषद को दोबारा सक्रिय करने का उद्देश्य संत समाज की एकता बनाए रखना और सिंहस्थ की तैयारियों में बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

### रवींद्र पुरी बोले- अब कोई मनमुटाव नहीं

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि सभी संतों के बीच जो भी मतभेद थे, वे अब समाप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य 2028 का सिंहस्थ कुंभ दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाना है। सभी अखाड़े एक साथ मिलकर कार्य करेंगे और शासन-प्रशासन को आवश्यक सहयोग देंगे।

### बैठक में ये संत-महंत रहे मौजूद

बैठक में महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज, महंत भगवान दास महाराज, जूना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रामेश्वर गिरी महाराज, महानिवार्णी अखाड़े के महंत श्याम गिरी महाराज, राधे-राधे बाबा, आनंद अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकरानंद सरस्वती महाराज (नासिक), महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर भगवान बापू, दिगंबर अखाड़े के महंत रामचंद्र दास महाराज, निवार्णी अखाड़े के महंत दिग्विजय दास महाराज, निमोर्ही अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीताराम दास महाराज, महंत महावीरनाथ महाराज, भगवान दास महाराज, सारंगी महाराज, सेवागिरी महाराज, कृष्णानंद ब्रह्मचारी महाराज, विशाल दास तथा परिषद के प्रबंधक डॉ. गोविंद सोलंकी सहित बड़ी संख्या में संत-महंत उपस्थित रहे।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
UJJAIN


## न्यूज कालम



### पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ विद्या वंदन समारोह का आयोजन

**खरगोन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर 'विद्या वंदन समारोह' का आयोजन किया। यह समारोह पीजी कॉलेज के भारत माता सभागार में संपन्न हुआ, जहां शहर भर के विभिन्न विद्यालयों से आए ४५० छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टंटया मामा क्रांतिसूर्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु मोहन लाल कोरी थे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कोरी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन किसी भी व्यक्ति के भविष्य की नींव होता है और इस दौरान अर्जित ज्ञान व संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करें और समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। समारोह के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य योगेश रघुवंसी थे। रघुवंसी ने अपने उद्बोधन में अभाविप के इतिहास, उसके उद्देश्यों और छात्र हित में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। रघुवंसी ने कहा कि अभाविप सदैव विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

### आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी

**बुरहानपुर ।**आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र मसाने को जान से मारने की धमकी देने का एक गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत आजाक थाने और बुरहानपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्र) को लिखित शिकायत दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता रविन्द्र मसाने (निवासी नेपानगर) ने बताया कि बुरहानपुर जनपद पंचायत में दैनिक वेतन भोगी से ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत दो कर्मचारियों–शरद पवार (पिता रमेशचंद्र पवार) और कमलेश (पिता श्रीकृष्ण कौशिक)–की अवैध नियुक्ति के खिलाफ उन्होंने माननीय हाईकोर्ट में एक याचिका (पिटिशन) दायर की है। यह कानूनी लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। इसी रंजिश के चलते,7 जुलाई 2026 को दोनों आरोपियों ने रविन्द्र मसाने को एक संदेश भिजवाकर बुरहानपुर जनपद पंचायत कार्यालय बुलाया।

### प्रभारी मंत्री श्री लोधी १५ जुलाई को खंडवा आएंगे

**खंडवा ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी आगामी १५ जुलाई को खंडवा आएंगे तथा अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री लोधी १५ जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः १०:३० बजे से आयोजित बैठक में नगर निगम, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, परिवहन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मार्केटिंग फेडरेशन, कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

### छैगांवमाखन में दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन शिविर संपन्न

**खंडवा।** जनपद पंचायत छैगांवमाखन के सभागृह में सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन एवं सशक्तिकरण विभाग खण्डवा द्वारा ऐलिम्कों कंपनी के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिये उपकरण हेतु चिन्हांकन एवं केलिपर्स वितरण शिविर गुरुवार को आयोजित किया गया। शिविर में कुल 125 दिव्यांजनों का पंजीकरण किया गया, जिसमें जनपद पंचायत छैगांवमाखन अंतर्गत 70 दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार मोटराइज्ड ट्रायसिकल 8, ट्राईसिकल 19, बैसाखी 32, वॉकिंग स्टिक 6, व्हील चैयर 20 एवं अन्य सहायक उपकरण के लिये दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया। शिविर में 16 कृत्रिम पैर प्रदाय कर दिव्यांगजनों को तत्काल लाभ दिया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय से उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा कुल १७ दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र भी बनाये गये। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पंकज डाले, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री महेश सोलंकी एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक सोमवार को

**खंडवा ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर पर संचालित विभागीय योजनाओ जैसे उषा किरण योजना, वन स्टॉप सेन्टर, सखी, महिला हेल्पलाईन, महिला वसति गृह योजना एवं स्वाधार गृह योजनाओ के पर्यवेक्षण के उद्देश्य गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रत्ना शर्मा ने बताया कि यह बैठक कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में १३ जुलाई को साप्ताहिक समीक्षा बैठक के बाद आयोजित होगी।

### सरस्वती शिशु मंदिर एवं सेंट पॉयस स्कूल में जागरूकता शिविर संपन्न

**खंडवा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार इन दिनों जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विधिक साक्षरता एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर, कल्याणगंज में भी न्यायाधीश श्री सुयश परनाम की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को श्री सुयश परनाम द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों के व्यक्तिव निर्माण, संवैधानिक दायित्व व कानून के प्रति जागरूक रहने की समझाईश देते हुए कानून का पालन करने हेतु प्रेरित किया, साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया गया। इससे पूर्व शुक्रवार को जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में सेंट पॉयस स्कूल खण्डया में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया ।

# स्कूल बसों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस ने प्रदेश स्तर पर 10 दिवसीय विशेष अभियान आरंभ किया है। इस अभियान के तहत जिले में स्कूल बसों की सघन जांच की जा रही है। नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाओं और विद्यालयों का भ्रमण कर स्कूल वाहनों की जांच की गई। एसपी रविंद्र वर्मा के निर्देश पर विभिन्न चेकिंग बिंदुओं पर कुल 55 स्कूल बसों का परीक्षण



किया गया। जांच के दौरान वाहनों में प्राथमिक उपचार किट, अग्निशमन यंत्र, गति नियंत्रक यंत्र, आपातकालीन द्वार कार्यशील स्थिति में हैं या नहीं, इसकी पड़ताल की गई। आवश्यक दस्तावेज, चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन फिटनेस जैसे मानकों की भी जांच हुई। संस्था संचालकों, वाहन चालकों और विद्यार्थियों की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को परिचय.पत्र प्रदर्शित करने की अनिवार्यता के संबंध में समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त, वाहनों पर आकस्मिक सेवा संपर्क नंबर और संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी। उन्हें निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा बिना वैध दस्तावेज और परमिट के वाहन का संचालन न करने के निर्देश दिए गए। यह अभियान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभावी रूप से जारी है ,

## छेड़छाड़ के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस, रास्तेभर आरोपी मांगता रहा माफी

**खरगोन।** जैतापुर थाना क्षेत्र में युवती से छेड़छाड़ के आरोपी का पुलिस ने जुलूस निकाला। आरोपी को जिला अस्पताल में मेडिकल के बाद न्यायालय पेश करने के लिए पुलिस पैदल लेकर पहुंची। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर रास्तेभर सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए लोगों से माफी मांगते नजर आया। पुलिस की इस कार्रवाई की इलाके में काफी चर्चा रही। पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के बीच यह जुलूस मुख्य मार्गों से गुजरा, जहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे।जैतापुर थाना प्रभारी सुदर्शन कलोरिया ने बताया मोतीपुरा निवासी अक्षय सोनी को छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत की थी कि अक्षय कुछ दिनों से उसका पीछा कर रहा है। शनिवार को उसने खंडवा रोड़ स्थित एक होटल के समीप बुरी नियत से महिला का हाथ पकड़ा, अश्लील ईशारे करने के साथ ही गाली-गलौच भी की थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अक्षय को गिरफ्तार किया।

# पॉक्सो अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्राचार्यों का प्रशिक्षण सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन, बालकों के प्रति होने वाले लैंगिक अपराधों की रोकथाम तथा बच्चों को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों का एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला उज्जैन श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत उज्जैन के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ एवं उच्च न्यायालय की अधिवक्ता सुश्री सलोनी बाहेती ने पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रमुख प्रावधानों, अनिवार्य रिपोर्टिंग, पीड़ित बच्चों की गोपनीयता, विशेष न्यायालय की कार्यवाही तथा विद्यालयों की कानूनी जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विद्यालयों में बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप "गुड टच-बैड टच" की जानकारी देकर जागरूक किया जाना आवश्यक है। साथ ही पॉक्सो अधिनियम की धारा १९ एवं 21 के अंतर्गत किसी भी प्रकार के लैंगिक अपराध की जानकारी प्राप्त होने पर 24 घंटे के भीतर पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८ अथवा बाल कल्याण समिति को सूचना देना अनिवार्य है। सूचना न देने पर दंड का प्रावधान है तथा पीड़ित बच्चे की पहचान गोपनीय रखना भी कानूनन आवश्यक है। उन्होंने विद्यालयों में शिकायत पेटी स्थापित करने, बाल संरक्षण समिति का गठन करने तथा नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी बल दिया।जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेंद्र खत्री ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम केवल एक कानूनी व्यवस्था नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों एवं गरिमा की रक्षा का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक एवं प्राचार्य को इस कानून की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार के यौन शोषण, उत्पीड़न अथवा दुर्व्यवहार की स्थिति में समय पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण सभी प्रतिभागियों के ज्ञान एवं क्षमता में वृद्धि करेगा तथा विद्यालयों में बाल सुरक्षा के प्रति अधिक संवेदनशील एवं उत्तरदायी वातावरण विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा।जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे समाज की सबसे अमूल्य धरोहर हैं और उनका सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण में विकास सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण सीखने और विकास का स्थान है, इसलिए शिक्षकों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में विश्वास, सुरक्षा एवं आत्मविश्वास का वातावरण तैयार करना भी उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ किसी प्रकार का शोषण या दुर्व्यवहार होता है, तो उसकी समय पर पहचान, संवेदनशील व्यवहार तथा नियमानुसार संबंधित प्राधिकरण को सूचना देना प्रत्येक शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण विद्यालय स्तर पर बाल संरक्षण की प्रक्रियाओं, आवश्यक सावधानियों तथा कानूनी जिम्मेदारियों के संबंध में उपयोगी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने सभी प्राचार्यों से अपने-अपने विद्यालयों को बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील एवं विश्वासपूर्ण वातावरण बनाने का आह्वान किया।वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती वीणा बौरासी ने प्रतिभागियों को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी दी।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के लगभग 200 शासकीय हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों ने सहभागिता की।

# स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

"स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में किया गया।

कार्यशाला में डॉ. जितेन्द्र राजपूत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, उज्जैन, शहरी परियोजना अधिकारी, श्री दिलीप वसुनिया, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, पब्लिक हेल्थ मैनेजर, उज्जैन शहरी क्षेत्र में कार्यरत सुपरवाइजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।शासन के निदेर्शानुसार बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में दस्तक अभियान का प्रथम चरण 14 जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि डायरिया बीमारी से बढ़ती शिशु मृत्यु दर को संज्ञान में लेते हुए "स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान" डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखे अपना ध्यान की थीम पर आधारित है। इसमें जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण एवं संक्रमण की पहचान, त्वरित उपचार एवं आवश्यकता अनुसार रेफरल के साथ-साथ विटामिन ए की खुराक दी जाएगी तथा ओ.आर.एस. पैकेट व जिंक टैबलेट का वितरण किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास के संयुक्त दल, जिसमें ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं, द्वारा जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर दस्तक देकर उनमें पाई जाने वाली बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

दस्तक अभियान में जन्म से पाँच वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय रूप से पहचान एवं प्रबंधन करना, छह माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग कर प्रोटोकॉल अनुसार उपचार करना, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप पिलाया जाएगा।नौ माह से पाँच वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरक की खुराक पिलाई जाएगी।

पाँच वर्ष तक के बच्चों में बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान एवं रेफरल करना, पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग के नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओ.आर.एस. पहुँचाना, गृहभेंट के दौरान शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाइश देना तथा स्तनपान संबंधी भ्रांतियों को दूर करने के लिए सामुदायिक जागरूकता लाना, कम वजन के नवजात शिशुओं की उचित देखभाल के लिए समुदाय में कंगारू मदर केयर पद्धति संबंधी जागरूकता की गतिविधियाँ की जाएँगी। शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाइश एवं स्तनपान संबंधी भ्रांतियों को दूर करने के लिए समुदाय में जागरूकता भी की जाएगी।

## बुरहानपुर में स्वास्थ्य विभाग का बड़ा एक्शनः 'गुड हॉस्पिटल' सील

**बुरहानपुर।** जिला स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अमरावती रोड स्थित 'गुड हॉस्पिटल मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर' को सील कर दिया है। अस्पताल में गंभीर अनियमितताएं, इलाज में घोर लापरवाही और आयुष्मान भारत योजना में अवैध वसूली की शिकायतों के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया। इस बड़ी कार्रवाई के बाद अब शहर के अन्य निजी अस्पतालों में भी हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, गुड हॉस्पिटल के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग द्वारा पूर्व में भी नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. वर्मा के निर्देशन में आठ सदस्यीय टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जांच में कई गंभीर कमियां पाए जाने पर अस्पताल को तुरंत सील कर दिया गया। सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि नियमों के उल्लंघन और शिकायतों के आधार पर यह सीलिंग की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग को मिली शिकायतों के अनुसार, यह अस्पताल खंडवा सहित अन्य आस-पास के क्षेत्रों से भोले-भाले मरीजों को 'मुफ्त इलाज' का झांसा देकर लाता था। यहां लाकर मरीजों के आयुष्मान कार्ड और अंगूठे के निशान ले लिए जाते थे.

## एनडीआरएफ द्वारा शासकीय नवीन कन्?या उ.मा.वि. में स्?कूल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 11वीं बटालियन की एक उप-टीम द्वारा गुरुवार को शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, क्षीर सागर में एक दिवसीय 'स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निरीक्षक/जीडी श्रीनिवास मीणा के नेतृत्व में कुल 9 बचावकर्मियों की टीम द्वारा संचालित किया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और शिक्षकों को आपदाओं के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षक कौशल सिखाना था। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आपदा का अर्थ, उसके प्रकार और एनडीआरएफ की भूमिका की जानकारी दी।जीवन रक्षक कौशल के अंतर्गत सीपीआर एफबीएओ रक्तस्त्राव को नियंत्रित करना, ड्रेसिंग और बैंडेजिंग का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बचाव तकनीक के अंतर्गत इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर बनाना, आपातकालीन और गैर-आपातकालीन स्थिति में घायल को ले जाने के तरीके तथा फ्लोटिंग डिवाइस के उपयोग का प्रदर्शन किया गया।सुरक्षा जागरूकता के तहत भूकंप ड्रिल, साँप के काटने पर प्राथमिक उपचार हीट इमरजेंसी और आकाशीय बिजली से सुरक्षा की जानकारी दी गई। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) के सही उपयोग का प्रदर्शन किया गया। तकनीकी ज्ञान के अंतर्गत दामिनी फ्लड वॉच और सचेत ऐप्स की जानकारी भी दी गई।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सपना गोठवाल की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 13 स्टाफ सदस्यों (10 महिला, 3 पुरुष) और 250 छात्राओं शामिल थे।

## जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बड़वानी ।** पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढाने तथा तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. दीपक शर्मा ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं सनस्त स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन उपलब्ध थे।

## 65 किलो डोडाचूरा के साथ चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, मुख्य सप्लायर भी पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

नईआबादी मंदसौर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर चार अंतरराज्यीय तस्करों को रंगे हाथों दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में पंजाब के भटिंडा निवासी हरप्रीत सिंह (22 वर्ष) व जगदीश सिंह (47 वर्ष), हरियाणा के सिरसा निवासी साधु सिंह (55 वर्ष) और राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी कुलवीन्दर सिंह (34 वर्ष) शामिल हैं।

एसपी विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन, एएसपी तेरसिंह बघेल एवं सीएसपी जितेन्द्रसिंह भास्कर के निर्देशन में थाना प्रभारी नईआबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों



के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से विमल पान मसाला के 4 बैगों में छुपाकर रखा गया कुल 65 किलोग्राम डोडाचूरा और एक सैमसंग मोबाइल जब्त किया है।

जब्त मादक पदार्थ की कीमत लगभग 95 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन तस्करों को अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी केसरसिंह सोंधिया राजपूत (34 वर्ष) निवासी ग्राम मुंदड़ी, थाना वाई.डी. नगर को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

## पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई उपनगरीय ट्रेन

**उज्जैन.** उपर्युक्त चित्रों में पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी 7/11 मुंबई उपनगरीय ट्रेन धमाकों की 20वीं बरसी के अवसर पर माटुंगा रोड, माहिम, बांद्रा, सांताक्रुज, जोगेश्वरी, बोरीवली एवं भायंदर स्टेशनों पर पुष्प अर्पित कर पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए। आज से बीस वर्ष पूर्व, 11 जुलाई, को मुंबई ने अपने इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक का सामना किया था, जब पश्चिम रेलवे के माटुंगा रोड, माहिम, बांद्रा, सांताक्रुज, जोगेश्वरी, बोरीवली तथा भायंदर स्टेशनों के निकट सात उपनगरीय ट्रेनों के प्रथम श्रेणी डिब्बों में सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए थे। इस दुखद घटना की 20वीं बरसी के अवसर पर 11 जुलाई, 2026 को पश्चिम रेलवे ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने सम्मान स्वरूप संबंधित सातों स्टेशनों पर पुष्पक्र अर्पित किए।

# क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती वअधिक राशि के विद्युत बिलों को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

नगर में असमय विद्युत कटौती अत्यधिक बिजली बिल व स्मार्ट मीटर के संबंध में शनिवार को विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचकर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सन्नि अखेड़िया के नेतृत्व में विद्युत मंडल अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में मांग की गई प्रतिदिन रात्रि एवं दिन के समय में अघोषित विद्युत कटौती तुरंत बंद की जाए ।जिससे जनता को होने वाली परेशानियों से निजात मिले एवं जावरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिए जा रहे अत्यधिक बिजली बिलों का तुरंत निराकरण कर उनकी जेब पर पढ़ रहे आर्थिक भार को समाप्त किया जाए ।



क्षेत्र में मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर जो की घोड़े से भी तेज रफ्तार से दौड़कर इतना अधिक बिजली का बिल उपभोक्ताओं को मिल रहा है जिसका सीधा-सीधा असर उनकी जेब पर हो रहा है । मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह सीधे-सीधे उपभोक्ताओं की जेब पर डकैती के रूप में देखा जा रहा है । समय रहते अगर इन सभी मांगों का निराकरण विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शीघ्र अति शीघ्र नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस विधानसभा जावरा के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे । इस अवसर पर एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष संयम शर्मा, पार्षद कान्हा हाडा, पार्षद प्रतिनिधि इमरान मंसूरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र ऊटवाल, कांग्रेस नेता रफीक शाह, पंकज कुमार शाह ,जयदीप सिंह डोडिया, विधानसभा महासचिव पुरुषोत्तम बोडाना, जावेद पॉपुलर कादिर भाई, कमलेश वर्मा ,दीपक जोशी ,समीर मंसूरी, गौतम नागरू ,नरेंद्र सिंह झाला ,सूरज गोजर ,अनिल गुर्जर ,अब्दुल रहमान, मुस्तकीम नागौरी ,भीष्म गोसर, शांतिलाल परिहार ,कमल भाभर ,अमन सेन ,विकास, राहुल ,हिमांशु, जगदीश ,जीतू लोहार, राहुल जोशी ,वरुण रारोतिया, शाहरुख खान, के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज -कॉलम

### सलाखों में महिदपुर का किंग बताने वाला बदमाश

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के फकीर मोहल्ला में रहने वाले अब्दुल वहाब उर्फ अब्दुल्ला पिता मुजम्मिल शाह के साथ चार माह पहले 23 फरवरी को चार बदमाशों ने खुद को महिदपुर का किंग बताकर 10 हजार रूपयों करते हुए पाइप से मारपीट की थी। चारों बदमाशों निजाम उर्फ निजामुद्दीन शाह, शाहबुद्दीन शाह, मोईन शाह और मोईनउद्दीन शाह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी, जिनकी धरपकड के प्रयास लगातार जारी थे। एक बदमाश को घटना के कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं दूसरा बदमाश निजाम उर्फ निजामुद्दीन 29 जून को अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आ गया था। अब मामले से जुडे तीसरे आरोपी मोईन शाह को चार माह बाद गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि चार माह बाद गिरफ्त में आये आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया था। जिससे पूछताछ के बाद शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल की सलाखों में भेजा गया है। आरोपी मोईन के खिलाफ पूर्व में भी जानलेवा हमला, गाली-गलौच, अवैध वसूली और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में अब भी एक एक आरोपी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी।

### देवासरोड ग्राम सेमलिया में कार-बस के बीच भिड़ंत

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमलिया में कार और बस के बीच भिडंत हो गई। दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और बस सड़क किनारे नाली पर चढ़ गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ। कार चालक को चोंट लगी थी जिसे उपचार के लिये समीप अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। कार नम्बर एमपी 09 झेड जे 0091 और बस नम्बर एमपी 42 झेड एच 9903 सामने आया। घायल कार चालक के बयान दर्ज कर मामले में आगे की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल यह पता नहीं चला है कि कार चालक कहां से कहां जा रहा था। बस में यात्री सवार थे, जो अन्य साधन से अपने गतंव्य को रवाना हो गये थे। बस उज्जैन की ओर आ रही थी।

### नकली नोट मामले में सरेंड कने वाले को भेजा जेल

**उज्जैन।** इंदौर-उज्जैन के बीच नकली नोट छापने और खपाने के मामले का खुलासा दिसंबर में पुलिस ने किया था। 2 आरोपियों से 17.50 लाख के नकली नोट बरामद किये गये थे। मामले में गिरोह का सरगना और उसका साथी फरार थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी सोनू टाटावत निवासी हीरामिल की चाल ने सात माह बाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। चिमनगंज थाना पुलिस ने पूछताछ के लिये 4 दिनों की रिमांड पर लिया था। इस दौरान उसका कहना था कि वह नकली नोट मामले में शामिल नहीं है। उसका पूर्व में गिरफ्तार हिमांशु गौसर से लेनदेन का मामला था, उसने फंसा है, पुलिस को उससे नकली नोट मामले में सरगना राजेश बरबटे का सुराग नहीं मिल पाया। शनिवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**उज्जैन।** आगररोड पर शुक्रवार-शनिवार रात माथुर वैश्य धर्मशाला के सामने गायत्रीनगर में अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में साइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और मृतक को अस्पताल पहुंचाकर उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये। उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पता चला कि कानीपुरा का रहने वाला संतोष पिता मुशीलाल भीलाला है। खबर मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे और बताया कि इलेक्ट्रिक का काम करता था और गायत्रीनगर से वापस घर लौट रहा था। संतोष 2 बच्चों का पिता था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की।

### रेलवे ट्रेक पर घायल हालत में पड़ा मिला युवक

**उज्जैन।** पिंगलेश्वर रेलवे ट्रेक पर शनिवार सुबह एक युवक घायल हालत में पडा मिला। उसे उपचार के लिये लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में युवक झाबुआ का रहने वाला कल्ला पिता केशु 39 साल होना सामने आया है। गंभीर चोंट होने पर वह बोल पाने की स्थिति में नहीं था। जिसके चलते उसके साथ हुई घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस को आशंका है कि ट्रेन के गेट पर बैठ यात्रा करने के साथ सुबह के समय नींद का झोंका आने पर गिरा है। उसकी हालत में सुधार होने पर घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 289-9 | 790-6 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 240-6 | 250-7 |
| मिलन नाइट | 139-3 | 126-9 |
| मधुर डे | 138-2 | 244-0 |
| मधुर नाइट | 678-1 | 580-3 |
| शुभांक | 3 6 | 8 |

## फ्रीगंज में 2 दुकान पर वारदात, नागझिरी तक मिले फुटेज...

# कार से आये बदमाशों ने चुराये लाखों के मोबाइल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कार से शहर में आकर वारदात करने वाले बदमाश सक्रिय दिखाई दे रहे है। शुक्रवार-शनिवार रात बदमाशों ने 2 मोबाइल दुकानों से 80 लाख से अधिक के मोबाइल चोरी कर लिये। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब हाई च्वाइस और एसएस मोबाइल शॉप में करोडों के मोबाइल चोरी होने की खबर सामने आई। माधवनगर थाना सीएसपी दीपिका शिंदे, थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के साथ फिंगर प्रिंट पडताल के लिये पहुंच गई। कैमरों के फुटेज देखने पर बदमाश रात ढाई बजे के लगभग कार से आना सामने आये। बदमाशों की संख्या 4 थी, बदमाशों ने चेहरे पर नकाब बांध रखा था और सिर पर टोपी लगा रखी थी। दोनों दुकानों का शटर उचकाने के बदमाशों ने मोबाइल उठाकर बेग में भरना शुरू किया और कुछ देर में 150 के लगभग मोबाइल लेकर भाग निकले। फिंगर प्रिंट की जांच में पता चला कि बदमाशों ने







हाथों में ग्लब्स पहन रखे थे। बदमाशों ने एसएस मोबाइल शॉप का शटर उचकाने के बाद कांच का गेट भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस की टीमों ने बदमाशों का पता लगाने के लिये कार के आने वाले और जाने वाले मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। एक टीम नागझिरी क्षेत्र तक के कैमरे खंगाल चुकी थी। दूसरी टीम देवास की ओर भागना सामने आने पर देवास तक पहुंच गई है। कार का नम्बर ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन शाम तक नम्बर स्पष्ट नहीं हो पाया था। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बदमाशों का पता लगाने के लिये पुलिस टीम काम कर रही है। मोबाइल की कीमत का आंकलन किया जा रहा है। स्पष्ट कीमत और मोबाइल की संख्या बता पाना मुश्किल है।

परिचित ने शटर खुला देख दी सूचना

हाई च्वाइस मोबाइल शॉप का संचालन महाकाल सिंधी कालोनी में रहने वाले नरेश पिता भगवानदास सितलानी द्वारा किया जाता है। सुबह उनके परिचित ने दुकान का शटर उचका देखा तो सूचना दी। नरेश सितलानी के दुकान आने पर चोरी का पता चला। पुलिस जांच के लिये पहुंची तो कुछ दूरी पर एसएस मोबाइल दुकान में भी चोरी की जानकारी सामने आई। एसएस मोबाइल का संचालन ऋषिनगर में रहने वाले अभिषेक पिता विष्णु दवे द्वारा किया जाता है। दोनों के पास सेमसंग, ओपो, आईफोन, एमआई कंपनी के मोबाइल की एजेंसी है। देर शाम दर्ज हुई शिकायत में हाई च्वाइस से 41 लाख और एसएस मोबाइल से 38 लाख के मोबाइल चोरी होना सामने आ चुका था। जो प्रारंभिक जांच का आंकलन है। रिकार्ड मिलान पर कीमत का इजाफा हो सकता है।

### एक माह पहले लाखों की सिगरेट चोरी

माधवनगर थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान में एक माह पहले महेश्वरी एजेंसी से लाखों की सिगरेट चोरी का मामला सामने आया था। उस दौरान भी बदमाश कार से आना सामने आये थे। पुलिस ने नम्बर ट्रेस किया था, लेकिन कार चोरी होना सामने आई थी। उक्त मामले में अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है। यहीं नहीं पिछले वर्ष नम्बर में फ्रीगंज स्थित भाजपा नगर मंत्री की होलसेल किराना दुकान पर भी बदमाशों ने धावा बोला था, जो कार से आना सामने आये थे।

## एडमिशन के नाम पर ठगे थे 4.50 लाख...

# सिलीगुडी में क्लीनिक चलाता मिला धोखाधड़ी का आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम धोखाधडी करने वाला शातिर मुख्य आरोपी सिलीगुडी में क्लीनिक चला रहा था। 3 माह बाद उसे गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर उज्जैन लाया गया है। आरोपी का साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है।

नीलगंगा थाना एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि मंछामन कालोनी में रहने वाले सतीशचंद्र पटेल ने 29 मार्च को नीलगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र हर्ष का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर 4.50 लाख की धोखाधडी हुई है। रिश्तेदार के माध्यम से बिहार स्थित कटिहार मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आरबी गुप्ता से संपर्क हुआ था। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने के बाद बिहार पहुंचे तो प्राचार्य गुप्ता ने एडमिशन से इंकार कर दिया और कहा कि उन्होने कोई संपर्क नहीं किया है। उनके नाम का उपयोग किसी के द्वारा किया गया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर ट्रांजेक्शन किये गये खातों की प?ताल की गई। जिसके आधार पर 3 माह बाद पश्चिम बंगाल के सिलीगुडी से धोखाधडी के मुख्य आरोपी सुमंत्र पिता सैबल गुप्ता 45 साल को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है।



जिसे रविवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा। आरोपी काफी शातिर है, उसने एमबीबीएस किया और सिलीगुडी के माल बाजार में रिलिफ नर्सिंग होम नाम से क्लीनिक चलाता है। धोखाधडी में उसका एक साथी जयंत पिता ज्योति सरकार भी शामिल था। जिसे 4 मई को कानपुर जेल से पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया गया था। उसकी के माध्यम से सुमंत्र के मुख्य आरोपी होने की जानकारी मिली थी।

**कुछ राशि कॉलेज अकाउंट करता था जमा-** एसआई परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी खुद एमबीबीएस कर चुका है। वह ऐसे लोगों की तलाश में रहता था, जिन्हे एमबीबीएस में सीट प्राप्त करना होती थी। उसके द्वारा देशभर के मेडिकल कॉलेजों की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर रखी है। सीट प्राप्त करने वालों से संपर्क होने पर पहले कॉलेज अकाउंट में 20 से 25 हजार की राशि का ट्रांजेक्शन करता था। जिससे उसके जाल में फंसने वाले का विश्वास हो जाये। उसके बाद एनआरआई सीट दिलाने के नाम पर अलग-अलग अकाउंट में लाखों की राशि जमा करा लेता था। आरोपी और उसके साथी के खिलाफ दिल्ली, सिक्कीम, कानपुर सहित अन्य राज्यों में एडमिशन के नाम पर हुई ठगी के मामले दर्ज है।

### कॉलेज को लौटा पडती है राशि

मंछामन कालोनी के पटेल परिवार से हुई धोखाधडी की राशि 25 हजार बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज के खाते में पहुंची थी। शेष राशि आरोपी ने अपने खाते में जमा कराई थी। पटेल परिवार के बिहार पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य ने अपनी संस्था का अकाउंट चैक किया था, जिसमें ऑनलाइन 25 हजार आये थे। उन्होने कोर्ट आदेश के बाद राशि लौटाने की बात कहीं थी और बताया था कि पूर्व में एडमिशन के नाम उनके कॉलेज खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो चुका है। वह पूर्व में भी राशि लौटा चुके है।

## एक्सप्रेस ट्रेन में सवार युवक के बेग से मिली ड्रग्स

### एनसीबी इंटपुट मिलने पर आरपीएफ ने पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ एक्सप्रेस ट्रेन में सवार युवक को सर्चिंग के बाद आरपीएफ की टीम ने पक?ा तो उसके पास से पिट्ठू बेग में छुपाकर रखी 10 लाख कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। युवक को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों इंदौर के सुपुर्द किया गया है।

आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने बताया कि इंदौर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों से इनपुट मिला था कि जयपुर-मनारगुडी एक्सप्रेस में युवक मादक पदार्थ के साथ यात्रा कर रहा है। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचते ही एएसआई साजिद हुसैन, प्रधान आरक्षक मुख्तारसिंह, महेन्द्रसिंह, राजाराम यादव, कमलसिंह और आरक्षक आशीष मारवाल के साथ सर्चिंग शुरू की गई। ट्रेन के एस-1 कोच में संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जिसके पास पिट्ठू बैग था। उसे हिरासत में लिया गया और बेग की तलाशी ली गई। जिसमें से 10 लाख कीमत की 80 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। युवक को आरपीएफ पोस्ट लाया गया और पूछताछ की गई। उसका नाम राजू पिता भंवरलाल विश्नोई निवासी ग्राम पीथावास जिला जोधपुर होना बताया पाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह कोटा से हैदराबाद की यात्रा कर रहा था। भोपाल पहुंचकर उसे ट्रेन बदलना थी। वह ड्रग्स सप्लाय का काम करता है। पहली बार गिरफ्त में आया है। दक्षिण भारत में ड्रग्स की अच्छी कीमत मिलती है। निरीक्षक यादव के अनुसार युवक के हिरासत मे आने पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों इंदौर को सूचना दी गई। उसे पूछताछ के लिये इंदौर ले जाया गया है।

### भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा

**उज्जैन।** भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व जन्माष्टमी पर (4 सितंबर) को यादव अहीर समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर समाज जनों का चल समारोह निकलेगा। जन्माष्टमी पर्व की तैयारी को लेकर यादव महासभा नगर उज्जैन द्वारा समाज जनों की बैठक आज 12 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे शिप्रा गार्डन नीलगंगा अखाड़े के पास आयोजित की गई है। यादव महासभा उज्जैन के नगर अध्यक्ष श्री नारायण यादव ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर 4 सितंबर 2026 को जन्माष्टमी पर्व यादव समाजजन द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर पालकी में विराजित कर यादव समाज जनों का चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगा। जन्माष्टमी पर्व चल समारोह की तैयारी को लेकर यादव महासभा नगर के पदाधिकारी व सभी समाज जनों की बैठक रविवार को सुबह 10 बजे नीलगंगा अखाड़े के पास स्थित शिप्रा गार्डन पर आयोजित की गई। बैठक में जन्माष्टमी पर्व चल समारोह समिति का गठन करने, चल समारोह का रूट तय करने के साथ ही जन्माष्टमी पर्व की भव्यता को लेकर तैयारियों के संबंध चर्चा की जाएगी। बैठक में समाजजनों के सुझाव भी लिए जाएंगे। नगर अध्यक्ष श्री नारायण यादव ने सभी समाज जनों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### उज्जैन समेत कई शहरों में एक दिवसीय शिविर संपन्न

**उज्जैन।** श्रीलंका बुद्ध विहार और भारत श्रीलंका फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बुद्ध की निर्वाण स्थली कुशीनगर में श्रामणेर पब्बज्जा शिविर की शुरुआत हुई है। यह सात दिवसीय शिविर 10 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर भिक्खु नन्दरतन महाथेरो का जन्मोत्सव भी उल्लास के साथ मनाया गया।

थेरवाद बौद्ध परम्परा के अंतर्गत शिविर के सभी प्रतिभागियों को पंचशील और त्रिशरण से अवगत कराया गया। चीवर देने और भिक्खु बनने की प्रारंभिक प्रक्रिया को ठीक से समझाने के लिए प्रतिभागियों को सफेद वस्त्र प्रदान कर निष्क्रमण के 8 शील दिए गए। यह पूरी प्रक्रिया थाईलैंड के भिक्खु राजबोधि थेरो और म्यांमार के भिक्खु नन्दका थेरो के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। शिविर का मुख्य उद्देश्य साधना, विनय के नियमों का पालन और एक अच्छे नागरिक का निर्माण करना है। प्रशिक्षण के दौरान भिक्खुओं को चारों पच्चवेखना, पूजा वंदना और 227 विनय के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई।

देश-विदेश के भिक्खुओं और कई राज्यों के प्रतिभागियों की हिस्सेदारी भिक्खु नन्दरतन महाथेरो की देखरेख में आयोजित इस शिविर में थाईलैंड के भिक्खु फ्रा थेपचोट, फ्रा इन्द्र सिरी, फ्रा अनुसरोन सिरीत्रकुंग, फ्रा मानचाई सोपानहरी और वियतनाम की भिक्खुनी हयूथिन विशुद्धी का विशेष मार्गदर्शन मिला। साथ ही भन्ते सुमेध रतन, भिक्खु आलोक थेरो, भिक्खु डॉ. तजेन्द्र थेरो, भन्ते इन्द्रसिरी, तेजवन्ता, सुमना, नन्दसार, रतन शाक्य, संघपाल और शीलरतन का विशेष सहयोग रहा।

शिविर में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कैमूर बिहार से अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें बीना मध्य प्रदेश के किशन अग्रवाल सहित जगदेव सिंह, प्रदीप शास्त्री, उत्कर्ष, दीपांशु, निर्मल बौद्ध, विकास कुमार, अमित कुमार गौतम, राम समुझ, पारस नाथ, राम नयन, बैजनाथ बाबवा, बलीराम, अंश, रवीन्द्र नन्दलाल, राम निवास कुशवाह, युगल किशोर, शाक्य परमात्मा मौर्य, राधेश्याम मौर्य, रामनरायन, अश्व वर्धन कुशवाह, चन्द्र शेखर प्रसाद और आयुष वर्धन प्रमुख रूप से शामिल रहे। सह-आयोजक भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो ने बताया कि श्रामणेर प्रशिक्षण के तहत हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में भारत श्रीलंका फाउंडेशन के तत्वावधान में उज्जैन, दतिया, चेन्नई और दिल्ली में एक दिवसीय शिविर आयोजित कर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इससे पूर्व 2 से 12 अप्रैल तक झाँसी में शिविर आयोजित हुआ था, जिसमें 11 अप्रैल को ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती पर राजकीय संग्रहालय में संगोष्ठी और बौद्ध धम्म व संघ से संबंधित पुस्तकों का विमोचन किया गया था। इसके बाद 5 अप्रैल 2026 को भिक्खुओं ने साँची तीर्थ स्थल के दर्शन कर पूजा वंदना की थी तथा 19 से 25 अप्रैल तक बोधगया में भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। फाउंडेशन की विशेष परियोजना के तहत भिक्खुओं के लिए मैन्युअल, सन्तो पर थेरवाद की छाया तथा बौद्ध महिलाओं के लिए दिशानिर्देश पुस्तिकाओं को तैयार कर प्रतिभागियों के बीच वितरित किया गया है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में हंगामा, शिक्षक पर मारपीट का आरोप

**उज्जैन।** उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर शनिवार को उस वक्त हंगामा हो गया, जब छात्र और शिक्षक के बीच धक्का-मुक्की के बाद मारपीट हो गई। छात्रों ने विरोध दर्ज कराया और कक्षा से बाहर आ गये। मामले की खबर एबीवीपी को मिली तो विद्यालय पहुंचे और छात्र के साथ हुई मारपीट को लेकर चक्काजाम कर दिया।



उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर की प्राचार्य विभा शर्मा ने बताया कि स्कूल में इंटरर्नशीप के लिए आई श्रुति जायसवाल नामक युवती को कक्षा 12 वीं कला संकाय में लेक्चर के लिए भेजा गया था। जहां लेक्चर के दौरान कक्षा के छात्र और उनके बीच विवाद की स्थिति बनी थी। इस दौरान विद्यालय के प्रयोगशाला शिक्षक रविश पांडे पहुंचे और उन्होंने छात्र को डपटा तो दोनों के बीच विवादित स्थिति निर्मित हो गई। इसके बाद छात्र एवं उसके साथ आए अभा विद्यार्थी परिषद के लोगों ने आकर विद्यालय के बाहर मुख्य सडक पर जाम लगा दिया। उनकी मांग थी की शिक्षक को निष्कासित किया जाए। इस बीच शिक्षक ने छात्र एवं उसके अभिभावकों से लिखित रूप से माफी मांग लेने के उपरांत भी आंदोलन करने वाले निष्कासन पर अडे रहे। चक्काजाम की खबर पर विद्यालय पहुंचे नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने छात्रों और चक्काजाम कर रहे संगठन के कार्यकर्ताओं को समझाया। प्राचार्य शर्मा के अनुसार करीब 3 घंटे उपरांत शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई का पत्र जिला शिक्षा अधिकारी के नाम दिए जाने पर चक्काजाम समाप्त किया गया।

**छात्र बोला, बाहर ले जाकर पीटा, शर्ट फाडी-** 12वीं आर्ट्स (हिंदी) के छात्र शिवेश चौधरी ने बताया, चौथे पीरियड में श्रुति जायसवाल मैडम ने अंग्रेजी बोलने के लिए कहा। जब हम नहीं बोल पाए तो उन्होंने अंग्रेजी में अपशब्द कहे। इसके बाद रवि सर आए और मुझे बाहर ले जाकर पीटा और शर्ट फाड दी।

**शिक्षिका बोली, डांटा तो वीडियो बनाने लगे-** इंटर्नशीप शिक्षिका श्रुति जायसवाल ने का कहना था मैं कक्षा में बच्चों को पडा रही थी। इस दौरान शिवेश सहित एक-दो छात्र टेबल हिलाकर शोर कर रहे थे। मना करने पर वे अशोभनीय टिप्पणियां करने लगे। मैंने डांटा तो मोबाइल निकालकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। रवि सर को बुलाने पर छात्र ने धक्का-मुक्की, सर ने थप्पड मारा तो छात्र ने मारपीट शुरू कर दी।



# समय को क्या काटोगे

जीवन दो तरीके के हो सकते हैं। एक तो ऐसा कि बहता चला जाए, परिणाम कुछ भी न हो, निष्पत्ति कोई न मिले, पहुंचना कहीं न हो, कोई मंजिल पास न आए और दूसरा तरीका यह कि वह किसी लक्ष्य, किसी गहरे प्रयोजन, किसी गहरी प्रार्थना के धागे में पिरोया हुआ हो।

अधिकतर लोगों का जीवन समय का एक ढेर है। उसमें कोई संगति नहीं, कोई रेखाबद्ध विकास नहीं है। उसमें कोई सोपान नहीं है। कुछ लोगों का जीवन धागे में पिरोए हुए फूलों की भांति है। प्रत्येक फूल एक सीढ़ी है, और हर फूल एक नया द्वार है और जीवन एक शृंखला है। वह कहीं पहुंचता हुआ मालूम होता है।

समय रहते जाग जाओ, तो ठीक, क्योंकि जो क्षण बीत गए, वे बीत ही गए। उनको फिर से जीने की कोई सुविधा नहीं है। इसलिए समय इस संसार में सबसे ज्यादा बहुमूल्य है। गया, तो गया और उसी के संबंध में हम सबसे ज्यादा लापरवाह हैं।

लोग बैठकर ताश खेल रहे हैं, शराब पी रहे हैं। पूछो, क्या कर रहे हो? वे कहेंगे कि समय काट रहे हैं, समय काटे नहीं कटता। समय तुम्हें काट रहा है, पागलो! तुम समय को न काट सकोगे। समय को तुम क्या काटोगे? तुम समय को कैसे काटोगे? समय पर तो तुम्हारी कोई पकड़ ही नहीं है। समय तुम्हें काट रहा है: तुम सोचते हो, तुम समय को काट रहे हो। आखिर में पाओगे, समय तो नहीं कटा, तुम ही कट गए। आखिर में पाओगे, समय तो नहीं मरा, तुम्हीं मर गए। समय तो एक अर्थ में वहीं का वहीं है। तुम आते हो, चले जाते हो। तुम्हारी सुबह होती है, तुम्हारी सांझ होती है। तुम्हारा जन्म होता है, तुम्हारी मृत्यु होती है।



सम्पादकीय

## अमरनाथ की चिंता

अमरनाथ यात्रा तो जारी रहेगी, पर इसकी आस्था के केंद्र बाबा बफार्नी के दर्शन नहीं हो पाएंगे। बर्फ से बनने वाला प्राकृतिक शिवलिंग आधिकारिक रूप से यात्रा शुरू होने के चार दिन बाद ही पिघल गया है। मई महीने में यह सात फीट से ज्यादा ऊंचा था, पर यात्रा शुरू से होने से पहले ही 29 जून को इसकी ऊंचाई घटकर पांच फीट रह गई थी। विगत 7 जुलाई को यह 90 प्रतिशत से ज्यादा पिघल गया। लगातार तीसरे साल समय से बहुत पहले ही बाबा ने भक्तों को दर्शन से वंचित कर दिया है। अमरनाथ यात्रा और उस पावन गुफा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह गुफा हिमालय में 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां केवल पैदल, खच्चर या पालकी से पहुंचा जा सकता है। यह प्राकृतिक संयोग ही है कि हर वसंत ऋतु में गुफा की छत से टपकता जल जमते-जमते शिवलिंग की आकृति धारण करता है और यह भगवान शिव के प्रति श्रद्धा का एक अनुपम केंद्र बन जाता है। अफसोस, हिम-शिवलिंग दर्शन के दिन साल-दर-साल घटते चले जा रहे हैं।

बीते वर्ष की बात करें, तो करीब 25 लाख लोग यात्रा पर गए थे, मगर उनमें से पांच प्रतिशत आस्थावान ही हिम-शिवलिंग के दर्शन कर पाए थे। इस वर्ष तो दर्शन करने वालों की संख्या और भी कम रही है। यात्रा जारी रहेगी, क्योंकि अमरनाथ गुफा का अपना महत्व है, किंतु वहां से ज्यादातर भक्त कुछ निराशा लिए लौटेंगे। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? पहली नजर में तो यह पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों का दुष्परिणाम है। स्थानीय स्तर पर अमरनाथ गुफा या उस पूरे क्षेत्र के प्राकृतिक संरक्षण के लिए शायद कुछ भी नहीं किया गया है। भक्त जिस हिम-शिवलिंग की पूजा करते हैं, उसे प्रकृति ही निर्मित करती है। अगर प्रकृति का संरक्षण नहीं होगा, तो ऐसे विरल शिवलिंग के दर्शन भी नहीं होंगे। क्या उस क्षेत्र में प्रकृति के संरक्षण के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं? क्या पहले की गई अच्छी सिफारिशों को लागू किया गया है? विशेषज्ञ बताते हैं कि अमरनाथ श्राइन बोर्ड यहां पर्यावरण कानूनों की पालना पर्याप्त मुस्तैदी से नहीं करता है। पिछली सदी के अंतिम वर्षों तक अमरनाथ गुफा के निकट एक किलोमीटर के रास्ते में हर जगह हिम-दर्शन होते थे और हिम-शिवलिंग की ऊंचाई हफ्तों तक आठ-दस फीट तक बनी रहती थी। अब यात्रा के समय उस पूरे क्षेत्र में हिम-दर्शन दुर्लभ होता जा रहा है। प्रकृति पथराती जा रही है। अब क्या यात्रा के समय को बदलना होगा? क्या यात्रा की शुरूआत जुलाई से नहीं, जून से ही करनी पड़ेगी, ताकि लोग यहां दर्शन लाभ ले सकें? हालांकि, आने वाले समय में यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रकृति के चमत्कार के दर्शन के लिए वही लोग जाएं, जो प्रकृति के संरक्षण का महत्व समझते हैं, जो कचरा या गंदगी नहीं फैलाते, जो यहां तपस्या भाव से पहुंचते हैं।

देशभर में चर्चित रहा मामला

# पेट्रोल में एथनाल : आखिर ये माजरा क्या है ?

भारत में इन दिनों पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल का मिश्रण किये जाने यानी ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से होने वाले नुक़सान को लेकर बहस छिड़ गयी है। इसके प्रयोग से देश भर से वाहनों के इंजन खराब होने की खबरें मीडिया में आने लगी हैं। ई20 उपभोक्ता अब न केवल इसकी शिकायतें करने लगे हैं बल्कि जगह जगह इसे लेकर धरना प्रदर्शन भी होने लगे हैं। गत दिनों तो दिल्ली के जंतर मंतर पर भी ई 20 मिश्रित पेट्रोल के विरोध में प्रदर्शन किया गया।और इससे वाहनों को होने वाले नुक़सान को लेकर सरकार को अवगत कराया गया। भारत में हो रहे इसके विरोध व इसके इस्तेमाल से आ रही परेशानियों व वाहनों को हो रहे कथित नुक़सान की खबरों के बीच पड़ोसी देश भूटान ने भी भारतीय तेल कंपनियों से एथनाल मिश्रित ई 20 पेट्रोल वहां न भेजने व केवल पूर्व में भेजा जा रहा केवल शुद्ध ढ100 जैसे पेट्रोल की आपूर्ति करने को कहा है। भूटान द्वारा इसका कारण यह बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर भण्डारण के पुराने भूमिगत फ़्यूल टैंक में ई 20 पेट्रोल के भण्डारण की वजह से पानी के रिसाव का जोखिम है जिससे एथनाल मिश्रित ईंधन खराब हो सकता है। क्योंकि इथेनॉल की प्रवृति नमी को आकर्षित करने वाली होती है और वातावरण से नमी लेने पर ईंधन की गुणवत्ता घट सकती है और इंजन में अनेक प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा पहाड़ी इलाके में स्टोरेज और सप्लाई श्रृंखला को आधुनिक करना भी आवश्यक होगा, जिसमें तत्काल परिवर्तन करना जोखिमपूर्ण माना गया। भूटान द्वारा अपनी आपत्ति में पहाड़ी रास्तों में वाहन के परफार्मेंस पर भी फर्क पड़ने का संदेह व्यक्त किया गया है।



निर्मल रानी
(दैनिक अविन्तका)

भारत में भी देश भर से गाड़ियों के खराब होने,गाड़ियों की पेट्रोल टंकी के गलने व जंग लगने,माइलेज कम होने व इंजन के खराब होने तक की शिकायतें आने लगी हैं। और उधर इसी ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति व खपत की आड़ में शुद्ध पेट्रोल यानी ढ100 का मूल्य 167 रुपए प्रति लीटर तक हो गया है। एथनाल के उपयोग से केवल गाड़ियां ही खराब नहीं हो रही हैं बल्कि इसके उत्पादन में भी पानी का भी बेतहशा दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे भविष्य में यह जलसंकट का कारण भी बन सकता है। गौरतलब है कि एथनॉल का उत्पादन चावल ,मक्का और गन्ना आदि की फसलों से होता है। और इन सभी फसलों की पैदावार में बेतहाशा पानी का इस्तेमाल होता है। इसके बाद जब इसी फसल से एथनॉल बनाया जाता है तो इसमें और भी ज्यादा पानी खर्च होता है। मिसाल के तौर पर चावल से 1 लीटर एथनॉल बनाने में लगभग 10790 लीटर पानी खर्च होता है जबकि मक्का से 1 लीटर एथनॉल बनाने में करीब 4670 लीटर पानी की खपत होती है इसी तरह गन्ने से मात्र 1 लीटर एथनाल बनाने में तकरीबन 3630 लीटर पानी लगता है। गोया पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण की नीति देश के जल बचाने के अभियान के ठीक विरुद्ध जलसंकट खड़ा करने में भी सहायक हो सकती है। जरा सोचिये कि जब ए20 पेट्रोल की आपूर्ति में जल का इतना इस्तेमाल होता है तो यदि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की इच्छानुसार पेट्रोल में 85 प्रतिशत मिश्रण कर ए85 की आपूर्ति की योजना पर अमल किया गया तो भारत जैसे उस देश में पानी के अकाल को कैसे टाला जा सकेगा जहां के कई इलाकों में पहले ही पीने का पानी लोगों को मयस्सर नहीं है ? हालांकि अब खबर यह भी आ रही है कि भारी विरोध के बीच केंद्र सरकार अब ए25 पेट्रोल को लागू करने की योजना को फिलहाल टाल सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार सरकार अब इस ई25 बदलाव को जल्दबाजी में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है।

देश में पेट्रोल में एथनाल के मिश्रण को लेकर कुछ जिम्मेदार लोगों के विरोधाभासी बयान भी सुनाई दे रहे हैं। इसकी वजह से आम लोगों में एथनाल के मिश्रण के प्रति अविश्वास व भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। मिसाल के तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्जीक्युटिव वाईस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने अपने एक इंटरव्यू में पहले तो यह स्वीकार किया था कि ए20 पेट्रोल के इस्तेमाल से बेशक फ़्यूल एफि शिएंसी में कुछ कमी आती है। परन्तु बाद में उन्होंने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे परफॉर्मेंस के मामले में 'बेहतरीन ईंधन' भी बता डाला। इसी तरह भारत पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बायोफ़्यूलस के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुराग सरावगी ने भी स्वीकार किया था कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल करने से गाड़ियों की माइलेज में 30 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इतना ही नहीं बल्कि भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने गत 30 जून को सर्वोच्च न्यायलय में एक सुनवाई के दौरान अदालत को यह भी बताया कि ए-20 पेट्रोल का इस्तेमाल फिलहाल एक प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है। इस बात के सार्वजनिक होने के बाद तो लोगों में और भी आक्रोश फैल गया कि आखिर प्रयोग के तौर पर उन्हें 'गिनी पिग' अर्थात प्रयोग किये जाने वाला जीव क्यों बनाया जा रहा है। उसके बाद सरकार की तरफ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि अटॉर्नी जनरल के हवाले से कही जा रही बातें गलत हैं।

कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी एक तरह से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की बातों का समर्थन करते हुए इस बात पर नाराजगी जताई कि '3.6 करोड़ भारतीय कार मालिकों पर इसतरह के प्रयोग क्यों किए जा रहे हैं ? उन्होंने कहा कि अभी भारत में 10 में से 9 गाड़ियां ए20 के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति आम सहमति के बिना और इसके होने वाले परिणामों को समझे बगैर लागू कर दी गई है । खड़गे ने यह भी कहा, हमारी गाड़ियों में इसे जबरदस्ती डालने के बाद आप राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन बदलने की इस प्रक्रिया को 'प्रयोग' नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि जब सरकार का अपना डेटा ही अभी तक तैयार नहीं है, तो नागरिकों को नुक़सान साबित करने की चुनौती नहीं दी जा सकती । आम लोग 'गिनी पिग' नहीं हैं न ही हमारी सड़कें टेस्ट ट्रैक हैं और देश के उपभोक्ताओं की जेबें सरकार के ट्रायल का बजट नहीं हैं। खड़गे ने ए20 को वापस लेने मांग करते हुये कहा कि सरकार पहले इसे प्रयोग के योग्य,स्वीकार्य व प्रमाणित ईंधन साबित करे, फिर इसे प्रयोग करने की नीति लागू करें। निश्चित रूप से पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल मिश्रण देश के वाहन धारकों के लिये फिलहाल एक समस्या बन गया है और सरकार द्वारा इसके पक्ष में दिए जा रहे तर्कों व विशेषज्ञों व इस नीति के आलोचकों द्वारा उठाये जा रहे बिंदुओं के बीच देश समझ ही नहीं पा रहा है की आखिर ये माजरा क्या है ?

## पेट्रोल का नया अवतार

आज पेट्रोल बोला, भाई इथेनॉल,
यूं आजा कर लें थोड़ा-सा धमाल।
सोचते इथेनॉल बोला, ठीक है यार,
अब तो मैं भी हूँ सरकार का प्यार!
मेरी गाड़ी बोली, धीरे-धीरे आना,
मुझको प्रयोगशाला नहीं बनाना।
इंजन बोलता, पहले सोच-विचार,
फिर ना करना ऐसा कोई सुधार।
मालिक बोला, जेब तो बच जाए,
माइलेज भी थोड़ा-सा बढ़ जाए।
मेकेनिक हँसते हुए धीरे से बोला,
मेरा धंधा कौन सँभालेगा भला?
नेता बोले, सब कुछ होगा बढ़िया,
जनता बोली, पहले जोड़े कड़िया!
विशेषज्ञ बोले, करो यहाँ परीक्षण,
फिर दे देना जनता को आश्वासन।
अंत में इसका निकला यही निचोड़,
जल्दबाजी में से मिलता है झंझोड़।
हाँ, पहले सोचो, फिर कदम बढ़ाओ,
जनहित वाला ही रास्ता अपनाओ।
हँसते-हँसते आम लोगों ने ये माना,
सोच-समझकर काम है करवाना।
वरना जनता यही कहेगी बार-बार–
पेट्रोल में क्या! मिलाया हैं सरकार!

**– संजय एम तराणेकर**

## बादल पानी बरसा जा

बादल छाने लगे
पंछी गीत गाने लगे
नदियाँ कर रही विनती
सूखे पहाड़ निहार रहे
आबिया मेसेज भेज रही
धरती मुस्कुराने की आस करें।
मोर नाचने लगे
बादल गर्जन गीत गाने लगे
छतरियां घूमर
मेंढक भी गुणगान करें।
बादल राजा
जल्दी आजा
बादल पानी बरसा जा
ककड़ी भुट्टे लाजा
बच्चे गीत गाने लगे
पेड़ों पर सूने झूले
खुलने की आस करें
बादल पानी बरसा जा।

**- संजय वर्मा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 जुलाई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:43 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - त्रयोदशी 22:30 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - रोहिणी 08:29 उपरांत मृगशिरा 05:41 उपरांत आर्द्रा
योग - वृद्धि 20:06 उपरांत ध्रुव
करण - गर
चन्द्रमा - वृषभ में है। 19:06 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 26 तारिख

**मेष-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**वृषभ-** नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मिथुन-** जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

**कर्क-** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा।

**सिंह-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे।

**कन्या-** विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।प्रमाद न करें।

**तुला-** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा।

**वृश्चिक-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा।

**धनु-** किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। आय में निश्चितता रहेगी। बेवजह तनाव रहेगा।

**मकर-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ-** कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी।


**मीन-** पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

# सेहतमंद रहने के लिए सही खानपान बेहद जरूरी

शरीर के अलग अलग अंगों के लिए अलग-अलग विटामिन और मिनिरल की जरूरत पड़ती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, हड्डियों मजबूत बनाने, मांसपेशियों और त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए कई तरह के विटामिन, मिनिरल्स, एमिनो एसिड की जरूरत होती है।

अगर शरीर में इन पोषक तत्वों की कमी हो जाए तो कई तरह की क्रोनिक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। सबसे ज्यादा असर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है, जिसकी वजह से आप जल्दी बीमार पड़ते हैं और एनर्जी में कमी आने लगती हैं। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने और सही से काम करने के लिए जरूरी विटामिन और मिनिरल्स से भरपूर आहार या सप्लीमेंट्स लेने की जररूत होती है। आप इन प्राकृतिक स्त्रोत से विटामिन, खनिज और एमिनो एसिड की कमी को पूरा कर सकेत हैं। आइये जानते है।

**जरूरी विटामिन ई-** बालों और त्वचा के लिए विटामिन ई बहुत जरूरी है। विटामिन ई शरीर में शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। इससे दिल की धमनियों में खून के थक्के बनने से रोका जा सकता है। इसके अलावा एजिंग को रोकने के लिए भी विटामिन ई बहुत जरूरी है। आप विटामिन ई के लिए बादाम, मूंगफली, पालक, शिमला मिर्च और आम जैसे फल खा



सकते हैं। विटामिन के शरीर को ताकत देने और इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। आपको हार्ट और फेफड़ों की मसल्स के इलास्टिक फाइबर को बनाए रखने के लिए भी विटामिन के जरूरी है। विटामिन के से भरपूर स्त्रोत के तौर पर आप अपने आहार में ब्रोकली, केला, एवोकाडो, नट्स, अंडा और बैरीज शामिल कर सकते हैं।

**जरूरी मिनिरल्स –** आयरन शरीर को स्वस्थ रखने वाले जरूरी खनिज में आयरन भी शामिल है। आयरन शरीर में हीमोग्लोबिन को ठीक रखने, खून की कमी को पूरा करने और कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करने के लिए जरूरी है। शरीर में आयरन की कमी, हीमोग्लोबिन की कमी या एनीमिया होने पर आप खाने में पालक, चुकंदर, अनार, सेब, पिस्ता, आंवला, सूखे मेवा, हरी सब्जिया शामिल कर सकते हैं।

जिंक हमारी इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को किसी भी तरह के संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी मिनरल है। ये ऐसा मिनिरल है जो शरीर में कम मात्रा में पाया जाता है। नई कोशिकाओं के निर्माण में जिंक मदद करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आप जिंक का सेवन जरूर करें। जिंक बेक्ड बीन, दूध, पनीर, दही, रेड मीट, चना, दाल, कद्दू, तिल, मूंगफली, काजू, बादाम, अंडा, गेहूं और चावल जैसी चीजों में पाया जाता है।

**मैग्नीशियम-** मैग्नीशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। इससे डायबिटीज को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। मैग्नीशियम हमारी तंत्रिका तंत्र के लिए भी जरूरी है। आप मैग्नीशिय के लिए मूंगफली, सोया मिल्क, काजू, बादाम, पालक, ब्राउन राइस, सेलमन मछली, चिकन जैसे खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

समसामयिक

## देश में सख्त कानून बनाए और लड़कियों, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर रोक लगाए



हमारे देश में एक समय ऐसा भी गुजरा है कि लोग कोई भी अपराध करने से खूब डरते थे। लेकिन अब समय बदल चुका है । बढ़ते शराब के सेवन, बढ़ते मोबाईल के उपयोग एवं प्रभावशाली लोगों के हस्तक्षेप तथा स्वार्थी प्रवृत्ति के वशीभूत होकर अपराध होते हैं और दिन-प्रतिदिन बढ़ते भी जा रहे है । देश में लड़कियों एवं महिलाओं पर बढ़ते अपराधों ने यह साबित कर दिया है कि अब लोग बिल्कुल भी डरते नहीं है और ना ही उनमें कानून का डर रहा हैं । लोग सरेआम दिन में रात में ही कानून की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं । कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, कानून का मजाक बनाया जा रहा है। एक साधारण से रिक्शा चालक के इतने बुलंद हौसले कैसे हो गये। लाज वालों को भी कोई भय नहीं। अपराधी भी बेखौफ हो गए । वे मरने मारने और घिनौने अपराधों को इस तरह के करने लगे हैं कि कोई हमारा क्या कर लेगा । मुस्लिम देशों की तुलना में हमारे देश में अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि हमारे देश में संविधान लचीला होने के साथ-साथ कठोर भी है। अब समय आ गया है कि हमारे देश में कानून सख्त से सख्त हो। तुरंत कार्रवाई हो और. न्याय सुलभ हो। अभी हाल ही में राजस्थान के श्री गंगानगर में 13 साल की बच्ची के साथ 32 लोगों ने जो घिनौना कृत्य किया है पांच दिन तक बंधक बनाए रखा और बच्ची को मौत के घाट उतारा दिया गया है । लचीला कानून का परिणाम है । अब सरकार उन सभी अपराधियों को कठोरतम दंड तो निश्चित रूप से देगा ही । इधर अपराधियों को कठोरतम दंड के लिए श्री गंगा नगर की जनता भी रोड पर उतर आई है ताकि अपराधियों को तत्काल कठोरतम दंड दिया जा सके । अधिकतर अपराधी पकड़ में आ चुके हैं । बाकी को भी पुलिस गिरफ्तार कर लेगी । लेकिन अब ऐसी दिल दहला देने वालीं घटनाएँ ना हो समाज और सरकार को भी सतर्क रहने की सख्त जरूरत है । पेरेंट्स ज्यादा किसी पर विश्वास भी नहीं करे। क्योंकि ज्यादातर लोग स्वार्थी होकर बनावटी व्यवहार के हो गए हैं । अपराधी वर्ग के लोग ज्यादातर स्कूल, कालेज की छात्राओं, लड़कियों और महिलाओं का अकेले में ही ज्यादा फायदा उठाते हैं या गलत हरकत करते हैं । ऐसे में लड़कियों और महिलाओं को सावधान रहने के साथ ही ज्यादातर ग्रुप में ही समयानुसार आना जाना चाहिए । ग्रुप में इधर-उधर जाने और आने में लड़कियां और महिलाएं ज्यादा सुरक्षित रहती हैं । और. वे सामूहिक रूप से भी विरोध कर सकती हैं । अगर घर परिवार के लोग भी लड़कियों के साथ रहते हैं तो बहुत अच्छा है । जमाना अब विश्वास करने लायक बिल्कुल भी नहीं रहा हैं। पल पल में इंसान की नीयत बदलती रहती हैं। सावधानी निहायत जरूरी है । बढ़ते अपराधों से बचने के लिए लड़कियां और महिलाओं को हमेशा सतर्क रहने की भी जरूरत है । अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार को देश में सख्त से सख्त कानून बनाना चाहिए ताकि ऐसे घिनौने अपराधों पर नियंत्रण लगाया जा सके।



डॉ. मदनलाल गांगले
(दैनिक अवन्तिका)

धर्म-आस्था

# क्या वैराग्य का मतलब संसार छोड़ना है? समझें वर्तमान में जीने की कला

आंतरिक अनासक्ति का अर्थ है खुद को हर तरह से अलग कर लेना भावनाओं से, इच्छाओं से और उन सभी मोह से जो दुनिया से लगाव लगाए रखती है। लेकिन इसके लिए जरूरी नहीं कि हम भावनाओं को दबाएँ या खुद के साथ जबरदस्ती करें, बल्कि इसका अर्थ है कि उन्हें देखें और स्वीकार करें, पर उनसे चिपके नहीं।

आंतरिक अनासक्ति का अध्यात्म में गहरा महत्व है। ये अलग बात है कि अधिकतर लोग इसका गलत अर्थ लगा लेते हैं। उन्हें लगता है कि अनासक्ति का मतलब भावनाओं से भागना है, जबकि ऐसा नहीं है। यह हमें वर्तमान में टिके रहने और संतुलित जीवन जीने में मदद करता है। यह एक प्रक्रिया और तरीका है, जो समझाता है कि भावनात्मक लगाव के बिना वर्तमान में कैसे रहा जाए। इस बारे में गीता में भी बताया गया है। तो, चलिए ठीक से समझते हैं कि आंतरिक अनासक्ति आखिर है क्या...आंतरिक अनासक्ति का वास्तविक अर्थ

हर व्यक्ति जीवन में किसी न किसी रूप में भावनात्मक लगाव या मोह का



अनुभव करता है, चाहे वो सफलता हो, संपत्ति हो या रिश्ते। समस्या तब शुरू होती है जब हमारा मन इन चीजों से इस हद तक जुड़ जाता है कि खुशी और दुःख पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर हो जाते हैं। यहीं से आंतरिक अनासक्ति की अवधारणा जरूरी हो जाती है, वरना इंसान लोभ-मोह के एक गहरे दलदल में धंसता चला जाएगा। आंतरिक अनासक्ति का अर्थ जीवन से दूरी बनाना नहीं है, बल्कि परिस्थितियों के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखना है। अधिकतर लोग सोचते हैं कि अनासक्ति का अर्थ है - खुद की इच्छाओं के दरवाजे बंद कर देना, हर चीज से मुंह मोड़ लेना, वैराग्य जैसा जीवन अपना लेना लेकिन सच्चाई यह है कि अनासक्ति का अर्थ प्रेम, जिम्मेदारी या संबंधों को छोड़ देना नहीं है। बल्कि इसका अर्थ है कि हम अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी से करें, लेकिन परिणाम, प्रशंसा या नियंत्रण की अत्यधिक इच्छा से स्वयं को मुक्त रखें। दूसरे शब्दों में, हम जीवन में पूरी तरह भाग लें, लेकिन अपनी मानसिक शांति को बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर न होने दें।

### आंतरिक अनासक्ति पर भगवद्गीता का दृष्टिकोण

भगवद्गीता में कर्मयोग का संदेश यही है कि व्यक्ति अपने कर्तव्य पर ध्यान दे और परिणाम के प्रति अत्यधिक आसक्ति से बचे। इसका अर्थ प्रयास कम करना नहीं, बल्कि चिंता कम करना है। जब व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ देता है और परिणाम को स्वीकार करने की क्षमता विकसित करता है, तो मानसिक संतुलन बनाए रखना आसान हो जाता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,42,700 रवा- 1,42,500 चांदी- टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



जोशी की 94वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

## जनसेवा के कार्य, रेल स्टॉपेज सहित विकास कार्यों का किया उल्लेख

**शुजालपुर।** पूर्व उद्योग राज्यमंत्री एवं क्षेत्र के वरिष्ठ जननेता स्वर्गीय विद्याधर जोशी बा साहब की 94वीं जयंती शुक्रवार को तपोवन स्थित पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय विद्याधर जोशी ने अपने सार्वजनिक जीवन में शुजालपुर क्षेत्र के विकास के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके प्रयासों से क्षेत्र को अनेक विकास कार्यों की सौगात मिली। विशेष रूप से शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों के स्टॉपेज की व्यवस्था उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल रही, जिससे क्षेत्रवासियों को आज भी लाभ मिल रहा है। वक्ताओं ने उनके जनसेवा, सरल स्वभाव और विकासोन्मुखी सोच को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर जसमत सिंह बिसेना, अशोक परमार, सागर परमार, अचल सिंह मेवाड़ा, आलोक श्रीवास्तव, मोहन सिंह पंवार, विक्रम सिसोदिया, महेंद्र नाहर, जीवन राणा, अशोक अग्रवाल, चांद सिंह राजपूत, विष्णु शर्मा, मनोहर जाटव, विशाल शर्मा, अजब सिंह मेवाड़ा, बबली जैन, दीपक शर्मा, मोहन धनगर, अरविंद सिंह देवड़ा, अशोक विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंगल सिंह राठौड़ व आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस पठान ने व्यक्त किया।

## सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को 26.14 लाख रुपए का मुआवजा

### मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर का फैसला

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने 26 लाख 14 हजार 660 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी भुगतान करने के निर्देश बीमा कंपनी को दिए गए हैं। प्रकरण के अनुसार ग्राम नीमखेड़ी निवासी सतीश परमार की 12 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 7 बजे सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बताया गया कि सतीश परमार मोटरसाइकिल से अपने घर से खेत जा रहे थे। ग्राम नीमखेड़ी में मोडसिंह दांगी के खेत के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 42 एबी 2712 के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में सतीश परमार को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी ममता परमार सहित अन्य वारिसों की ओर से अधिवक्ता महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत ने सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर की न्यायाधीश दुर्गा सोलंकी के समक्ष क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अधिकरण ने मृतक के आश्रितों के पक्ष में निर्णय देते हुए बीमा कंपनी को 26,14,660 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि तथा आवेदन की तिथि से छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश जारी किए।

## एक पेड़ बिटिया के नाम अभियान अंतर्गत गूंजा हरियाली और पोषण का संदेश



**शाजापुर।** जिले में पर्यावरण संरक्षण, बेटियों के सम्मान और पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार 10 जुलाई को जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों परएक पेड़ बिटिया के नाम थीम के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने एक जन-आंदोलन का रूप ले लिया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, लाड़ली बहनों, बालिकाओं और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने ग्राम पिन्दोनिया स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर बालिकाओं और ग्रामीणों के साथ पोषण वाटिका में पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने मौजूद लाड़ली बहनों, बच्चों और ग्रामीणों को पोषण वाटिका के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। त्रिपाठी ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को मिलने वाली विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र जरूर भेजें। त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्टर बाफना की मंशानुरूप जिले की सभी आंगनवाड़ियों में एक ही दिन, एक साथ यह महाभियान चलाया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों की पोषण वाटिकाओं में मौसमी सब्जियों के साथ-साथ सुरजना, सीताफल, पपीता, जामुन और नींबू जैसे बहुपयोगी व फलदार पौधे लगाए गए।

## माता टेकरी प्रवेश द्वार से गिरे पत्थर, एक व्यक्ति घायल, पैर में आई चोट

**देवास।** देवास में माता टेकरी के रपट मार्ग पर स्थित कुमार गंधर्व द्वार से शनिवार सुबह पत्थर टूटकर गिर गए। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि एक बड़ा हादसा टल गया। द्वार से अचानक लाल पत्थरों के कुछ टुकड़े नीचे गिरे। घटना के समय द्वार के पास कुछ लोग चाय पी रहे थे और श्रद्धालुओं की आवाजाही भी जारी थी। गिरे हुए पत्थरों में से एक टुकड़ा नीचे खड़े एक व्यक्ति के पैर पर जा गिरा, जिससे उसे चोट आई। अन्य लोग बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पत्थरों के टुकड़े ठीक द्वार के नीचे गिरे। संयोगवश उस समय वहां अधिक भीड़ नहीं थी, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता टेकरी के दर्शन के लिए आते-जाते हैं।

### रिटायर्ड अधिकारी के 27 लाख बकाया भुगतान के लिए मांगे थे डेढ़ लाख

# आगर खाद्य विभाग का घूसखोर बाबू 50 हजार रुपये रंगे हाथ लेते पकड़ाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा



उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने जिला खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग में तैनात बाबू मनीष पंड्या को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी बाबू पर विभाग के ही एक रिटायर्ड अधिकारी के रुके हुए पैसों को पास कराने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

दरअसल, विभाग के रिटायर्ड जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी गोवर्धन बोरसिया के ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट (अवकाश नकदीकरण), बीमा और बाकी भत्तों के करीब 25 से 27 लाख रुपए बकाया थे। इस क्लेम को पास करने के बदले बाबू मनीष पंड्या ने डेढ़ लाख रुपए की घूस मांगी थी।

चूंकि गोवर्धन बोरसिया फिलहाल लकवाग्रस्त हैं और पिपलौदा में रह रहे हैं, इसलिए उनका बेटा विजय बोरसिया इस विभागीय काम के लिए दफ्तर के चक्कर काट रहा था।

लोकायुक्त इंस्पेक्टर दीपक सेजवार ने बताया कि आरोपी मनीष पंड्या पहले गोवर्धन बोरसिया के अधीन ही काम कर चुका था। इसके बावजूद उसने फाइल आगे बढ़ाने के लिए अपने पूर्व अधिकारी के बेटे से घूस मांगी। परेशान होकर विजय बोरसिया ने 8 जुलाई को उज्जैन लोकायुक्त एसपी आनंद यादव से इसकी शिकायत कर दी।

### चेक वापस किया और जैसे ही कैश लिया, लोकायुक्त ने दबोचा

शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त ने जाल बिछाया। तय प्लान के मुताबिक, शुक्रवार को विजय बोरसिया 50 हजार रुपए कैश और 50 हजार रुपए का एक चेक लेकर बाबू के पास पहुंचा। आरोपी ने चेक वापस कर दिया और जैसे ही 50 हजार रुपए कैश अपने पास रखे, वैसे ही विजय ने लोकायुक्त टीम को इशारा कर दिया। संकेत मिलते ही इंस्पेक्टर दीपक सेजवार के नेतृत्व में करीब 12 सदस्यों की लोकायुक्त टीम ने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय परिसर में ही आरोपी बाबू को दबोच लिया। कार्रवाई के बाद टीम आरोपी को पास के ही एक रेस्ट हाउस ले गई, जहां कागजी कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

## पुलिस की सख्ती 52 वाहनों की जांच

**आगर मालवा।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा के लिए पुलिस ने 10 दिवसीय विशेष स्कूल वाहन जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले दिन, गुरुवार को 52 स्कूल वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन मिलने पर 23 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 38,700 रुपए का जुमार्ना वसूला गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 8 से 17 जुलाई तक चल रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में स्कूल बस, ऑटो, टाटा मैजिक, इको कार सहित विभिन्न वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, चालक का लाइसेंस, ब्रेक, आपातकालीन निकास, अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, स्पीड गवर्नर, अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है। पहले दिन केंद्रीय विद्यालय सहित जिले के विभिन्न स्कूलों की 22 बस, 12 ऑटो, 8 टाटा मैजिक, 5 इको कार, 5 अन्य वाहनों का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही स्कूल संचालकों, वाहन मालिकों से सभी दस्तावेज अद्यतन रखने, निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की गई है।

### जिला संयोजक चौहान ने छात्रावासों का निरीक्षण किया

## मेनू अनुसार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराया जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास जिला संयोजक रमेश चौहान ने शासकीय अनुसूचित जाति बालक उत्कृष्ट छात्रावास कालापीपल, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास कालापीपल, कन्या सीनीयर छात्रावास कालापीपल, बालक सीनियर छात्रावास कालापीपल, कन्या जूनियर छात्रावास जामनेर एवं बालक सीनियर छात्रावास क्रमांक 01 शुजालपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति, आवास व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में पाया गया कि अधिकांश संस्थाओं में व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, तदुपरांत भी संबंधित अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि छात्रावास परिसर, रसोई घर, शौचालय एवं कक्षों की नियमित साफ.सफाई सुनिश्चित की जाए तथा मेनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं नाश्ता विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाए।

इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण, पौधारोपण, किचन गार्डन विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे छात्रावास परिसर में ही अनिवार्य रूप से निवास करें, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं दैनिक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही छात्रावासों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को पूर्णतः क्रियाशील रखने तथा उन्हें मोबाइल से कनेक्ट करने के निर्देश दिए।

## तीन दिन में एक ही मोबाइल टॉवर से दो बार काटी नई केबल, संचार सेवाएं ठप होने का खतरा

अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे आम जनता के साथ-साथ संचार सेवाओं के बुनियादी ढांचे को भी बेखौफ होकर निशाना बना रहे हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अज्ञात बदमाशों ने महज तीन दिन के भीतर एक ही मोबाइल टॉवर से दो बार नई केबल चोरी कर ली। इस दुस्साहसिक वारदात से जहां टॉवर कंपनी को भारी आर्थिक चपत लगी है, वहीं इलाके की मोबाइल कनेक्टिविटी पर भी बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस घटना के बाद टॉवर संचालक कंपनी के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को कोतवाली थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती आवेदन सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना हॉट मैदान स्थित रोड पर नोबल हॉस्पिटल के सामने, टंकी चौराहा स्थित भगत सिंह मार्ग की है। यहां एलटस कंपनी का एक मोबाइल टॉवर स्थापित है। बदमाशों ने सबसे पहले 6 जुलाई की रात को टॉवर को निशाना बनाया और वहां लगी नई केबल काट ले गए। कंपनी अभी नुकसान से उबर कर व्यवस्था सुधार ही रही थी कि चोरों ने 9 जुलाई की रात फिर उसी टॉवर पर धावा बोला और दोबारा नई केबल चोरी कर ली। लगातार हो रही इन वारदातों से परेशान होकर आदित्य नगर निवासी और कंपनी के प्रतिनिधि शुक्रवार को कोतवाली थाने पहुंचे और कार्रवाई को लेकर लिखित शिकायत की।

### खेल-खेल में सीखेंगे नौनिहाल

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिल रहा शाला विशेष प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की नींव अब और मजबूत होगी। बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने और आंगनवाड़ी केंद्रों में शाला पूर्व शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए इन दिनों जिले भर में आंगनवाड़ी कार्यकताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी व सहायक संचालक नीलम चौहान के मार्गदर्शन में जिले के सभी सेक्टरों और परियोजनाओं में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस वृहद स्तर के प्रशिक्षण से पहले एफएलएन मिशन अंकुर और रॉकेट लर्निंग संस्था के सहयोग से डाइट और कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर में जिले के सभी पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया था।

### पोषण के साथ-साथ शिक्षा पर भी जोर

जिला प्रशासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को सिर्फ पोषण तक सीमित न रखकर, उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के केंद्रों के रूप में विकसित करना है। इससे बच्चों के सीखने के स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा और जब वे स्कूल की दहलीज पर कदम रखेंगे, तो शिक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार होंगे।



## सामुदायिक भवन में आयोजन होते रहने देने की नागरिकों ने की मांग

**देवास।** देवास में बागली के नयापुरा क्षेत्र के ग्रामीण सामुदायिक भवन को बचाने की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि कुछ लोग उन्हें वर्षों से धार्मिक गतिविधियां नहीं करने दे रहे हैं और अब सामुदायिक भवन तोड़ने की धमकियां भी दे रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि लखन मखानिया ने बताया कि पिछले चार-पांच वर्षों से गांव में धार्मिक आयोजनों को लेकर लगातार विवाद हो रहा है। नवरात्रि के दौरान घट स्थापना और पूजा-पाठ में भी बाधा पहुंचाई जाती है। मटकियां उठाकर ले जाई जाती हैं और माइक बंद कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें जान से मारने और ₹निपटा देने₹ जैसी धमकियां दी जाती हैं। ग्रामीण महिलाओं ने भी बताया कि सामुदायिक भवन में वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं, लेकिन अब कुछ लोग इसे तोड़ने की धमकी दे रहे हैं। उनका कहना है कि इससे पूरे समाज की धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि सामुदायिक भवन को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचाई जाए। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्वक आयोजित कराने की व्यवस्था करने और धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की बात सुनकर मामले की जांच कराने और नियमानुसार उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## मकान के हिसाब को लेकर सगे भाइयों में विवाद, मारपीट में युवक घायल

**शुजालपुर।** जटाशंकर रोड स्थित तुलसीनगर कॉलोनी में मकान निर्माण के हिसाब-किताब को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ कथित रूप से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी योगेश नाथ पिता विष्णु प्रसाद नाथ निवासी तुलसीनगर कॉलोनी जटाशंकर रोड शुजालपुर मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जटाशंकर रोड पर किराना एवं चाय की दुकान संचालित करता है। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे उसका बड़ा भाई गोविन्द नाथ दुकान पर पहुंचा और मकान निर्माण के हिसाब को लेकर विवाद करने लगा। आरोप है कि इस दौरान उसने गाली-गलौज की। विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट कर उसे नीचे गिरा दिया। मारपीट में योगेश के नाकए चेहरेए सिर तथा दोनों हाथों में चोटें आईं। शोर-शराबा होने पर पिता विष्णु प्रसाद नाथ ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


### जाहिर सूचना दिनांक 04-07-2026 का खण्डन

यह कि मेरे पक्षकार मॉ. भीमेश्वरी देवकान प्राइवेट लिमिटेड, डायरेक्टर तरूण कौशिक पिता श्री ताराचंद कौशिक, निवासी-46/18, राजस्व कॉलोनी, उज्जैन म.प्र द्वारा ग्राम उण्डासा, तहसील व जिला उज्जैन स्थित भूमि-सर्वे क्रमांक 753/3/1/1/3 (एस) रकबा 0.5960 हेक्टर, 754/1/1/4 (एस) एवं 755/2/1 मीन शामिल रकबा 1.0450 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 1.6410 हेक्टेयर का क्रय-विक्रय का कोई अनुबंध पत्र आर. के. डेवलपर्स के साथ अथवा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में नहीं किया है। उक्त भूमि के विधिवत स्वामित्वधारी आज भी मॉ. भीमेश्वरी देवकान प्राइवेट लिमिटेड, डायरेक्टर तरूण कौशिक ही है। उल्लेखित भूमि का कोई अनुबंध पत्र नहीं हुआ है। यदि इस आपत्ति उपरान्त भी कोइ पंजीकृत विकय पत्र या कोई भी अनुबंध पत्र उल्लेखित भूमि के सम्बन्ध मे की किया जाता है। तो उसके सम्बन्ध मे मेरे पक्षकार विधिवत कार्यवाही करेगे, जिसके विधिक परिणामों के लिए संबंधित पक्ष स्वयं उत्तरदायी होगा।

अतः इस खण्डन जाहिर सूचना के माध्यम से समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के कय-विक्रय का कोई अनुबंध पत्र आर. के. डेवलपर्स के साथ अथवा किसी अन्य व्यक्ति के साथ नहीं किया जाए।

सूचित हो । इति दिनांक-11-07-2026

**डॉ विकास सिंह (एडव्होकेट)**
**कार्यालय- लॉ टेम्पल 221-ए, डिवाईनवैली,**
**द्वितीय तल विशाला क्षेत्र देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 9424801488**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री हरिराम पिता श्री रूगनाथजी, निवासी-ग्राम रूई तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) 02-श्री प्रवीण पिता श्री रामेश्वर, निवासी-ग्राम खोरिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-171/1/3/2 (S) रकबा 2.2300 हेक्टर ग्राम रूई, प. ह. नं.-00008 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 2.2300 हेक्टर मेसे उत्तर दिशा की रकबा 1.6000 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-11.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.

क्रमांक / स्टोर / 2026 / 34 — शाजापुर, दिनांक:– 06.07.2026

**// ई–निविदा आमंत्रण–सूचना //**

निम्नलिखित कार्य डेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र.जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_519471_1 06-07-2026 | विभिन्न कार्यक्रमों के लिये हार फूल, गुलदस्ते क्रय करने बाबत। | 01. 7 दिन 02. 2.00 (लाख) | 01. 1.000 02. 2000 | 13.07.2026 05:30 PM |
| 1 | 2026_UAD_519473_1 06-07-2026 | शॉल, साफा, श्रीफल, रेनकोट, बरसाती क्रय करने बाबत। | 01. 7 दिन 02. 3.00 (लाख) | 01. 2.000 02. 3000 | 13.07.2026 05:30 PM |

**प्रेम जैन** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शाजापुर | **पं.संतोष जोशी** उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद शाजापुर | **भुवनेश्वरीदेवी–सतीश राठौर** समापति, सामान्य प्रशासन विभाग नगर पालिका परिषद शाजापुर | **भूपेन्द्र कुमार दीक्षित** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शाजापुर

**नोट:–**निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् शाजापुर

## 1500 रूपए के विवाद में युवक को अर्धनग्न कर पीटा

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के एसपीएम पुलिया क्षेत्र में 1500 रुपए के विवाद में एक युवक को अर्धनग्न कर डंडों से बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को आरोपियों को कोतवाली थाने लाने के बाद वारदात में इस्तेमाल डंडा बरामद कराने के लिए ग्वालटोली क्षेत्र ले जाया गया। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। घायल युवक की पहचान शुभम खंडारे (25) निवासी एसपीएम पुलिया, ग्वालटोली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शुभम ने करीब एक साल पहले आरोपी रोहित बाबरिया और विजय रैकवार, निवासी ग्वालटोली, से 1500 रुपए उधार लिए थे। वह लंबे समय से भोपाल में रह रहा था और घटना से दो दिन पहले ही नर्मदापुरम लौटा था। 8 जुलाई की दोपहर करीब 3:30 बजे आरोपियों ने शुभम से उधार के रुपए वापस मांगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। आरोप है कि दोनों युवकों ने शुभम को अर्धनग्न कर डंडों से बेरहमी से पीटा और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद शुभम लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 15 हजार पुलिसकर्मियों पर डिमोशन का खतरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में पिछले करीब पांच वर्षों से कार्यवाहक पदोन्नति के आधार पर उच्च पदों पर काम कर रहे करीब 15 हजार पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के सामने अब मूल पद पर लौटने का खतरा खड़ा हो गया है।राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश पदोन्नति नियम-2025 लागू कर दिए हैं। इसके बाद पुलिस विभाग में नियमित विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तय मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले अधिकारी और कर्मचारियों से कार्यवाहक प्रभार वापस लेकर उन्हें उनके मूल पद पर भेजा जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2016 से नियमित पदोन्नति लंबे समय तक रुकी रही। इसी वजह से वर्ष 2021 से बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को कार्यवाहक पदोन्नति देकर उच्च पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब नए नियम लागू होने के बाद इन सभी मामलों की समीक्षा की जा रही है। इससे विभाग में चिंता और असमंजस का माहौल है।

## परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कल्याण के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभागृह में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवा?ा 11 जुलाई से 18 जुलाई 2026 के आयोजन हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक (स्वास्थ्य,शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग) का आयोजन आज किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य सही समय पर गर्भधारण तथा दो बच्चों के बीच सही अंतराल को स्वैच्छिक साधनों से बढ़ावा देना है जिससे मां एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी

**शुजालपुर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के शाजापुर जिला प्रभारी निजामुद्दीन मंसूरी शनिवार को शुजालपुर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से बायोडाटा लिए तथा स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर रायशुमारी की। मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत कर पार्टी संगठन को सशक्त बनाना प्राथमिकता है। रायशुमारी के आधार पर रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी ।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डूंगरसिंह पिता श्री हरिसिंह निवासी महूडीआलम तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा मूल स्वामी देवेन्द्रसिंह पिता श्री सुमेरसिंह निवासी ग्राम मकड़ावन तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से सौदा चिट्ठी पर क्रय अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नंबर 420 रकबा 1.84 हेक्टर सर्वे नंबर 421 रकबा 0.90 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 2.74 हेक्टर स्थित ग्राम मकडावन तहसील बडनगर जिला उज्जैन में है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया टोकन राशि भी अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 11-07-2026, उज्जैन

**संजय बंसल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन मो. 98277-92292**
**समय सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक**

# टेकरी मंदिर के दान की गिनती अब गुपचुप नहीं

## दान आई हुई राशि अब सार्वजनिक रूप से गिनती होना समस्त सनातन एवं हिन्दू समाज की अपेक्षा

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

टेकरी ट्रस्ट के द्वारा 10 जुलाई 2026 को बैठक बुलाई गई जिसमें आधे से ज्यादा लोग ट्रस्टी नहीं हैं और उनको ट्रस्टी बताकर बैठक बुलाई गई है। टेकरी ट्रस्ट स्वयं स्वीकार कर रहा है कि टेकरी की दान एवं रसीदों से प्राप्त राशि पूर्व में हमारे द्वारा बंद कमरे में गिनती एवं हिसाब रखा जाता है और 10 जुलाई 2026 को बैठक में ट्रस्ट ने तय किया है कि अब हमारे द्वारा गुपचुप तरीके से दान आई हुई राशि अब सार्वजनिक रूप से गिनती की जाएगी।

इस संबंध में समस्त हिन्दू समाज को सूचित करते हुए पर्वतसिंह धाकड़ ग्राम बनेह हाल मुकाम रॉयल रसीडेंसी गुना ने प्रेस जारी किया है। उक्त प्रेस नोट में उन्होंने उल्लेख किया है कि हिन्दू समाज को मैं बताना चाहता हूँ कि लाखों रुपए की राशि छुपकर गिनने का कारण




ट्रस्टियों ने नहीं बताया जो आज सार्वजनिक रूप से गिनती करने का बता रहे हैं। ऐसा लगता है कि पूर्व में राशि का गबन किया गया है जिसकी जाँच उच्च स्तर पर होना चाहिये। टेकरी ट्रस्ट के द्वारा जो रसीद कट्टे छपवाये जाते हैं, जो टेकरी ट्रस्ट का रजिस्ट्रार का गठन किया गया है जिसकी परमीशन के बगैर नहीं छपवाये जा सकते हैं, लेकिन ट्रस्ट के द्वारा कई कट्टे छपवाये गये जिसकी जानकारी एसडीएम को नहीं दी गई। इससे प्रतीत होता है कि करोडों रूपये का घोटाला टेकरी ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। श्री धाकड़ ने बताया कि नारायण अग्रवाल टेकरी ट्रस्ट के अध्यक्ष बने हुये हैं। अपने भतीजें को टेकरी ट्रस्ट का प्रवक्ता बना दिया है। टेकरी ट्रस्ट पर नारायण अग्रवाल एकाधिकार करना चाहते हैं। जनता जर्नादन को ज्ञात है कि टेकरी मेला की भूमि कैसे दान हुई। टेकरी की 40 बीघा की पहाडिया कैसे दान हुई एवं करोडों रूपये का कार्य प्रशासन से कैसे कराया गया और वॉयलॉज के अनुसार टेकरी ट्रस्ट को 5000 रूपये से उपर का कार्य बिना प्रेस विज्ञप्ति एवं बिना टेडंर के नहीं किया जा सकता। चाचा भतीजे दोनों मिलकर फर्जी सचिव ओपी बरोनिया करोडों रूपये का कार्य बिना टेण्डर के कराये जा रहे हैं और अपने ही छोटे भाई से टेकरी मंदिर पर जो निर्माण कार्य हो रहा है उसका सीमेंट छोटे भाई की एजेंसी से क्रय किया जा रहा है एवं रंगाई पुताई के लिए जितना पेंट लिया जाता है वह फर्जी सह सचिव भगवान अग्रवाल से जो कि नारायण अग्रवाल के रिश्तेदार से लिया जाता है। नारायण अग्रवाल द्वारा 7 लाख रूपये का एयर कूल्ड जो टेकरी मंदिर के अंदर लगना चाहिये था जिसका भुगतान कर दिया गया, लेकिन वह कहां हैं यह जनता पूछना चाहती है। टेकरी ट्रस्ट के खिलाफ समस्त हिन्दू समाज सडकों पर आये और टेकरी ट्रस्ट की अनियमित्ताओं की मांग करें। मैं पूरी मीडिया से अपेक्षा करता हूँ कि वह भी सहयोग प्रदान करें। मेरे द्वारा शिकायत की थी जिसकी जाँच आज दिनांक तक चल रही है ऐसा क्या कारण है कि जांच पेंडिंग चल रही है।

## प्रधानमंत्री आवास समाधान शिविर

**गुना।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिले की समस्त जनपद पंचायतों में 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक प्रधानमंत्री आवास समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित लंबित किस्तों का निराकरण, दस्तावेजों में त्रुटियों का सुधार, आवास की किस्तों की जानकारी उपलब्ध कराना तथा आवास से जुड़ी अन्य समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर संबंधित जनपद पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं।

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 04 स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 155/2/2 भाग संजय नगर ग्राम नानाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षैत्रफल 500 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- अन्य का भूखण्ड, पश्चिम में- कॉलोनी रोड़, उत्तर मे- इंदर प्रजापत का मकान एवं दक्षिण मे- विक्की डोरे का मकान स्थित है। उक्त संपत्ति मुकेश मालवीय एवं विनोद मालवीय पुत्रगण भेरूलाल ने इसके पूर्वस्वामी सन्नी प्रजापत पिता इंदरलपाल प्रजापत ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 17 18842025ए100277609 दिनांक 06/05/2025 के माध्यम से क्रय कि। एवं मुकेश मालवीय एवं विनोद मालवीय ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो.9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी सुरेश वर्मा पिता श्री देवीसिंह उर्फ देवा जी, उम्र 48 वर्ष, निवासी- ग्राम लिम्बापीपल्या तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 632/2/1/1 रकबा 0.420 हेक्टर भूमि, ग्राम लिम्बापिपल्या तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इति: दिनांक-11/07/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर - 94248 78460**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अमन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क0 131 स्थित अमरीशनगर लालपुर पंचकोशी मार्ग उज्जैन पर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर का है। जिसकी चर्तुसीमा-पूर्व की ओर-भूखण्ड क्रमांक 130, पश्चिम की ओर-भूखण्ड कमांक 132, उत्तर की ओर-रास्ता कालोनी का, दक्षिण की ओर-भूखण्ड कमांक 128, पेमाईश-लम्बाई- 15.00 मीटर, चौड़ाई - 6.00 मीटर है, उक्त भूखण्ड को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी का कोई हित, अधिकार हो या भूखण्ड कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उपरोक्त भूखण्ड के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा भूखण्ड विक्रय करने में किसी आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 10/7/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**फोन-2561124 मो. 94250-91124**

## पश्चिम रेलवे-रतलाम

### शुद्धिपत्र सूचना

एनआईटी सं. W/623/5/1/NIT दिनांक ०४.०७.२०२६. सं. RTM-2026-27-64 इस कार्यालय के सम सं. पत्र दिनांक ०४.०७.२०२६ के माध्यम से प्रकाशन हेतु भेजा गया था। कार्य पूर्ण होने की अवधि २४ माह से २१ माह में परिवर्तित कर दी गई है (शुद्धिपत्र सं. ०३ - संलग्न)।
कार्य की ०१ विशेष शर्त जोड़ी गई है (शुद्धिपत्र सं. ०४ - संलग्न)।
कार्य की ०१ विशेष शर्त जोड़ी गई है (शुद्धिपत्र सं. ०४ - संलग्न)।
नियम व शर्ते वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: www.ireps.gov.in.

0148

Like us on: facebook.com/WesternRly

### ( जाहिर सूचना )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1-श्री आशीष पिता श्री सुरेशचन्द्रजी जैन निवासी-304, खारवा कला तहसील आलोट जिला रतलाम (म.प्र.) 2-कुशालसिंह पिता श्री वजेसिंहजी पंवार निवासी-ग्राम तरनोद जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर-258/1/2 रकबा 1.11 हेक्टर एमव 1. अन्नुबाई पति जीवन सिंह 2. राहुल सिंह पिता श्री जीवनसिंह 3. अखमसिंह पिता श्री जीवन सिंह निवासीगण ग्राम पानखेडी तहसील नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके भूमि स्वमी स्वत्व एवम आधिपत्य की भुमि सर्वे नम्बर-258/1/1 रकबा 1.12 हेक्टर स्थित ग्राम ठिकरिया तहसील झारडा जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं को कय करने का हेतू होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं व अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय अनुबन्ध-पत्र का सम्पादन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन प्रायवेट अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी अन्य वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात 7 दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय अनुबन्ध-पत्र एवम विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी ! सूचित हो ! इति दिनांक 11-07-2026,

**अमितेष जैन एडवोकेट**
**बी-4 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 9827015929, 9098085783**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान द्वारा श्रीमती प्रमिलादेवी अग्रवाल पति स्व. श्री राजेन्द्रप्रसाद अग्रवाल (विक्रेता) से उनके मालिकी एवं स्वामित्व की सम्पत्ति म्यु. भूखंड क्रंमाक 37/8, का भाग नवीन वर्तमान म्यु. क्रंमांक 37/8/4, जो कि क्षपणक मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र) मे मुख्य सडक से अदंर गली की ओर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर है, को क्रय करने हेतु भावी केता को ऋण सुविधा प्रदान कि जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति के स्वत्व सम्बंधी श्रंखला दस्तावेजों में से असल पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 1अ/2224 दिनांक 30.07.2003 जो कि, श्री आदेश्वर गृह निर्माण सहकारी सस्था मर्यादित द्वारा श्रीमती प्रमिलादेवी अग्रवाल पति स्व. श्री राजेन्द्रप्रसाद अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित है, जो कि गुम हो चुका है तथा अप्राप्त है। अतः उक्त सम्पत्ति में विक्रता को प्राप्त स्वत्व एवं अधिकारों के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, आदि को कोई आपत्ति हो या उक्त गुम हुआ, दस्तावेज किसी को प्राप्त हुआ हो या आधिपत्य में हो या उक्त सम्पत्ति पर कोई भार बोझ हो या उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई दावा, स्थगन आदेश या मनाही आदेष प्रचलित हो तो 7 दिवस की अवधि में सप्रमाण मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। दिनांक 10.7.2026

**(कल्पवृक्ष श्रीवास्तव)एडवोकेट**
**बी-2, मेघ अपार्टमेन्ट,**
**13/2, एम.जी.रोड़, इंदौर**
**मोबा. 98260-39936 फोन 0731-4971957**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता- थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/भवन सर्वे क्रमांक 1151/2 पैकी ग्राम आवर तहसील व जिला आगर मालवा में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 74.35 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में -भवन मोहम्मद इलीयाज, पश्चिम मे - विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराया गया रास्ता, उत्तर में- भूमि स्वामी कि भूमि एवं दक्षिण में- विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराया गया रास्ता स्थित हैं। उक्त संपत्ति श्रीमति ममता पति रामेश्वरजी मण्डलोई ने इसके पूर्वस्वामी अतीक खान पिता रफीक खान द्वारा मुख्तयारआम अब्दुल माजिद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 512812017ए1300544 दिनांक 06/06/2017 के माध्यम से क्रय कि। एवं उक्त संपत्ति का दस्तावेज मुख्तयार आम क्रमांक एमपी 512812017ए104851 दिनांक 08/03/2017 का कही गुम हो गया है, एवं श्रीमति ममता पति रामेश्वरजी मण्डलोई ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त मुख्तयारनाम कही बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 11/07/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा डॉ मनोज जैन पिता श्री माणकचंद्रजी जैन, निवासी - 26, महाश्वेता नगर, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र) से उनके स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य का फ्लेट / प्रकोष्ठ क्रमांक 203, विंग-सी (दूसरी मंजिल) जो कि बहुमंजिला भवन शिवांश एलिगेन्स स्थित हरीफाटक, नानाखेड़ा, इन्दौर रोड़, उज्जैन में स्थित है जिसका कुल सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल 175.00 वर्गमीटर तथा बिल्टअप क्षेत्रफल 139.78 वर्गमीटर हैं। उक्त फ्लेट/प्रकोष्ठ फीहोल्ड राईट्स का है। फ्लेट/प्रकोष्ठ के पूर्व दिशा में कॉमन पैसेज व तल पर ओपन भूमि, पश्चिम दिशा में तल पर ओपन भूमि, उत्तर दिशा में फ्लेट क्रमांक 202, व दक्षिण दिशा में तल पर ओपन भूमि हैं। उक्त फ्लेट/प्रकोष्ठ को क्रय करने का सौदा किया जाकर अनुबंध पत्र संपादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त फ्लेट/प्रकोष्ठ का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 11-07-2026

**सौरभ जैन, (चौरडिया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन स्वामी श्री धर्मेंद्र डोडिया पिता श्री सुभाष डोडिया, निवासी-76/3, राजीव नगर, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की दुकान क्रमांक ए-615 पूर्व दिशा का भाग (कार्नर), कुल क्षेत्रफल 13.50 वर्गमीटर स्थित गिरीराज रतन सेक्टर ए, कानीपुरा रोड, उज्जैन (म.प्र.) पर निर्मित है, को मेरे पक्षकार ने लोकेन्द्र पिता श्री अंतर सिंह, निवासी उज्जैन ने क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना / टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। तथा विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार द्वारा भवन स्वामी से अपने पक्ष में करवा लेगा। सूचित हो।

दिनांक 12/07/2 026।

**डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट**
**ऑ.नं. 15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज,**
**उज्जैन मो. 9300707767**

## न्यूज-कॉलम

### भाजपा की मासिक जिला बैठक आज

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर की महत्वपूर्ण बैठक आज, 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सीतामऊ स्थित वृंदावन रिजॉर्ट में आयोजित होने जा रही है। यह संगठनात्मक बैठक भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मुख्य मार्गदर्शन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न होगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रमों, अभियानों, संगठन विस्तार, बूथ सशक्ति करण और सेवा गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। इस बैठक में क्षेत्र के अपेक्षित श्रेणी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और सभी मंडल अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### ॅपुराने ग्रामीण रास्तों को पुन: चालू करवाये

**पिपलिया मंडी।** वर्षों पुराने ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते जो कम समय में दुरियां तय करवाते थे।आज उन रास्तों पर बाहुबलियो द्वारा कब्जा कर अपने खेतों में मिला कर रास्ता बंद कर दिया गया है। उदाहरण स्वरुप बालागुड़ा से जोड़मी तलैया होता हुआ निनोरा का रास्ता जो मात्र तीन किलोमीटर की दुरियां है। दुसरे रास्तों से जाने में 6 किलोमीटर भटकना पड़ता है। इसी तरह बोतलगंज से सिंधपन-साबाखेड़ा होकर भूखी गांव का पुराना रास्ता मात्र 10 किलोमीटर है,आज उपरोक्त रास्ते पर अपहरण (कब्जा) होने से लोगों को 15 किलोमीटर भटकना पड़ता है। ऐसे अनेक गांवों को एक दुसरे से जोड़ने वाले अनेक सिधे रास्तों को पुनः चालू किया गया तो समय की भी बचत के साथ वाहन खर्च भी कम होगा।साथ ही रास्तों पर दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं में भी कभी आयेगी।

### भानपुरा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं में चार की जान गई

**मन्दसौर।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के करजू और करनाखेड़ी के बीच शुक्रवार की रात दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो युवकों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान विष्णुलाल (35) पिता मांगीलाल कुमावत निवासी नांदवेल और रविराज (21) पिता भरतसिंह निवासी काचरिया पिपल्या सेदरामाता थाना सीतामऊ के रूप में हुई। हादसे के बाद क्षेत्र के नागरिकों ने घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय भेजा। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। भावगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि दोनों मृतकों की पहचान होने के पश्चात शनिवार को उनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। इसी प्रकार अन्य एक हादसा जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के सुनारी तिराहे से पहले एक स्कार्पियों वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मृत्यु हो गई।

**पश्चिम रेलवे**
**"ई-निविदा सूचना"**
**Tender Notice No. W722-1-26-27-06 Date:- 09.07.2026. Name of work:** रेलवे कॉलोनी दाहोद में कुल 282 रेलवे क्वार्टरों (174 टाइप-I, 78 टाइप-II, 14 टाइप-III और 16 टाइप-IV) की री-वायरिंग। सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद - 389160 I **Approximate Cost of the work: 70,06,361/-. Date & time of Submission & opening of E-Tender:** Submission Up to 15.00 Hrs on **03.08.2026** and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. 0146
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**"ई-निविदा सूचना"**
**Tender Notice No. W722-1-26-27-06 Date:- 09.07.2026. Name of work:** रेलवे कॉलोनी दाहोद में कुल 282 रेलवे क्वार्टरों (174 टाइप-I, 78 टाइप-II, 14 टाइप-III और 16 टाइप-IV) की री-वायरिंग। सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, फ्रीलैंडगंज, दाहोद - 389160 I **Approximate Cost of the work: 70,06,361/-. Date & time of Submission & opening of E-Tender:** Submission Up to 15.00 Hrs on **03.08.2026** and the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. 0146
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# जैन दर्शन, वैश्विक दर्शन है,जो समाज को शांति प्रिय बना सकता है-चेतन्य काश्यप

## हैदराबाद में हार्ट ऑफ ए जैन - इंटरनेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



हैदराबाद स्थित कान्हा शान्ति वनम में आयोजित दो दिवसीय च्च्हार्ट ऑफ ए जैन - इंटरनेशनल कॉन्क्लेवच्च का मुख्य अतिथि वर्ल्ड जैन कान्फडरेशन के चेअरमेन एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने शुभारंभ किया। उन्होंने हार्टफुलनेस फाउण्डेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल च्च्दाजीज्ज की पुस्तक का विमोचन किया और विशेष सत्र में ध्यान भी किया। इस दौरान पद्मश्री कुमारपद भाई देसाई, नांदला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए श्री काश्यप ने कहा कि जैन दर्शन, वैश्विक दर्शन है जो समाज को शांति प्रिय बना सकता है। कॉन्क्लेव में हो रहे विचार-विमर्श से जैन धर्म समाज का अभिन्न अंग बन सकता है। पूज्य दाजी असाधारण और दुर्लभ व्यक्तित्व के धनी हैं, जिन्होंने सारे धर्म की गंगा जैन दर्शन से प्रभावित होना बताया है। उनकी यह उद्घोषणा समाज के बीच कैसे क्रियाशील हो, अहिंसा का दर्शन विचारों में ही नहीं अपितु सक्रिय जीवन में भी कैसे क्रियान्वित हो, ऐसे बिन्दुओं को लेकर दाजी ने एक पुस्तक के रुप में शुरूआत की है, जिसे उम्मीद है पूरा समाज आत्मसात करेगा।

श्री काश्यप ने कहा कि दर्शन सर्वकालिक होते हैं और सदैव चलते रहते हैं लेकिन हर समय काल में उन्हें विस्थापित करने के लिए चिंतन करना पड़ता है। आज समाज के सामने विश्वास की चुनौती है जो सबको प्रभावित करती है। भगवान महावीर को समाज ने भगवान बना कर रख दिया लेकिन सही अर्थों में वे जीवन के दर्शक हैं। उन्होंने अहिंसा का वैश्विक दर्शन दिया और ऐसे जीवन का दर्शन भी दिया है जो मानवीय मूल्यों को साथ लेकर चलता है। जैन दर्शन के प्रसार के लिए इस तरह के वैचारिक अनुष्ठानों को गति दी जानी चाहिए ताकि युवाओं को इससे समृद्ध किया जा सके। कॉन्क्लेव का समापन 12 जुलाई को होगा। इसमें वर्ल्ड जैन कान्फडरेशन के अध्यक्ष जितेन्द्र भाई शाह, अभिनेता विद्युत जामवाल, जीतो संस्था के पदाधिकारियों सहित देश-विदेश के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दशपुर योग शिक्षा संस्थान का अनूठा आयोजन-
# संगीत और ध्यान के संगम में डूबे सैकड़ों साधक, सोशल मीडिया पेज का हुआ लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



स्थानीय योग भवन में दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा च्संगीत पर ध्यानज् विषय के अंतर्गत एक विशेष ध्यान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों योग साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग भवन में गूंजती बांसुरी की मधुर धुन पर लगातार आधा घंटा गहरे ध्यान में लीन रहकर असीम मानसिक और आंतरिक शांति की अनुभूति की।

शिविर में योग गुरु सुरेंद्र जैन ने सभी साधकों को ध्यान का अभ्यास कराया और इसके फायदों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की तनावपूर्ण जिंदगी में ध्यान केवल एक आध्यात्मिक प्रक्रिया नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की अनिवार्य आवश्यकता है। संगीत और विशेषकर बांसुरी की सुरीली ध्वनि के साथ ध्यान करने से मस्तिष्क की तरंगें शांत होती हैं, तनाव दूर होता है, एकाग्रता बढ़ती है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है और अनिद्रा की समस्या से निजात मिलती है।

इसी विशेष अवसर पर संस्थान की डिजिटल उपस्थिति को मजबूत करने के लिए आधिकारिक इंस्टाग्राम आईडी और फेसबुक पेज का लोकार्पण भी किया गया। योगा ट्रेनर प्रीति जैन एवं शांकी कश्यप ने बताया कि इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अब लोगों को घर बैठे आगामी गतिविधियों, आयोजनों, योग, प्राणायाम और स्वास्थ्य से जुड़ी प्रामाणिक जानकारियां मिल सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सचिव लोकेंद्र जैन द्वारा किया गया और आभार अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने माना। इस दौरान सोरभ जैन, जिनेन्द्र उकावत, जितेश फरक्या, विजय पलोड़, धरमदास संगतानी, बीना गर्ग, ललित जैन, सुभाषचन्द्र पाटीदार, गोपालकृष्ण पलोड़, आनंद कश्यप, जापानी भावनानी, उपस्थित थे।



## विश्व जनसंख्या दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

**मन्दसौर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में शनिवार को मन्दसौर शहर में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला मीडिया अधिकारी डॉ. एम.एल. कश्यप ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू हुआ यह विश्व जनसंख्या दिवस अभियान-2026 11 से 18 जुलाई तक निरंतर संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सीमित परिवार के लाभों, स्वास्थ्य सेवाओं और परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों के प्रति जागरूक करना है। रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति (भोपाल) की उपसंचालक राधिका गुप्ता एवं सहायक संचालक वैभव पाटील द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। हरी झंडी मिलने के बाद रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली में शामिल प्रतिभागी हाथों में बैनर और तख्तियां थामे हुए थे, जिन पर परिवार कल्याण से जुड़े प्रेरक संदेश और नारे लिखे हुए थे, जो राहगीरों को आकर्षित कर रहे थे। इस कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता श्री बंशीलाल टॉक, आरएमओ डॉ. सौरव मंडवारिया, डॉ. निशांत शर्मा, डॉ. कमलेश कुमावत और जिला मीडिया अधिकारी डॉ. एम.एल. कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरीकरण का शुभारंभ

**नीमच।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण माह के शुभारंभ पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.आर.के. खद्योत, सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेंद्र पाटील तथा डॉ.संगीता भारती ने जिला चिकित्सालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. आर.के. खद्योत ने बताया कि जिले में 11 जुलाई से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण सेवा प्रदायगी सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा परिवार नियोजन सेवाएं सुलभ कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विभिन्न परिवार नियोजन साधन 'बास्केट ऑफ चॉइस' के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें निरोध, माला-डी, माला-एन, छाया गर्भनिरोधक गोली, आकस्मिक गर्भनिरोधक गोलियां तथा अंतरा इंजेक्शन शामिल हैं। हितग्राही अपनी आवश्यकता एवं इच्छा के अनुसार इनमें से किसी भी अस्थायी साधन का चयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त महिला एवं पुरुष नसबंदी की स्थायी सेवाएं भी जिले में निरंतर उपलब्ध कराई जा रही हैं। पात्र हितग्राही शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं का लाभ मिल सके।

## 5 चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी निशानदेही पर चोरी की कुल पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। घटनाक्रम के अनुसार, बीती 8 जुलाई 2026 को स्टेशन रोड मल्हारगढ़ निवासी रामचंद्र पिता रामलाल गुप्ता ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर के बाहर से बाइक क्र. एमपी 14 एमएच 4277 चोरी हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल ले जाता हुआ दिखाई दिया।सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ढिकनिया केसरीमल पिता लाभचंद पंवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसने बाइक चोरी करना कबूल किया। इसके साथ ही चोरी की बाइक खरीदने वाले सह-आरोपी 35 वर्षीय नितेश पिता गोपाल सोलंकी निवासी ढिकनिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उन्होंने क्षेत्र से अन्य वाहन चोरी करना भी स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर कुल 5 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं, जिनमें पैशन प्रो, बजाज डिस्कवर, एक्टिवा स्कूटी, हीरो एचएफ डिलक्स और बजाज पल्सर शामिल हैं।

## जिले के भावगढ़ व भानपुरा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं में चार की जान गई

**मन्दसौर।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के करजू और करनाखेड़ी के बीच शुक्रवार की रात दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दो युवकों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान विष्णुलाल (३५) पिता मांगीलाल कुमावत निवासी नांदवेल और रविराज (२१) पिता भरतसिंह निवासी काचरिया पिपल्या सेदरामाता थाना सीतामऊ के रूप में हुई। हादसे के बाद क्षेत्र के नागरिकों ने घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय भेजा। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। भावगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि दोनों मृतकों की पहचान होने के पश्चात शनिवार को उनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। इसी प्रकार अन्य एक हादसा जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र के सुनारी तिराहे से पहले एक स्कार्पियों वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मृत्यु हो गई। भानपुरा थाना पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना ७ जुलाई की दोपहर की है।

## गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट कॉटेज में आग लगी

**मंदसौर।** गांधीसागर नंबर 8 पर स्थित फॉरेस्ट फेस्टिवल रिसॉर्ट से एक बड़ी खबर सामने आई है। आज सुबह करीब 7 बजे रिसॉर्ट के एक कॉटेज में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरा कॉटेज जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि कॉटेज में ठहरे एक महिला और पुरुष समय रहते सुरक्षित बाहर निकल गए।



## पश्चिम रेलवे विशेष ट्रेनों के फेरों को विस्तारित करेगी

| गाड़ी सं. | से | तक | चलने का दिन | विस्तारित तक |
|---|---|---|---|---|
| ०४१७६ | दादर | सुबेदारगंज | मंगलवार | ०१.०९.२०२६ |
| ०४१७५ | सुबेदारगंज | दादर | रविवार | ३०.०८.२०२६ |
| ०४१४० | दादर | प्रयागराज | रविवार | ३०.०८.२०२६ |
| ०४१३९ | प्रयागराज | दादर | शुक्रवार | २८.०८.२०२६ |
| ०९७०६ | बांद्रा टर्मिनस | जयपुर | सोमवार | १७.०८.२०२६ |
| ०९७०५ | जयपुर | बांद्रा टर्मिनस | रविवार | १६.०८.२०२६ |
| ०९७०८ | बांद्रा टर्मिनस | जयपुर | गुरुवार | ३०.०७.२०२६ |
| ०९७०७ | जयपुर | बांद्रा टर्मिनस | बुधवार | २९.०७.२०२६ |
| ०४१२६ | बांद्रा टर्मिनस | सुबेदारगंज | मंगलवार | ०१.०९.२०२६ |
| ०४१२५ | सुबेदारगंज | बांद्रा टर्मिनस | सोमवार | ३१.०८.२०२६ |
| ०२२०० | बांद्रा टर्मिनस | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | शनिवार | २९.०८.२०२६ |
| ०२१९९ | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | २७.०८.२०२६ |
| ०४१२० | वलसाड | सुबेदारगंज | रविवार | ३०.०८.२०२६ |
| ०४११९ | सुबेदारगंज | वलसाड | शनिवार | २९.०८.२०२६ |
| ०४१७८ | वलसाड | सुबेदारगंज | बुधवार | २६.०८.२०२६ |
| ०४१७७ | सुबेदारगंज | वलसाड | मंगलवार | २५.०८.२०२६ |
| ०९४४७ | अहमदाबाद | पटना | बुधवार | १५.०७.२०२६ |
| ०९४४८ | पटना | अहमदाबाद | शुक्रवार | १७.०७.२०२६ |
| ०११०८ | उधना | आगरा कैंट | बुधवार | २६.०८.२०२६ |
| ०११०७ | आगरा कैंट | उधना | मंगलवार | २५.०८.२०२६ |
| ०४१५६ | उधना | सुबेदारगंज | मंगलवार, शुक्रवार | ०१.०९.२०२६ |
| ०४१५५ | सुबेदारगंज | उधना | सोमवार, गुरुवार | ३१.०८.२०२६ |
| ०४१०६ | उधना | प्रयागराज | शुक्रवार, सोमवार | ३१.०८.२०२६ |
| ०४१०५ | प्रयागराज | उधना | गुरुवार, रविवार | ३०.०८.२०२६ |
| ०४११२ | गांधीग्राम | प्रयागराज | रविवार, बुधवार | ३०.०८.२०२६ |
| ०४१११ | प्रयागराज | गांधीग्राम | शनिवार, मंगलवार | २९.०८.२०२६ |
| ०११०६ | असरवा | कानपुर सेंट्रल | मंगलवार | ०१.०९.२०२६ |
| ०११०५ | कानपुर सेंट्रल | असरवा | सोमवार | ३१.०८.२०२६ |
| ०११०९ | असरवा | आगरा कैंट | मंगलवार | ०१.०९.२०२६ |
| ०१११० | आगरा कैंट | असरवा | सोमवार | ३१.०८.२०२६ |

ठहराव, हॉल्ट के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

गाड़ी संख्या ०४१७६, ०४१४०, ०१७०६, ०१७०८, ०४१२६, ०२२००, ०४१२०, ०४१७८, ०१४४७, ०११०८, ०४१५६, ०४१०६, ०४११२, ०११०६ और ०११०१ के विस्तारित फेरों की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर १२.०७.२०२६ से शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
Like us & और फॉलो us on: facebook.com/WesternRly | X.com/WesternRly | Instagram.com/WesternRly | https://www.youtube.com/@WesternRly | https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें

## न्यूज कालम



### नए शहर काजी हाफिज कारी मोलाना इमरान नियुक्त

**जावरा ।** शहर काजी मरहूम हाफिज मोहम्मद शफी भुरू भाईजान के इंतकाल के बाद रिक्त हुए शहर काजी के पद पर सर्वसम्मति से हाफिज कारी मौलाना इमरान को जावरा का नया शहर का जी नियुक्त किया। इसके पूर्व नगर के विभिन्न मस्जिदों के इमाम हाफिज साहिबान सीरत कमेटी तथा अन्य मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारीयो की संयुक्त बैठक में विचार विमर्श पश्चात शहर काजी के नाम पर सहमति बनी। इत्तेफाक कमेटी सदस्य पेपा पहलवान सहित विभिन्न कमेटी पदाधिकारीयो ने मौलाना इमरान का साफा बांधकर दस्तारबंदी की। यह भी बताया गया कि शहर काजी की नियुक्ति का अधिकार शहर के इमाम एवं सीरत कमेटी के पास है ।इसे परंपरा और सवार्नुमति से नई नियुक्ति की गई है । मुफ्ती जुल्फिकार को भी कुछ समाज जनों ने शहर का जी मन दिया ज्ञापन नगर के कुछ मौलाना और समाज जनों ने सीएस पी एवं एसडीएम को ज्ञापन दिया। शहर काजी भुरू भाईजान के निधन से पहले उनके स्थान पर उत्तराधिकारी के रूप में मुफ्ती जुल्फिकार अमजदी को शहर काजी बनाने के लिए मरकज अहले सुन्नत बरेली को अनुशंसा पत्र लिखा था ।बरेली शरीफ ने भी मुफ्ती जुल्फिकार अमजदी को नियुक्त किया।

### सजैस महिला प्रकोष्ठ ने जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन भेंट की



**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में गुप्त दानदाता के विशेष सहयोग से एक जरूरतमंद महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन प्रदान की गई। यह मशीन पूर्व महामंत्री शशि मारू के कर-कमलों द्वारा लाभार्थी महिला को सौंपी गई, जिससे उनके बेरोजगार परिवार को आजीविका का एक नया साधन मिल सका। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली मेहता ने जब हम किसी जरूरतमंद को स्वावलंबन का जरिया देते हैं, तो हम केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे परिवार की मदद करते हैं। इस सिलाई मशीन से महिला को न केवल रोजगार मिला है, बल्कि समाज में स्वाभिमान से जीने की नई राह भी मिली है। इस दौरान मंत्री पूर्णिमा चोरड़िया, नीमा जैन, अलका जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरीवाला, सह-मंत्री किरण जैन आदि भी उपस्थित रहे।

### रणजीत सिंह ने रमेश कुमार यादव को प्रदेश प्रभारी बनने पर दी शुभकामनाएं

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पूर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.उदित राज के द्वारा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित करते हुए ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य एवं पार्टी को मजबूत प्रदान करने हेतु प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष कुंवर शक्तावत के साथ ही साथ प्रदेश के समस्त असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रादेशिक पदाधिकारी,जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति पर खुशी की लहर व्याप्त है। इस अवसर पर सैकड़ो कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे।



### आचार्य कैलाशानंद गिरि के स्वागत में भगवामय हुआ समुचा नीमच




**नीमच।** शनिवार को टाउन हॉल में होने वाली धर्मसभा में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्रपुरीजी महाराज, महायोगी परमहंस बाबा , महामंडलेश्वर स्वामी मधुसूदनानंद गिरी, , महामंडलेश्वर सुरेशानंद सरस्वती, सहित कई संतों सहित की उपस्थिति मैं होने वाले आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम के लिए ओके संत श्री का शहर भर में मुख्य मार्गों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर श्री कैलाश आनंद महाराज के नीमच शहर आगमन पर शुक्रवार को वर्षों बाद ऐसा आध्यात्मिक जनसैलाब देखा गया द्य संत श्री की शोभा यात्रा जब शहर के प्रमुख मार्गो से निकली उनके स्वागत हेतु सर्व समाज सड़कों पर उतर गया, तय समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से विशेष चार्टर्ड विमान से नीमच पहुंचे आचार्य महामंडलेश्वर स्वाची कैलाशानंद गिरिजी महाराज के स्वागत में हवाई प?ट्टी से लेकर आनंदविहार तक श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह मंच बनाकर पुष्पवर्षा की गई द्य जिसमें शहर की सैकड़ो सामाजिक संस्थाओं ने अपनी सहभागिता की। इस भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को भगवा में कर दिया। शहर के आवारा चौक से प्रारंभ हुए स्वागत मंच और पुष्प वर्षा, कमल चौक होकर 40 और विजय टॉकीज चौराहा, गुरुद्वारे के समीप समाजसेवी अशोक अरोरा के भव्य अभिनंदन ने पूरे आयोजन की सबसे अधिक सुर्खियाँ बटोरी।



## महिला मंडल गौ सेवा कर किया गौ पूजन

**बड़नगर।** स्थानीय महिला मंडल की सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गौ माता की सेवा की। इस दौरान चारा, गेहूं, गुड़ एवं दलिया गौशाला में गौ माता के लिए प्रदान कर गौ माता का पूजन किया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा विशेष रूप से उपस्थित थे। महिला मंडल अध्यक्ष माला सोनी ने डॉ. सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में गौशाला निरंतर प्रगति कर रही है। वे डॉक्टर होने के साथ-साथ गौ सेवा जैसा कार्य भी कर रहे है। इस अवसर पर अनिता जैन, हेमलता, मंजू पाटोदी, शोभा अजमेरा, शिवांगी अग्रवाल, गोल्डी जैन, ललिता गोधा, सुशीला गोधा, प्रियंका टोंग्या, सरिता कासलीवाल, संगीता कासलीवाल, ममता काला, सविता शास्त्री जैन, संगीता गोधा, सुमन काला जैन, रानी पाटनी, पदमा शाह, सुलोचना गोधा, मधु विनायका आदि उपस्थित थे।

## सर्वार्थ सिद्धि योग में गुप्त नवरात्रि का आरंभ 15 जुलाई से होगा विशेष श्रृंगार

**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का आरंभ 15 जुलाई को सर्व सिद्धि योग के महासंयोग में होगा । गुप्त नवरात्र में माता का विशेष श्रृंगार होगा। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इन नौ दिनों में साधक तंत्र ,मंत्र, यंत्र सिद्धीकी आराधना करेंगे। भागवत पुराण में वर्ष में चार नवरात्र की मान्यता है इसमें दो प्राकट्य और दो गुप्त नवरात्र मानी गई है। इस गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा नाव पर सवार होके आ रही है। जो कि इस वर्ष सुख समृद्धि और उत्तम वर्षा का योग है। सभी मांगलिक कार्यों में सिद्धि का शुभ प्रतीक माना जा रहा है । गुप्त नवरात्रि के नौ दिनों में दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है । जानकारी पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।



## मुस्लिम समाज ने मस्जिद, स्कूल और कब स्थान पर पौधा लगाने का लिया संकल्प



**सुसनेर।** अमृत 2 के तहत नगर परिषद में मुस्लिम समाज ने पौधा रोपण किया गया। इस दौरान मुस्लिम एजुकेशन स्कूल, मस्जिद, कब्र स्थान पर पौधा रोपण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि युगल किशोर परमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, शहर काजी नवाब साहब, बोर्ड अध्यक्ष सलीम लाला, जामा मस्जिद सदर भय्यू, हाफिज नबी, मस्तुफा खान, कलीम आफीज, अन्नू काजी सहित मुस्लिम समाज मौजूद रहे।

## योगिनी एकादशी पर भगवान श्री शेषशायी विष्णु तथा लक्ष्मी जी का किया श्रृंगार



**महिदपुर रोड।** नगर जांगड़ा पंच पोरवाल समाज के शेष शायी विष्णु मंदिर में शुक्रवार योगिनी एकादशी पर नगर पोरवाल समाज के निलेश नागूलाल फरक्या व उनके परिजनों की और से मंदिर में विराजित भगवान विष्णु तथा मां लक्ष्मी को वागा पहना कर आकर्षक श्रंगार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

## सायबर ठगी के 3 आरोपी गिरफ्तार कर 2.95 लाख रु की राशि बरामद की




**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, तथा एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना ब्यावरा (देहात) पुलिस ने साइबर ठगी के प्रकरण में सफलता प्राप्त करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी गई 2,95 लाख रु की संपूर्ण राशि बरामद की। फरियादिया राधिका देवी पति गोपाल सिंह खीची निवासी श्रीराम कॉलोनी ब्यावरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके एयू बैंक खाते एवं उनके पति के भारतीय स्टेट बैंक खाते से, दोनों के मोबाइल नंबर पर एक संदिग्ध लिंक पर क्लिक होने के बाद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी से राशि निकाल ली गई। फरियादिया के खाते से 95 हजार रु के तीन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन तथा उनके पति के खाते से 10 हजार रु की अवैध निकासी कर कुल 2.95 लाख की साइबर ठगी की गई। प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस द्वारा संबंधित बैंकों से तत्काल समन्वय स्थापित कर 1 लाख रु की राशि होल्ड कराई गई। इसके उपरांत विशेष पुलिस टीम गठित कर तकनीकी एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी सुनील मीना एवं छगनलाल यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 95 हजार रु की धोखाधड़ी की राशि बरामद की ।आगे की विवेचना में तीसरे आरोपी अयान खान, को भोपाल से गिरफ्तार कर शेष 95 हजार रु की राशि भी बरामद कर ली।

### चोरी की दो वारदातों का खुलासा, विशेष अभियान के तहत 4 आरोपी गिरफ्तार

# 2 जनरेटर अल्टीनेटर, चांदी के जेवरात, नगद एवं बाईक, 1.50 लाख का माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी सुठालिया उप निरीक्षक अनिल राहोरिया के निर्देशन में थाना सुठालिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 02 जनरेटर अल्टीनेटर, चांदी के जेवरात, 48,500 रु नगद तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित लगभग 1,50,000 रु का माल बरामद किया।

फरियादी हरिसिंह पिता अर्जुन लोधा 49 वर्ष निवासी ग्राम उमरेड़ थाना सुठालिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एवं उसका भाई बनेसिंह अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर गेहूं की फसल काटने खेत पर गए थे। दोपहर लगभग 1:30 बजे घर लौटने पर देखा कि अज्ञात चोर मकान के पीछे से घर में घुसकर ताले तोड़ चुके थे। चोरों द्वारा चांदी का करधोना, पायजेब, तगड़ी, कड़े, नेवरी, बिछुड़ी एवं 20,000 रु नगद चोरी कर लिए। साथ ही उसके भाई बनेसिंह के घर से चांदी का मंगलसूत्र, बिछुड़ी, चांदी का टुकड़ा एवं 3,000 रु नगद भी चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 86/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वही फरियादी इंदरसिंह पिता धुलजी लोधी निवासी सुठालिया की रिपोर्ट पर संकट मोचन हनुमान मंदिर, सुठालिया के पास खड़े जनरेटर से 02 अल्टीनेटर चोरी होने का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

दोनों प्रकरणों की विवेचना के दौरान थाना सुठालिया पुलिस ने सायबर सेल राजगढ़ की सहायता से तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपी संजय उर्फ बंटी पिता कैलाश नारायण मेवाड़े 40 वर्ष निवासी बैंकुठ मार्ग थाना ब्यावरा शहर जिला राजगढ़। दिलीप पिता रामचरण उर्फ रामचंदर जाटव 37 वर्ष निवासी ग्राम नारियावे हाल मुल्तानपुरा थाना देहात ब्यावरा, अल्लू उर्फ अब्दुल रशीद पिता अब्दुल लतीफ 40 वर्ष, निवासी पंचमुखी मंदिर के पास थाना ब्यावरा शहर।

शाहरुख पिता रफीक खान निवासी ब्यावरा को गिरफ्तार किया आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## भागवत कथा श्रवण करने वाले का सदैव होता है कल्याण- पं. गोपालकृष्णजी

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



स्थानीय सनातन चौक पर स्थित टीनशैड में नगरवासियों द्वारा चल रही श्रीमद् भागवत के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडी धुमधाम से मनाया गया। साथ ही कथा में अमर कथा और सुखदेव जी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। इसके पहले गुरुवार को शिव विवाह बडी धूमधाम से मनाया गया। और रात में नानीबाई का मायरा भी किया गया। शुक्रवार को श्रीमद् भागवत महापुराण के चौथे दिन कथा में कथा वाचक पंडित गोपालकृष्ण महाराज ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव,उनकी दिव्य बाल लिलाओ एवं सनातन जीवन मुल्यो का भावपूर्ण वर्णन किया। आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे हैं श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर पा रहे हैं क्योंकि जिन्हें गोविंद प्रदान करते हैं जितना प्रदान करते हैं उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में प्यासे बनकर आए कुछ सीखने के उद्देश्य से कुछ पाने के उद्देश्य से आए तो यह भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी।

मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है उसका सारा ध्यान सांसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राति शाश्वत है उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम यह दृढ़ निश्चय कर लेंगे की हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख संपत्ति या संपदा नहीं है। जिसमें नगर के वरिष्ठ राव राजेंद्र सिंह दरबार, विक्रमसिंह राठौर, बहादुर सिंह राठौर,बनेसिंह राठौर,रामस्वरूप पाटीदार, राजेंद्र सिंह राठौर, दिनेश पाटीदार मदनलाल मालवीय सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरुषों प्रतिदिन आ रहे हैं। कथा का समापन 13 जुलाई को महाआरती के साथ होगा।

## हादसे का कारण बन सकता है शहरी हाईवे का अतिक्रमण

**सारंगपुर।** शहर के मध्य में गुजरे एबी रोड के दोनो किनारो पर अतिक्रमण हैं। शहर सहित क्षेत्र मे लगातार बड़े हादसे सामने आ रहे है। स्थिति यह हैं कि दो वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में तारागंज के एक युवक की मौत हो गई थी। अगर समय रहते कार्रवाई नही की गई तो एबी रोड पर हुआ अवैध अतिक्रमण भी किसी बडे हादसे का कारण बन सकता है। खास बात यह है कि एबी रोड के दोनो किनारो पर हुए अतिक्रमण को लेकर न तो राजस्व प्रशासन ने व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए न ही प्रशासन इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। जब कभी कभार कार्रवाई होती भी है तो जनप्रतिनिधि इसमें आड़े आते और कार्रवाई को रूकवा दी जाती है। हालांकि जनप्रतिनिधि भी सडक पर हुए अतिक्रमण को घातक बताते है किंतु इस पर कार्रवाई करने से पीछे भी हटते है। स्थिति यह है कि कुछ माह पूर्व प्रशासनिक अमले की टीम ने एबी रोड के किनारो पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए चेतावनी दी थी और वह सडक पर उतरे थे। अधिकारियों ने स्वयं खड़े रहकर एबी रोड पर अवैध ठेलों का जमावडा हटवाने के लिए एक माह का समय दिया था। एबी रोड पर स्थिति यह है कि एबी रोड से लेकर शहर के मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण की चपेट मे है। जब भी इस अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाती है तो दुकानदारो द्वारा कब्जा हटा लिया जाता है। किंतु इसके कुछ समय या दिनो बाद वही पुराने हालात हो जाते है। एबी रोड से लेकर लेकर शहर के मुख्य मार्गो पर पसरे अतिक्रमण के कारण सबसे ज्यादा यातायात व्यवस्था ही प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि शहर के मुख्य अंदरूनी मार्गो पर तो दिन मे कई बार जाम के हालात बनते है। कई बार वाहन निकालने के दौरान वाहन चालको और आमजन के बीच विवाद की स्थिति बन जाती है। हादसो का डर तो हमेशा बना ही रहता है।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 13 से 18 तक

**महिदपुर।** म. प्र शासन के द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के क्रियान्वयन 13 से 18 जुलाई तक किया जाना है अभियान के अंतर्गत 03 से 04 पशु (गोवंश एवम भैंसवंश) रखने वाले पशुपालकों के यहां प्रशिक्षित विभागीय अमले के द्वारा गृह भेंट देकर उन्हें नस्ल सुधार,पशु पोषण व स्वास्थ विषय पर जागरूक किया जावेगा । शा.प.चि महिदपुर में नोडल अधिकारी डॉ अरविन्द मथानियां के द्वारा गौसेवक,मैत्री, ए. वि.एफ.ओ व पशु चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया ।

## सायबर ठगी के 3 आरोपी गिरफ्तार, 2.95 लाख रु की राशि बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, तथा एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना ब्यावरा (देहात) पुलिस ने साइबर ठगी के प्रकरण में सफलता प्राप्त करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी गई 2,95 लाख रु की संपूर्ण राशि बरामद की। फरियादिया राधिका देवी पति गोपाल सिंह खीची निवासी श्रीराम कॉलोनी ब्यावरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके एयू बैंक खाते एवं उनके पति के भारतीय स्टेट बैंक खाते से, दोनों के मोबाइल नंबर पर एक संदिग्ध लिंक पर क्लिक होने के बाद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी से राशि निकाल ली गई। फरियादिया के खाते से 95 हजार रु के तीन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन तथा उनके पति के खाते से 10 हजार रु की अवैध निकासी कर कुल 2.95 लाख की साइबर ठगी की गई। प्रकरण दर्ज होते ही पुलिस द्वारा संबंधित बैंकों से तत्काल समन्वय स्थापित कर 1 लाख रु की राशि होल्ड कराई गई। इसके उपरांत विशेष पुलिस टीम गठित कर तकनीकी एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी सुनील मीना एवं छगनलाल यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 95 हजार रु की धोखाधड़ी की राशि बरामद की ।आगे की विवेचना में तीसरे आरोपी अयान खान, को भोपाल से गिरफ्तार कर शेष 95 हजार रु की राशि भी बरामद कर ली। इस प्रकार पुलिस द्वारा साइबर ठगी की 2.95 लाख रु की संपूर्ण राशि सफलतापूर्वक रिकवर कर ली गई। गिरफ्तार सभी आरोपियों को वैधानिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### गीता ज्ञान-सर्व समस्याओं का समाधान विकारों की आहुति के साथ हुआ समापन

# ईश्वरीय ज्ञान ही सर्व समस्याओं का सही समाधान- सुरेखा दीदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।






ब्रह्माकुमारी संस्थान एवं सोनकच्छ के ग्रामवासियों द्वारा नवनिर्मित सामुदायिक भवन में सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन का आयोजन किया गया। जिसका समापन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ, साथ ही जीवन से बुराइयों, व्यसनों को त्याग सन्मार्ग पर चलने का लोगों ने संकल्प किया।

प्रवचन कर्ता ब्रम्हाकुमारी सुरेखा दीदी ने कहा कि भगवान ने गीता में अर्जुन को बताया कि हे अर्जुन द्रव्यमय यज्ञ की अपेक्षा ज्ञानमय यज्ञ श्रेष्ठ है। क्योंकि ज्ञान की महान धारणाओं से हमारा सम्पूर्ण जीवन ही यज्ञ बन जाता है जिससे समाज तो क्या पूरा विश्व ही शांति और सुखमय हो जाता है, हमसे सभी को सुख और शांति की महसूसता होती है, जिससे वातावरण पवित्र होता है। स्वयं का सत्य परिचय, परमात्मा का परिचय, धाम, कर्त्तव्य, कर्मो की गहन गति, मनुष्य के उत्थान पतन की अद्भुत जीवन कहानी, परमात्म सुख का अनुभव एवं उनसे मिलन मनाने की सहज विधि गीता में वर्णित राजयोग गीता, श्रीमद्भागवत, रामायण का सार जीवनोपयोगी व रोचक ढंग से प्रयोगात्मक अनुभूति के साथ दशार्या। उन्होंने कहा सर्व समस्याओं का समाधान गीता ज्ञान में है। व्यक्तिगत और सामाजिक लाभ बताते हुए कहा कि इस परमात्म ज्ञान से जो समझ मिलती है उससे जीवन मे चुनौतीपूर्ण माहौल में भी हम शांति पूर्ण ढंग से स्थिरता को प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही साथ कर्म कुशलता से अपने जीवन मे सकारात्मकता को अपनाकर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस ईश्वरीय ज्ञान से हम ऐसा जीवन बना सकते हैं जो सभी के लिए अनुकरणीय हो। ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी बीके मधु दीदी ने कहां की गीता में भगवान द्वारा सिखाए गए राजयोग के नियमित अभ्यास से हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और हम दुख अशांति से सहज ही मुक्ति पा सकते हैं, जीवन की हर समस्या का समाधान इसमे है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया ने कहा कि यह बहने अपने जीवन को ईश्वरी सेवा में समर्पित कर-के लोक हित के लिए महान कार्य कर रही हैं इनका सभी को समर्थन व सहयोग अवश्य करना चाहिए। उसके पश्चात सरपंच हरिप्रसाद दांगी तथा ग्राम के गणमान्य लोगों द्वारा ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, ब्यावरा सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी,पचोर सेवाकेंद्र से वैशाली दीदी एवं ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी का सम्मान किया गया। अंत मे यज्ञकुंड में बुराइयों व व्यसनों को स्वाहा करवाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तत्पश्चात श्रीमद्भागवत की आरती के साथ श्रोताजन सुंदर भजनों पर थिरकते हुए दिखाई दिए। अंत में सभी ने महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन रामेश्वर दांगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम सहित आसपास के गांवो के श्रोतागण उपस्थित रहे।



## कांठेड़ का उत्कृष्ट सामाजिक कर्तव्य निर्वहन के किया सम्मान

**महिदपुर रोड़।** नगर जैन समाज के समाजसेवी जैन सोशल ग्रुप के संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश कांठेड़ का शुक्रवार को नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुखों सहित पत्रकारों ने सामाजिक दायित्व निर्वहन के क्षेत्र में उनकी सराहनीय सेवाओं के लिये उनका सम्मान किया तथा आगे भी उन्हें इसी तरह अपने दायित्व निर्वहन के प्रति समर्पण भावना से कार्य करते रहने का अनुरोध किया। इस दौरान पत्रकार दिनेश मंडोवरा प्रकाश जैन गोपाल उपाध्याय बसंत जैन आदि मौजूद रहे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने कन्या हाई स्कूल में किया वृक्षारोपण



**महिदपुर रोड।** बैंक ऑफ इंडिया के स्थानीय प्रबंधन द्वारा नगर के शासकीय कन्या हाई स्कूल,परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विनय शाक्य, क्रेडिट अधिकारी सोनू राठौड़, शाकिर हु सैन,लखन डांगी, अंतर आंजना उपस्थित रहे। प्राचार्य अनिल सेठिया, गोपाल तंवर, पूनम रॉय तथा संकेश चोरड़िया,निशा जाट,चंचल राठौड़ आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देख भाल करने का संदेश दिया। बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न बैंकिंग सेवाओं एवं जन कल्याण कारी योजनाओं की भी जानकारी स्कूली छात्राओं को दी गई।

## सोनी ने लोक सेवा आयोग की माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल की

**तराना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा खनिज साधन विभाग के अंतर्गत आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में नगर के विशाल सोनी पिता संजय सोनी,ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर 11वीं रैंक प्राप्त कर नगर एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। परिणाम घोषित होने के साथ ही उनके परिवार , मित्रों , शुभचिंतकों और नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**सुसनेर।** नगर के जामुनिया रोड क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक 24 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सुसनेर थाना प्रभारी अक्षय बैस एवं उप निरीक्षक सचिन धाकड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान महेंद्र पिता मुकेश पाटीदार (24 वर्ष) निवासी जामुनिया रोड के रूप में हुई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## किसान का बेटा बना थानेदार सब इंस्पेक्टर परीक्षा में सफलता प्राप्त की




**इंगोरिया।** मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसान का बेटा बना थानेदार। अंकित पिता अवंतिलाल त्रिवेदी सरसाना ने मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की सब इंस्पेक्टर परीक्षा में 530 अंक का स्कोर बना कर 87 प्रतिशत यू आर कैटिगरी में सफलता प्राप्त की। लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता, और साक्षात्कार के बाद मेरिट सूची में 47 वी पोजीशन हासिल की। अंकित त्रिवेदी की इस उपलब्धि से गांव में हर्ष व्याप्त है। इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों और परिजनों ने उनका सम्मान कर बधाइयां दी।

## चंबल बीहड योजना के तहत 400 विभिन्न प्रजातियों के लगायेगे पौधे

**महिदपुर रोड।** नगर के गोगापुर गांव के समीप स्थित संस्कार हाइट्स स्कूल परिसर में शुक्रवार को नगर के पत्रकारों की उपस्थिति में चंबल बीहड प्रोजेक्ट के तहत चार सौ से अधिक विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर पूरे परिसर को आच्छादित करने का संकल्प प्रोजेक्ट के संयोजक ने लिया। जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट के संयोजक योगेश जैन ने बताया वृक्षारोपण के दौरान आंच लिक पत्रकार संघ ब्लॉक महिदपुर रोड के अध्यक्ष योगेश जैन, पत्रकार सचिन भंडारी सहित बड़ी संख्या में ग्राम गोगापुर गांव के ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# दोस्त आकांक्षा रंजन के संगीत में आलिया ने दी परफॉर्मेंस

## माही वे गाने पर ब्राइड्समेड के साथ थिरकीं, जान्हवी, सोनाक्षी समेत कई सेलेब्स हुए शामिल







आलिया भट्ट की बेस्टफ्रेंड और एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन जल्द ही शादी करने वाली हैं। शुक्रवार को मुंबई में उनकी मेहंदी सेरेमनी और संगीत का आयोजन किया गया, जिसमें आलिया भट्ट, सोनाक्षी सिन्हा, जान्हवी कपूर, वाणी कपूर, गुरू रंधावा समेत कई सेलेब्स शामिल हुए हैं। इस दौरान आलिया ने दोस्त के लिए डांस परफॉर्मेंस दी है।

आलिया भट्ट ने आकांक्षा रंजन की बहन अनुष्का रंजन, आदित्य सील और वाणी कपूर के साथ शाहरुख खान की फिल्म कल हो न हो के गाने माही वे पर परफॉर्मेंस दी है। आलिया भट्ट ने आकांक्षा की संगीत सेरेमनी में पर्पल बनारसी साड़ी को वेस्टर्न स्टाइल में स्टाइल किया है। स्लीक बन, मिनिमल मेकअप और जूलरी के साथ आलिया ने लुक कंप्लीट किया है। आलिया भट्ट और आकांक्षा रंजन बचपन की दोस्त हैं। दोनों अक्सर साथ पार्टी करते और वेकेशन पर जाती हैं। आकांक्षा से पहले उनकी बहन अनुष्का की शादी में भी आलिया बढ़-चढ़कर शामिल हुई थीं। उन्होंने अनुष्का की संगीत में छलका रे गाने पर परफॉर्मेंस दी थी।

आकांक्षा रंजन एक्टर और डायरेक्टर शशि रंजन की छोटी बेटी हैं, जबकि उनकी मां अनु रंजन इंडियन टेलीविजन एकेडमी की फाउंडर हैं। आकांक्षा की बड़ी पहन अनुष्का रजंन की शादी, एक्टर आदित्य सील से हुई है, जो तुम बिन 2 में नजर आ चुके हैं।



# अजय देवगन की मूवी में भोजपुरी सिंगर की एंट्रीः

पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, अक्षरा सिंह के बाद अब भोजपुरी के एक और सिंगर नीलकमल सिंह की बॉलीवुड में एंट्री हो गई है। अजय देवगन की मूवी धमाल-4 सिनेमाघरों में शुक्रवार को रिलीज हुई है। रिलीज से पहले मूवी का गाना चटनी सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसे बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के रहने वाले भोजपुरी सिंगर नीलकमल सिंह ने आवाज दी है। नीलकमल सिंह के 'चटनी' गाने को यूट्यूब पर 20 दिनों में 21 मिलियन लोग देख चुके हैं। गाने में फीमेल सिंगर के रूप में ममता शर्मा की आवाज है। गाने को धीरज बबुआन ने लिखा है, जबकि म्यूजिक नीलकमल सिंह और आदित्य देव ने दिया है। गाने को राहुल शेट्टी ने कोरियोग्राफ किया है। धमाल-4 में अजय देवगन के साथ, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा के साथ-साथ ईशा गुप्ता, संजीदा शेख, रवि किशन मुख्य कैरेक्टर में हैं। फिल्म को इंद्र कुमार ने डायरेक्ट किया है। नीलकमल सिंह ने अब तक किसी भोजपुरी मूवी में काम नहीं किया है। वो सीधे बॉलीवुड में सिंगर और एक्टर के तौर पर एंट्री की है।

## 'धमाल-4' का 'चटनी' गाना कैसे मिला?

नीलकमल सिंह के बड़े भाई राजकमल सिंह ने बातचीत में बताया कि हम लोगों ने शुरुआत से म्यूजिक के बीट और वीडियो पर फोकस किया। भोजपुरी के बीट अलग होते हैं और वेस्टर्न म्यूजिक के बीट अलग होते हैं। 10 से अधिक गानों में हम लोग वेस्टर्न बीट यूज किए हैं। हम लोगों के कुछ गाने वायरल होने लगे तो टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार ने मिलने के लिए बुलाया। भूषण कुमार ने नीलकमल के गानों की तारीफ की और कहा कि जब हिंदी में गाते हो तो तुम्हें हिंदी में भी ट्राई करना चाहिए। राजकमल बताते हैं कि भूषण कुमार की टी-सीरीज के बैनर तले करीब एक साल पहले एक गाना आया, जिसके बोल लड़की दिवानी था। इस गाने में नीलकमल के साथ बॉलीवुड स्टार सनी लियोनी भी थी। ये गाना काफी हिट हुआ।

# सलमान ने बेचा अपना बांद्रा में स्थित एक और अपार्टमेंट



सलमान खान ने मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित शिव-अस्थान हाइट्स में अपना एक अपार्टमेंट 3.50 करोड़ रुपए में बेच दिया है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने यह अपार्टमेंट साल 2015 में 2.88 करोड़ रुपए में खरीदा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह डील 9 जुलाई को हुई थी। अपार्टमेंट को मुनीरा अकबरअली डंडावाला, महदियाली अकबरअली डंडावाला और जेहरा महदियाली डंडावाला ने मिलकर खरीदा था।

इस ट्रांजैक्शन पर 21 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी और 30,000 रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस दी गई थी। हालांकि, आधिकारिक तौर पर सलमान की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया।

डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, अपार्टमेंट का कारपेट एरिया 758 स्क्वेयर फीट है और इसमें दो कार पार्किंग स्पेस भी हैं। इस ट्रांजैक्शन के हिसाब से, कीमत लगभग 46,000 रुपए प्रति स्क्वेयर फीट कारपेट एरिया थी। सलमान खान लंबे समय से बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में अपने परिवार के साथ रहते हैं। जुलाई 2025 में भी उन्होंने बांद्रा वेस्ट के शिव-अस्थान हाइट्स में स्थित 1,318 वर्ग फुट का एक अपार्टमेंट 5.35 करोड़ रुपए में बेचा था।

वहीं 16 जून 2026 में खान परिवार को महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी से बांद्रा के चिम्बई इलाके में ब्लिडिंग बनाने की मंजूरी मिली थी।

रिपोर्ट के अनुसार, यह नया प्लॉट गैलेक्सी अपार्टमेंट से कुछ सौ मीटर की दूरी पर है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नया प्लॉट सलमान की मां सलमा खान के नाम पर है।

मीटिंग के रिकॉर्ड में बताया गया है कि यहां 1956 से पहले बना दो मंजिला मकान था। यह जमीन पहले मैरी क्लोटिल्डा बैपटिस्टा के नाम थी। बाद में कई बार मालिक बदले और 2011 में खान परिवार ने इसे खरीद लिया। पुरानी बिल्डिंग जर्जर होने के कारण उसे गिरा दिया गया था। अब इस प्लॉट पर ग्राउंड, स्टिल्ट और छह मंजिला रेजिडेंशियल बिल्डिंग बनाई जाएगी।

Sport

# जोकोविच विंबलडन सेमीफाइनल हारे, 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना टूटा

## 15 साल छोटे सिनर ने सीधे सेटों में हराया, तेंदुलकर-गिल रोजर फेडरर से मिले

एजेंसी ▶▶ लंदन

39 साल के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का 25वां ग्रैंड स्लैट जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया है। वे विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में खुद से 15 साल छोटे 24 साल के जैनिक सिनर से सीधे सेटों में हार गए। सर्बिया के जोकोविच ने पिछला ग्रैंड स्लैम 3 साल पहले 2023 में जीता था। तब वे यूएस ओपन में चैंपियन बने थे।

लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब में शुक्रवार को इटली के सिनर ने जोकोविच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वे लगातार दूसरे साल फाइनल में पहुंचे हैं। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने पिछले साल स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराया था। इस बार सिनर का मुकाबला रविवार को जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। सिनर ने सेमीफाइनल मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने जोकोविच को लगातार तीन सेटों में 2 घंटे 20 मिनट चले मैच में मात दी। इस जीत के साथ सिनर इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में मिली 5 सेटों की हार का भी बदला ले लिया। जोकोविच अब तक 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं।



# स्पेन फुटबॉल वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचा

एजेंसी ▶▶ बेल्जियम

2010 की चैंपियन स्पेन फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने शुक्रवार रात दूसरे दूसरा क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 2-1 से हराया। अब उसका सामना फ्रांस से होगा। यह मैच 14 जुलाई की रात 12:30 बजे खेला जाएगा। लॉस एंजिल्स स्टेडियम में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला 87 मिनट तक 1-1 से बराबरी पर था। 88वें मिनट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने विजयी गोल दागा। स्पेन के पाउ क्यूबार्सी की किक बेल्जियम के रिजर्व गोलकीपर सेने लामेन्स के हाथ से छूट गई।

## लॉड्र्स विमेंस टेस्ट: भारत 285 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▶▶ लंदन

लॉड्र्स में खेले जा रहे पहले महिला टेस्ट में भारत की पहली पारी 285 रन पर सिमट गई। पहले दिन ओपनर स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने फिफ्टी लगाई। इंग्लैंड के लिए स्पिनर सोफी एक्लेस्टन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जवाब में इंग्लैंड ने दिन की समाप्ति पर 1 विकेट खोकर 21 रन बना लिए हैं। अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेल रही टैमी ब्यूमोंट सिर्फ 2 रन बनाकर क्रांति गौड़ की गेंद पर छइह आउट हुईं। माया बाउशियर 17 रन और हीदर नाइट 1 रन बनाकर खेल रही हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरूआत खराब रही। शेफाली वर्मा दूसरे ओवर में बिना खाता खोले लॉरेन फिलर की बॉल पर आउट हुईं।

# अनिमेष विदेश में सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने वाले भारतीय

एजेंसी ▶▶ वेट्जलार (जर्मनी)

अनिमेष कुजूर विदेश में सबसे तेज 100 मीटर दौड़ने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने शुक्रवार को जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर में 100 मीटर दौड़ 10.14 सेकेंड में पूरी की।

23 साल के अनिमेष ने विदेश में सबसे तेज दौड़ने के मामले में अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया है। यह उनका पर्सनल बेस्ट भी है। वह फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। साउथ अफ्रीका के आर. म्लेंगा 10.03 सेकेंड के साथ पहले स्थान पर रहे। अनिमेष का 10.14 सेकेंड का समय भारत के इतिहास का दूसरा सबसे तेज 100 मीटर प्रदर्शन है। नेशनल रिकॉर्ड 10.09 सेकेंड का है, जिसे गुरिंदरवीर सिंह ने इसी साल रांची में फेडरेशन कप में बनाया था। मई में फेडरेशन कप के दौरान भारतीय स्प्रिंट में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। गुरिंदरवीर सिंह ने 10.17 सेकेंड का समय निकाला और अनिमेष का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद अनिमेष ने 10.15 सेकेंड दौड़कर उससे बेहतर प्रदर्शन किया। अगले ही दिन गुरिंदरवीर ने 10.09 सेकेंड का समय निकालकर भारत के सबसे तेज धावक बने।




**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क
9827820470

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें
एडवोकेट विजय पटेल
मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा
अंकपत मार्ग उज्जैन
मोबाइल- 9301322699

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

INDORE METROPOLITANE DHAR • JHABUA • ALIRAJPUR



## न्यूज कॉलम

### आईडीए की फर्जी एनओसी से नक्शा पास कराने की कोशिश, महिला सहित 3 गिरफ्तार

**इंदौर।** आईडीएम के नाम से फर्जी एनओसी तैयार कर नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय से नक्शा स्वीकृत कराने का प्रयास करने वाले गिरोह का तुकोगंज पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में कार्रवाई की है। आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी की शिकायत पर थाना तुकोगंज में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने स्कीम 97/4 स्थित ग्राम हुक्माखेड़ी की भूमि पर आवासीय नक्शा मंजूर कराने के लिए आईडीए अधिकारी के नाम से फर्जी एनओसी तैयार की और उसे नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय, इंदौर में प्रस्तुत कर धोखाधड़ीपूर्वक नक्शा पास कराने का प्रयास किया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आजाद नगर निवासी सानिया शेख, शांतिदीप कॉलोनी निवासी राजा सिंह तथा निपानिया निवासी पंकज व्यास शामिल हैं।

### कपड़ा व्यापारियों को धोखा देने वाला मुख्य आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

**इंदौर।** राजबाड़ा इलाके के कुछ रेडिमेड व्यापारियों के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच ने हैदराबाद से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी को इंदौर लाए। अब उससे पूछताछ कर रहे हैं। इंदौर क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा 26 मार्च 2025 को राजबाड़ा के रेडिमेड कपड़ा व्यापारी मुकेश जैन सहित 16 व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर ऑफिस में उनके साथ हुई ठगी की शिकायत की। शिकायत में बताया दलाल अशोक गोपलानी व उसके साथी कार्तिक ने खुद को बाहर की प्रतिष्ठित व्यापारिक फर्मों से जुड़े होने का विश्वास दिलाया और इंदौर के व्यापारियों को मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, तेलंगाना और राजस्थान की विभिन्न फर्मों से व्यापार कराया और 30 से 45 दिनों में सभी पेमेंट का आश्वासन दिया। दलालों के विश्वास में आकर व्यापारियों ने विभिन्न फर्मों को लगभग 1.70 करोड़ रुपए का रेडिमेड गारमेंट्स, ड्रेस मटेरियल व अन्य कपड़ा सामग्री उधार में भेजी। इनमें से हैदराबाद स्थित रॉयल क्रिएशन के संचालक मोहम्मद अकरम ने अकेले 40 लाख रुपए का माल लिया, लेकिन तय समय के बाद भी पेमेंट नहीं किया।

### शहर में बारिश में गड्ढों और जल भराव को लेकर हाईकोर्ट ने फिर सख्त रुख अपनाया

**इंदौर।** शहर में बारिश में गड्ढों और जल भराव को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने दायर विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन और नगर निगम से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। दरअसल पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शहर में ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए तत्काल प्रभाव से अंतरिम व्यवस्थाएं लागू की जाएं और 36 आटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नलों को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से चालू करने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही राज्य शासन और यातायात विभाग को पर्याप्त ट्रैफिक बल उपलब्ध होने तक स्वयंसेवकों की सहायता से यातायात संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे। आज सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संस्था राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया और एडवोकेट शिरीन सिलावट ने तर्क रखे। एक अन्य जनहित याचिका में एडवोकेट मनीष यादव ने बारिश में खराब सड़कें, गड्ढे और जल जमाव को हो रही परेशानी को लेकर पक्ष रखा।

### दोस्त के घर के बाहर रखी बाइक का लॉक तोड़कर ले गए बदमाश

**धार।** धार जिले के नौगांव थाना क्षेत्र स्थित राधा नगर से एक पल्सर बाइक चोरी हो गई। यह घटना घर के बाहर खड़ी बाइक का लॉक तोड़कर अंजाम दी गई। चोरी की पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चिकलिया निवासी अनिल गिरवाल ने बताया कि वे दूध का व्यवसाय करते हैं। शुक्रवार को वे अपने काम से निकले थे और अपनी पल्सर बाइक राधा नगर स्थित अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात लौटने पर उन्हें बाइक वहां नहीं मिली। आसपास तलाश करने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें तीन बदमाश बाइक का लॉक तोड़कर उसे ले जाते हुए दिखाई दिए। अनिल गिरवाल के अनुसार, चोरी हुई पल्सर बाइक की कीमत लगभग 1.50 लाख रुपए है। इस घटना के बाद उन्होंने नौगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। नौगांव थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### 120 करोड़ के रेलवे ओवरब्रिज पर 4 महीने में गड्ढे होने से गिट्टी दिखाई देने लगी

**धार।** धार के नौगांव क्षेत्र में इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर रेलवे द्वारा करीब 120 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए ओवरब्रिज की सड़क महज चार महीने में ही उखड़ने लगी है। कई स्थानों पर डामर निकलने से गड्ढे बन गए हैं और नीचे की गिट्टी दिखाई देने लगी है। दूसरी लेन शुरू नहीं होने के कारण दोनों ओर का ट्रैफिक एक ही लेन से गुजर रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। रेलवे ट्रैक की टेस्टिंग के लिए मार्च में ओवरब्रिज को यातायात के लिए खोला गया था। जून में इसकी दूसरी लेन भी शुरू किए जाने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया है। दूसरी लेन बंद होने से दोनों दिशाओं का पूरा ट्रैफिक एक ही लेन पर डायवर्ट किया जा रहा है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क की ऊपरी परत तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है। एक ही लेन पर दोतरफा यातायात होने से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। उखड़ी सड़क से उड़ती धूल और बाहर निकली गिट्टी दोपहिया वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

### झाबुआ जिले के प्रभारी मंत्री शाह ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया भी उपस्थित थीं। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए डॉ. शाह ने चिकित्सकों के रिक्त पदों पर चिंता व्यक्त की। जिले में प्रथम श्रेणी चिकित्सकों के 85 स्वीकृत पदों में से 57 पद खाली हैं। उन्होंने इन रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए शासन स्तर पर तत्काल प्रस्ताव भेजने और पूर्व में भेजे गए प्रस्तावों की अद्यतन स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल उन्मूलन अभियान की प्रगति की सराहना की और पारा स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक को सम्मानित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए गर्भवती महिलाओं के 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

### फसल बर्बाद करने और जमीन हड़पने के मामले में लगाई न्याय की गुहार

**झाबुआ।** झाबुआ दौरे पर आए प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह से पेटलावद क्षेत्र के दो किसानों ने मुलाकात की। पीड़ित किसानों ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर अपने साथ हुई ज्यादती की शिकायत की। किसानों ने फसल बर्बाद करने और जालसाजी कर जमीन हड़पने के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की मांग की है। पहला मामला ग्राम सारंगी का है, जहां किसान गोवर्धन ने गांव की सरपंच के पति बद्रीलाल मेडा पर आरोप लगाया है। किसान के मुताबिक, 6 जुलाई को उसकी पुश्तैनी जमीन पर बोई गई मक्के की फसल पर आरोपी ने ट्रैक्टर चलवाकर उसे नष्ट कर दिया। इससे किसान को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पक्ष के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। दूसरा मामला ग्राम छोटा हथनीपाडा के किसान मकना गणावा का है। उन्होंने पेटलावद सिविल अस्पताल के डॉक्टर नरसिंह डाबी और उनके साथियों पर फर्जी रजिस्ट्री के जरिए जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है और हाई कोर्ट से भी उनकी अग्रिम जमानत खारिज हो चुकी है। पीड़ित का आरोप है कि जमानत खारिज होने के बाद भी पुलिस आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार नहीं कर रही है, बल्कि शिकायत वापस लेने का दबाव बना रही है।

दतिया विधानसभा में टिकट विवाद पर बोले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, आशुतोष तिवारी भारी मतों से जीतेंगे

# टिकट घोषित होने के बाद बदलने की परंपरा भाजपा में नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद सामने आई नाराजगी पर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक व्यवस्था है और कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सभी मतभेद दूर करेगा और आशुतोष तिवारी भारी मतों से चुनाव जीतेंगे।

विजयवर्गीय ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों की नाराजगी भाजपा के लिए कोई असामान्य स्थिति नहीं है। पार्टी सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी और संगठन के निर्णय का सम्मान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हर



फैसला पूरी प्रक्रिया और विचार-विमर्श के बाद लेती है तथा पार्टी का निर्णय सभी के लिए सर्वोपरि होता है।

**'नरोत्तम मिश्रा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता'**– कैलाश विजयवर्गीय ने नरोत्तम मिश्रा की सराहना करते हुए कहा कि वे भाजपा के वरिष्ठ और समर्पित नेता हैं तथा पार्टी के निर्णय का सम्मान करेंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं भी नरोत्तम मिश्रा से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बातचीत नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर हजारों कार्यकर्ता चुनाव लड़ने की तैयारी करते हैं, लेकिन उम्मीदवार का चयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के तहत होता है। टिकट घोषित होने के बाद उसे बदलने की परंपरा भाजपा में नहीं रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें नहीं लगता कि दतिया का टिकट बदला जाएगा। उनके अनुसार आशुतोष तिवारी पूर्व संगठन मंत्री रह चुके हैं और पार्टी के मजबूत कार्यकर्ता हैं।

#### साइकिल यात्रा पर भी साधा निशाना

जीतू पटवारी की प्रस्तावित साइकिल यात्रा पर टिप्पणी करते हुए विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि इससे पहले राहुल गांधी ने भी लंबी यात्राएं निकाली थीं, लेकिन उससे देश की राजनीति पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के शीर्ष नेता की यात्रा से कोई विशेष बदलाव नहीं आया, तो जीतू पटवारी की साइकिल यात्रा से भी कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है।

#### जीतू पटवारी के भाई के ड्रग्स मामले पर कांग्रेस पर निशाना

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई द्वारा पूर्व में ड्रग्स लेने की बात स्वीकार किए जाने के मुद्दे पर भी कैलाश विजयवर्गीय ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जैसे पद पर बैठे व्यक्ति को दूसरों पर टिप्पणी करने से पहले अपने घर की स्थिति भी देखनी चाहिए।
- उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी के भाई ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह पहले ड्रग्स का सेवन करते थे और अब शराब भी नहीं पीते। विजयवर्गीय ने कहा कि यह उनका निजी मामला है, लेकिन जब स्वयं स्वीकारोक्ति हो चुकी है तो इस पर अधिक कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है।

# पोस्टल असिस्टेंट महिला की घर में हत्या

## स्कूल से लौटकर घर पहुंचे बच्चों ने खून से लथपथ मां का शव देखा, पिता गायब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

डाककुंज कॉलोनी के ग्राउंड फ्लोर स्थित सरकारी आवास में शनिवार को पोस्टल असिस्टेंड डाक विभाग की उर्मिला सैनी (38) की हत्या हो गई। स्कूल से लौटे दोनों बच्चों ने घर के भीतर अपनी मां का खून से लथपथ शव देखा। घटना के बाद से महिला का पति लापता है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मां का खून से लथपथ शव देखकर बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। उन्होंने अपने नाना को कॉल कर घटना की जानकारी दी। इस बीच आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के घर वालों ने पति पर आए दिन झगड़ा करने के आरोप लगाए हैं। उनके पति अखिलेश सैनी के बारे में परिजनों का कहना है कि वह कोई काम नहीं करते थे। अनुमान है कि आपसी विवाद में और तात्कालिक आवेश में आकर अखिलेश ने पत्नी की हत्या कर दी और भाग गया।

परिजनों के अनुसार घटना के समय दोनों बच्चे स्कूल में थे। शनिवार को अखिलेश सुबह 9 बजे स्कूल पहुंचे और बच्चों से कहा



कि वह और उनकी मां भोपाल जा रहे हैं। तुम अपनी मौसी के घर चले जाना और बताया कि उनकी एक्टिवा स्कूल में ही खड़ी रहेगी। उन्होंने बेटी को एटीएम कार्ड और जेवरातों की जानकारी के साथ चाबी दी। हालांकि स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे मौसी के घर जाने के बजाय सीधे अपने घर पहुंच गए। बेटी बड़ी है और 9वीं क्लास में पढ़ती है, जबकि छोटा बेटा चौथी क्लास में पढ़ाई कर रहा है। सूचना मिलने पर संयोगितागंज थाना पुलिस, पलासिया थाना पुलिस, एसीपी निधि दंडोतिया और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों और परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। महिला के रिश्तेदारों ने भी आरोप लगाया कि अखिलेश और उर्मिला के बीच आए दिन झगड़े होते थे। प्रारंभिक जांच में पुलिस आपसी विवाद को घटना का संभावित कारण मानकर जांच कर रही है। हालांकि हत्या की वास्तविक वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल पुलिस फरार पति की तलाश कर रही है और मामले की सभी पहलुओं से जांच जारी है।

#### तेज आवाज में चल रहा था टीवी

दोपहर करीब एक बजे जब बच्चे घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा खुला था और अंदर तेज आवाज में टीवी चल रहा था। घर के भीतर पहुंचने पर उन्होंने अपनी मां का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। घबराए बच्चों ने अपने नाना सत्यनारायण मालाकार को फोन कर घटना की जानकारी दी। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। नजदीकी लोगों ने बताया कि उर्मिला एमजी रोड स्थित डिविजनल ऑफिस में पोस्टल असिस्टेंट थीं' उनके दोनों बच्चे काफी होनहार हैं बेटी स्कूल में बेस्ट गर्ल स्टूडेंट के रूप में है इसके साथ ही वह यूट्यूब पर प्रमोशन करती है पति वर्क फ्रॉम होम में अगरबत्ती ट्रेडिंग का काम करता है और पत्नी पर शक करता था भोपाल में रहने के दौरान भी उसने विवाद किया था और बात थाने तक पहुंची थी फिर बाद में समझौता हो गया था।

राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का हमला

# दोषियों पर कार्रवाई हो, ट्रस्ट भंग कर निष्पक्ष जांच हो : हरीश चौधरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला है। इंदौर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले की निष्पक्ष जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जानी चाहिए।

हरीश चौधरी ने आरोप लगाया कि देशभर के लोगों ने भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया था, लेकिन अब उसी मंदिर से आर्थिक अनियमितताओं और कथित घोटाले की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल वित्तीय गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं और विश्वास के साथ किया गया गंभीर




विश्वासघात है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया कि जब राम मंदिर ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार की देखरेख में हुआ और उसकी कार्यप्रणाली पर प्रधानमंत्री कार्यालय की निगरानी रही, तो सामने आए आरोपों की जवाबदेही कौन तय करेगा। उन्होंने यह भी पूछा कि यदि सभी कार्य पारदर्शी तरीके से हुए हैं तो ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के इस्तीफे क्यों हुए। कांग्रेस ने पूरे मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने, दोषियों की गिरफ्तारी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग कर नया पारदर्शी ट्रस्ट गठित करने तथा मंदिर से जुड़े सभी चंदों, चढ़ावों, भूमि खरीद और खर्चों का फोरेंसिक ऑडिट कराने की मांग की है।

# पर्यटन स्थल जाम गेट पर ऑटो पलटने से 5 घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महू

महू-मंडलेश्वर मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जाम गेट पर शुक्रवार शाम एक रिक्शा बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में रिक्शे में सवार पांच युवक घायल हो गए। रिक्शा पलटने के कारण सभी युवक उसके नीचे दब गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हादसा होते ही जाम गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड और वहां मौजूद स्थानीय राहगीर तुरंत मदद के लिए दौड़े। लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए पलटे हुए रिक्शे को ऊपर उठाया और उसके नीचे दबे सभी घायल युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। जाम गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड जितेंद्र ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार शाम को हुआ था। रिक्शे में सवार सभी युवक घाट के नीचे खरगोन जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो घूमने के लिए किराए से ऑटो लेकर आए थे। सभी को इलाज के लिए मंडलेश्वर अस्पताल भेज दिया गया है। शनिवार को इस हादसे का एक वीडियो शनिवार को सामने आया है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दुर्घटना के बाद सुरक्षा गार्ड और स्थानीय लोग मिलकर सूझबूझ के साथ रिक्शे के नीचे फंसे युवकों को बाहर निकाल रहे हैं।

हाई कोर्ट ने 14 साल की बेटी को शेल्टर होम से निकालकर पिता और बड़ी बहन को सौंपा

# मैं पापा के साथ सुरक्षित, मां के दबाव में लगाए थे आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने पॉक्सो मामले में आरोपी एक पिता को उसकी 14 वर्षीय बेटी की कस्टडी वापस सौंपने का आदेश दिया है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रह रही नौवीं क्लास की छात्रा की इच्छा और उसके भविष्य को देखते हुए यह फैसला किया।

पति-पत्नी के बीच साल 2020 से विवाद चल रहा था। 2021 में मां ने पति पर छोटी बेटी के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर पॉक्सो एक्ट के तहत केस



दर्ज करा दिया, जिसके कारण पिता को 51 दिन जेल में रहना पड़ा। साल 2025 में ट्रायल के दौरान बेटी ने कोर्ट को लिखित में दिया कि उसके पिता बेगुनाह हैं, उसने मां के दबाव में आकर बयान दिए थे। पिता के साथ रह रही बेटी को बाल संरक्षण समिति ने प्रशासनिक कार्रवाई के तहत शेल्टर होम भेज दिया था, जिसके खिलाफ पिता और बड़ी बहन ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।

#### कोर्ट ने बंद कमरे में सभी पक्ष से बात की

हाई कोर्ट ने फैसला सुनाने से पहले सभी पक्षों से बंद कमरे में अलग-अलग बातचीत की। कोर्ट में 14 वर्षीय बेटी ने कहा- पापा ने कभी मेरे साथ कुछ गलत नहीं किया। वे मेरी पढ़ाई और हर जरूरत का ध्यान रखते हैं। मैं उनके साथ पूरी तरह सुरक्षित हूं और उन्हीं के साथ रहना चाहती हूं। पेशे से इंजीनियर बड़ी बहन ने कहा- मां ने वैवाहिक विवाद के चलते छोटी बहन पर दबाव बनाकर पिता के खिलाफ झूठे बयान दिलवाए थे। पापा ने हमेशा हम दोनों बहनों का ख्याल रखा है।

#### हाई कोर्ट का फैसला और सुरक्षा के कड़े निर्देश

हाई कोर्ट ने माना कि दोनों बेटियां समझदार, शिक्षित और अपने भविष्य को लेकर सजग हैं। इसलिए बच्ची की इच्छा और उसके 'सर्वोत्तम हित' को प्राथमिकता देना जरूरी है। कस्टडी सौंपने के साथ ही कोर्ट ने दो अहम सुरक्षात्मक निर्देश भी दिए। कोर्ट ने कहा- बेटी को एक मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाए, जिसमें स्थानीय थाना प्रभारी का नंबर सेव हो, ताकि किसी भी जरूरत या परेशानी में वह सीधे पुलिस से संपर्क कर सके। हाई कोर्ट ने साफ किया कि यह आदेश सिर्फ बच्ची की कस्टडी (रहने के स्थान) को लेकर है। पॉक्सो केस की मुख्य सुनवाई कर रही निचली अदालत इस फैसले की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना अपना काम जारी रखेगी।

# बॉयफ्रेंड से बहुत प्यार करती हूं लिखकर बीसीए की छात्रा ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमआईजी थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय छात्रा ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा मूल रूप से राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर की रहने वाली थी और इंदौर में रहकर बीसीए की पढ़ाई के साथ एक प्रोफेशनल कोर्स भी कर रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह के अनुसार नेहरू नगर गली नंबर-2 में किराए से रहने वाली वैष्णवी पिता प्रांत बनावड़े एक निजी कॉलेज से बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह छप्पन दुकान क्षेत्र के पास वीएफएक्स की क्लास भी करती थी। पुलिस के मुताबिक करीब एक वर्ष पहले उसकी एक युवक से दोस्ती हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को युवती के परिचित युवक ने कई बार उसे फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह उसके किराए के कमरे पर पहुंचा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने और आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उसने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। दोनों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला तो युवती फंदे से लटकी मिली। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके की जांच के दौरान पुलिस को कमरे की दीवार पर चॉक से अंग्रेजी में लिखा एक संदेश मिला।

# क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आए 10 हजार के दो इनामी बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मंदसौर से 10-10 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया। लंबे समय से इनकी तलाश की जा रही थी। टीम को मंदसौर में इनकी लोकेशन मिली और दबिश देकर उन्हें धरदबोचा।

डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के मामले में क्राइम ब्रांच ने पूर्व में खालिद हुसैन पिता मुबारिक हुसैन, नदीम खान पिता अजीज खान को लगभग 151 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि शाहिद पिता युसूफ खान और महफूज पिता मुबारिक खान की भी इस मामले में संलिप्तता है। मगर दोनों लगातार फरार चल रहे थे। दोनों आरोपियों के गिरफ्तार नहीं होने पर इंदौर पुलिस ने 10-10 हजार का इनाम घोषित किया था। क्राइम ब्रांच की टीम एमडी ड्रग्स के मामले में लगातार इन दोनों आरोपियों की तलाश में लगी थी। मुखबीर की सूचना और टेक्निकल चीजों के आधार पर क्राइम ब्रांच को दोनों फरार आरोपियों के मंदसौर में छिपे होने की जानकारी मिली। टीम मंदसौर पहुंची और दोनों आरोपियों को धरदोबाचा और इंदौर ले आई। दोनों से पूछताछ कर एमडी ड्रग्स के स्त्रोत, सप्लाई नेटवर्क एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है और आगे की कार्रवाई कर रही है।













मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com